ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

25 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 275

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

ओड़िशा में मिसाइल टेस्टिंग, 10 हजार लोग शिफ्ट किये गये



## मुख्यमंत्री की मौजूदगी में होटल ताज के लिए हुआ एमओयू

# ताज होटल से राज्य को वैश्विक पहचान मिलेगी : हेमंत सोरेन

**सीएम ने कहा**

- नीतियां अच्छी हों तो लोगों को पलायन नहीं करना पड़ेगा
- देश के विकास में झारखंड का शुरू से रहा है अहम योगदान
- राज्य को नयी दिशा देने के लिए पूरी ताकत के साथ कार्य कर रही सरकार
- ताज होटल से पर्यटन विकास को बढ़ावा के साथ झारखंड को मिलेगी वैश्विक पहचान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में एक ऐसी व्यवस्था खड़ी करना चाहते हैं, जहां सभी की भागीदारी से झारखंड को एक नयी पहचान दे सकें। इसके लिए सरकार गठन के साथ ही आंतरिक संसाधनों का बेहतर से बेहतर सदुपयोग और यहां की प्रतिभाओं को तराशने के लिए एक-एक कड़ी को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि राज्य में विकास का नया आयाम दे सकें। मुख्यमंत्री बुधवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में होटल ताज के साथ एमओयू कार्यक्रम में बोल रहे थे। हेमंत ने कहा कि होटल ताज के साथ एमओयू के लिए लिए लंबे समय से प्रयास जारी था, जो अब साकार हो रहा है। आज का दिन काफी ऐतिहासिक और सुखद



अनुभव देनेवाला है। इस सुखद अनुभव में और भी इजाफा उस वक्त होगा, जब ताज होटल राज्यवासियों को समर्पित किया जायेगा। ताज होटल के स्थापित होने से पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलेगा, जिससे झारखंड को वैश्विक पहचान मिलेगी।

(शेष पेज 04 पर)

### दूसरे राज्यों और देश की बेहतर चीजों को ग्रहण करना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अक्सर सरकारी कार्यक्रमों और निजी वजह से भी अन्य राज्यों का भ्रमण करता रहता हूं। वहां कई कार्यक्रमों और गतिविधियों में भी शामिल होता हूं। वहां काफी कुछ जानने-समझने का मौका मिलता है। मेरा मानना है कि दूसरों की अगर अच्छी चीज हमारी व्यवस्था के लिए बेहतर होगी, तो उसे जरूर ग्रहण करना चाहिए। इससे राज्य और राज्यवासियों को बेहतर व्यवस्था देने और आगे ले जाने की राह प्रशस्त होगी।

## हेमंत कैबिनेट ने 30 प्रस्तावों को दी मंजूरी

# मंत्री और सचिव रैंक के अधिकारियों को 60-60 हजार का मोबाइल मिलेगा

- विधायक स्टीफन मरांडी 20 सूत्री ग्रामीण समिति के उपाध्यक्ष मनोनीत
- नयी नियुक्ति नहीं होने तक विभिन्न विद्यालयों में अनुबंध पर होंगे शिक्षक बहाल


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें मंत्री और सचिव रैंक के अधिकारी को 60 हजार का मोबाइल खरीदने समेत 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि मंत्री सहित सचिव स्तर के अफसरों को 60 हजार रुपये का मोबाइल सेट मिलेगा। साथ ही प्रतिमाह तीन हजार रुपये का रिचार्ज कूपन भी दिया जायेगा। वहीं विशेष सचिव रैंक के अफसरों को 45 हजार रुपये का मोबाइल सेट पर प्रतिमाह दो हजार रुपये का रिचार्ज कूपन दिया जायेगा। अवर सचिव सहित गजेटेड रैंक के अफसरों को 30 हजार रुपये का मोबाइल सेट और प्रतिमाह 750 रुपये प्रतिमाह का रिचार्ज कूपन दिया जायेगा।

कैबिनेट सचिव ने बताया कि विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी को 20 सूत्री की ग्रामीण समिति के उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। वहीं, कैबिनेट ने शेख भिखारी मेडिकल कालेज में नर्सिंग कालेज में 42 नये पदों के सृजन की मंजूरी दी। वहीं, नयी नियुक्ति नहीं होने तक विभिन्न विद्यालयों में अनुबंध पर शिक्षकों को बहाल किया जायेगा। ग्राम गाड़ी योजना के लाभुकों को परिचय पत्र दिया जायेगा। राज्य के सरकारी अस्पतालों के ऑपरेशन मेंटेनेंस और रखरखाव के लिए प्रतिवर्ष पांच करोड रुपये दिये जायेंगे। वहीं कैबिनेट ने झारखंड राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड के विघटन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके सभी कर्मियों को दूसरे विभाग में सामायोजित किया जायेगा।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- रांची शहर के सभी सरकारी भवनों से निकलने वाले कूड़ा कचरा को रीसायकल करने के लिए डीपीआर तैयार किया जायेगा।
- राजकीय सरकारी कर्मचारियों को एचआरए और डीए में बढ़ोत्तरी की मंजूरी दी गयी।
- पीजीटी और घर विद्युतीकरण एरिया का विद्युतीकरण किया जायेगा।
- फरक्का ललमटिया ट्रांसमिशन लाइन का पुनर्स्थापन होगा।
- मुख्यमंत्री बहन-बेटी योजना का नाम बदल कर झारखंड मुख्यमंत्री मैया योजना करने की मंजूरी।
- श्रवणी मेला में 19 अगस्त तक 27 अस्थायी मेला ओ0पी0 और 17 अस्थायी यातायात ओ0पी0 के गठन की मंजूरी।
- गढ़वा में बढ़गढ़ थाना को मंजूरी और बड़कागांव के सिकरी में ओपी बनेगा।
- झारखंड कारा विधेयक को मंजूरी दी गयी।
- सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्राध्यापक, सह प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति नियमावली, 2024 की स्वीकृति।
- झारखंड राज्य के पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए पांच इकाई आवासीय विद्यालयों के निर्माण एवं संचालन की स्वीकृति से संबंधित निर्गत विभ्रागीय संकल्प को संशोधित करने की स्वीकृति।
- सरला बिरला विश्वविद्यालय अधिनियम, 2017 के अंग्रेजी पाठ में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।




# झारखंड में मतदाताओं की अप्रत्याशित वृद्धि की जांच हो : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मख्य चुनाव आयुक्त से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड के कुछ विधानसभा क्षेत्रों के बूथों पर मतदाताओं की अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस संबंध में पूरी रिपोर्ट राज्य चुनाव आयोग को दी गयी है। अब नयी दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र देकर जांच की मांग की गयी है। प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने



बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की। उन्हें इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया है। प्रतिनिधिमंडल में बाबूलाल मरांडी के अलावा नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा और विधायक अनंत ओझा शामिल थे।


चुनाव आयुक्त को दिये ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव 2019 की अपेक्षा लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित बृद्धि के संबंध में दिनांक 16 जुलाई 2024 को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिल कर उन्हें एक पत्र दिया, जिसकी प्रति संलग्न है। इसी संदर्भ में दिनांक 28 जून 2024 को राजमहल के विधायक अनंत ओझा के द्वारा भी झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया। उसकी भी प्रति संलग्न है। इन दोनों पत्रों में जिन बिंदुओं को अंकित किया गया है, वे अति गंभीर हैं। मतदाताओं की संख्या में अप्रत्यशित वृद्धि के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल रही है, जो चिंताजनक है, इसलिए इसकी जांच आवश्यक है।

### बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के जेलर निलंबित

**रांची (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के जेलर मुस्तकीम अंसारी को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। उन पर आरोप है कि वे बगैर अनुमति के लंबी छुट्टी पर चले गये थे। इसकी जांच करायी गयी और आरोप की पुष्टि के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया।

### नेपाल में प्लेन क्रैश 18 लोगों की मौत पायलट घायल

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में एक विमान क्रैश हो गया। प्लेन में सवार 19 लोगों में से 18 की मौत हो गयी। वहीं, घायल पायलट कैप्टन एम. शाक्य को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया है। प्लेन काठमांडू से पोखरा जा रहा था। प्लेन ने बुधवार सुबह करीब 11 बजे त्रिभुवन एयरपोर्ट से उड़ान भरी। इसके कुछ ही देर बाद यह क्रैश हो गया। 9एन-एएमइ प्लेन सौर्य एयरलाइंस का था। हादसे में मारे गये लोगों में से 17 सौर्य एयरलाइंस के ही स्टाफ थे, जबकि बाकी 2 क्रू मेंबर्स थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 65,700 रु./10 ग्राम
चांदी 88,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड का भला नहीं करेगी नेताओं-अफसरों की बदजुबानी

## ■ दुर्भाग्यपूर्ण है धनबाद सांसद और डीसी-एसपी के बीच की जुबानी जंग

## ■ विधायक भानु ने सीएम के खिलाफ टिप्पणी कर अपना ही नुकसान किया

भारतीय राजनीति के आधुनिक काल, यानी नयी सदी के बाद की राजनीति का यदि इतिहास लिखा जायेगा, तो उसका एक बड़ा हिस्सा सांसदों-विधायकों से लेकर राजनेताओं की बदजुबानी और भाषायी मर्यादा टूटने का होगा। देश के 28वें राज्य के रूप में उभरे झारखंड में भी नेताओं और सांसदों-विधायकों की बदजुबानी नयी बात नहीं है। अब तो अफसर भी इस दलदल में फंसते नजर आ रहे हैं। हाल में झारखंड की तीन घटनाएं बताती हैं कि राजनीति में सहनशीलता और भाषायी मर्यादा की दीवार का अब कोई अस्तित्व नहीं रहा है। कहीं सांसद एक एसपी को भला-बुरा कह देता है, तो जवाब में डीसी-एसपी भी उसी भाषा में सांसद को जवाब दे देते हैं, तो राज्य का एक विधायक अपने ही राज्य के मुख्यमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर विवादों में घिर जाते हैं। झारखंड जैसे गरीब और पिछड़े राज्य में इस तरह की बदजुबानी अब सीमाएं पार करने लगी हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब किसी सांसद या विधायक ने अधिकारियों या अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया हो, लेकिन आक्रामक राजनीति के इस दौर में इस तरह की घटनाएं कहीं से भी समाज में अच्छा संकेत नहीं देती हैं। यह सही है कि सांसद और विधायक अपने क्षेत्र के लोगों के लिए किसी से भी भिड़ने को तैयार रहते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें अपनी मर्यादा का ध्यान रखना ही चाहिए। इसी तरह नौकरशाहों को भी सार्वजनिक मंच से बोलते समय अपनी सीमाओं का ध्यान रखना जरूरी है, वरना पूरी व्यवस्था बेपटरी हो जायेगी। क्या हैं ये दो घटनाएं और क्या है इस बदजुबानी के पीछे का मनोविज्ञान, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह



झारखंड में इन दिनों दो-तीन घटनाओं की बहुत चर्चा है। ये तीन घटनाएं सांसद-विधायक और डीसी-एसपी द्वारा अपनी-अपनी सीमाओं के उल्लंघन और भाषायी मर्यादा को तोड़ने से संबंधित हैं।

### पहली घटना : सांसद ढुल्लू महतो ने एसपी को सुनायी खरी-खोटी

पहली घटना बोकारो की है, जहां 18 जुलाई को शंकर रवानी नाम के एक शख्स की हत्या के बाद धनबाद सांसद ढऊल्लू महतो ने एसपी पूज्य प्रकाश को फोन पर खूब खरी-खोटी सुनयी। सांसद ने एसपी के साथ सार्वजनिक रूप से तू-तड़ाक कर बात की। इस क्रम में उन्होंने एसपी से कहा: यहां व्यक्तिगत रूप से तुम नेतागिरी कर रहा है। छोटा-मोटा केस में तुरंत एक्टिव हो जाता है और हत्या केस में कान में तेल देकर सोया रहता है। हम पहले भी तुमको फोन किये थे न कि नहीं किये थे। इस वर्दी के लायक नहीं हो तुम। तुमको कोई काम करना नहीं है। सिर्फ क्राइम बढ़ाना है।

### दूसरी घटना: डीसी-एसपी ने सांसद को दिया जवाब

इसके दो दिन बाद 20 जुलाई को बोकारो में जिला समिति दिशा की बैठक के दौरान जब सांसद ढुल्लू महतो ने एक बार फिर यह मुद्दा उठाया, तो एसपी पूज्य प्रकाश ने उन्हें जम कर सुनाया। एसपी ने कहा: आप भी लोक सेवक हैं। मैं भी लोक सेवक हूं। आपने मेरे साथ जिस भाषा का इस्तेमाल किया, यदि मैं चाहता तो उसी भाषा में आपको जवाब दे सकता था। इसके बाद डीसी विजया जाधव ने भी कहा कि किसी को भी अधिकारियों को अपमानित करने का अधिकार नहीं है। हर किसी को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए।

### तीसरी घटना: विधायक भानु ने सीएम के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की

तीसरी घटना रांची में 20 जुलाई की है। उस दिन प्रदेश भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उसमें शामिल थे। उनके सामने भाषण देते हुए भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर दी। विधायक ने कहा: हम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गट्टा पकड़ कर कुर्सी से नीचे उतार देंगे। उनके इस बयान के कारण उनके खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज हो चुका है। संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति के खिलाफ इस तरह की बात करना कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता है। इस प्रकरण से विधायक भानु जहां कानूनी पचड़े में फंस गये हैं, वहीं राजनीतिक रूप से भी उन्हें नुकसान हो सकता है।

### क्या है भाषायी मर्यादा टूटने का कारण

भाजपा सांसद ढुल्लू महतो द्वारा एसपी को बुरा-भला कहे जाने का मामला हो या डीसी-एसपी द्वारा सांसद को दिया गया जवाब हो या फिर विधायक भानु की सीएम के खिलाफ टिप्पणी हो, सब के सब न केवल मीडिया से लेकर मतदाता तक का ध्यान खींचते हैं, बल्कि इस पर गौर करने को मजबूर करते हैं कि आखिर वह क्या बात है कि आम दिनों में मीठी जुबान में सबको खुश करने वाली बात करने वाले राजनेताओं को आखिर क्या हो जाता है कि जब वे मंच पर होते हैं और सामने भीड़ ज्यादा रहती है, तो उनके बोलने का लहजा आक्रामक और मर्यादित हो जाता है। यह जानना दिलचस्प है कि क्या है इसका मूल कारण। ऐसा सायास होता है या फिर बेसाख्ता निकल जाते हैं ये तल्ख शब्द। आखिर क्या फायदा होता है इन राजनेताओं को इस तल्ख जुबानी से।

### हो जाते हैं चर्चित

एक कहावत है कि बदनाम होंगे तो क्या नाम नहीं होगा। दरअसल नेताओं के मन में यह कहावत हमेशा घूमती रहती है। किसी को बुरा-भला कह कर या भाषायी मर्यादा तोड़ कर उन्हें लगता है कि आम लोगों में उनकी छवि सुधर रही है और इससे उनका फायदा ही होता है। धनबाद-बोकारो के लोग बताते हैं कि सांसद ढुल्लू महतो तो अपनी तल्ख जुबान के लिए पहले से विख्यात हैं और एक एसपी को इस तरह तू-तड़ाक करने से उनके समर्थकों के सामने उनकी छवि में सुधार ही हुआ है। उनके समर्थक उनकी वाहवाही कह रहे हैं, लेकिन वे भूल जाते हैं कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति की अमर्यादित भाषा से समाज को कितना नुकसान होता है।

### धर्म और जाति के आधार पर बंट जाते हैं लोग

दरअसल भारत का समाज जातीय और सांप्रदायिक आधार पर बेहद विभाजित और ध्रुवीकृत है। वैसे भी लोकतंत्र अपरिहार्य तौर से समाज को समूहों में विभाजित करता है। ऐसे समाज में किसी के लिए मतदाताओं की सहानुभूति हासिल करने का आसान रास्ता होता है कि वह धर्म और जाति के आधार पर दुश्मन पैदा करे। भारतीय समाज और लोकतंत्र की इस कमजोर कड़ी का फायदा उठा कर कई लोग बड़े राजनेता बने। स्वाभाविक है कि अन्य लोग भी उस आसान रास्ते पर चलने के लिए तत्पर होंगे। भारतीय राजनीति में यह ट्रेंड मंडल-मंदिर आंदोलन के बाद उभरा। पहले तो किसी को किसी विरोधी की आलोचना करनी होती थी तो इतना कहना ही काफी होता था कि आदमी तो अच्छे हैं, पर गलत पार्टी में हैं। पुराने समय में अगर किसी पार्टी के नेता को किसी दूसरी पार्टी के नेता को विकास के नाम पर घेरना होता तो धीरे से बयान दे देते थे कि चाहते तो काम कर सकते थे पर किया नहीं। इसलिए तल्ख जुबानी नेताओं का सोचा-समझा प्रयास होता है। उनकी कोशिश होती है कि इसके जरिये समाज के एक हिस्से को अपने पक्ष में कर लिया जाये और वोट बटोरा जाये। व्यावहारिक तौर पर लोकतंत्र में किसी व्यक्ति या शख्स की कामयाबी के लिए जरूरी होता है कि उसके पास एक अदद राजनीतिक दुश्मन भी हो। भारत में शिक्षा का स्तर बेहतर नहीं है, इसलिए ऐसी प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

### ऐसी घटनाओं से झारखंड का भला नहीं होगा

अब बात इस तरह की घटनाओं के असर की। झारखंड जैसे राज्य के लिए इस तरह की घटनाएं नुकसानदेह हैं। विधायिका और कार्यपालिका में गंभीर मतभेद होते रहते हैं, लेकिन इस तरह की बदजुबानी से माहौल खराब होता है और व्यवस्था में अवरोध पैदा होता है। उसी तरह किसी विधायक द्वारा राज्य के सीएम के खिलाफ की गयी टिप्पणी से राजनीतिक वैमनस्यता बढ़ती है और कम से कम झारखंड के लिए यह अच्छा नहीं है।

### कभी न कभी खुद की सेहत पर पड़ता है असर

झारखंड गवाह है कि जब-जब कुछ नेताओं ने सस्ती लोकप्रियता की खातिर अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया या अपनी जुबान से आग उगली, बाद में उनका नुकसान ही हुआ। एक समय था, जब सूरज मंडल झारखंड में आग उगलते थे। बदजुबानी उनके सिर चढ़ कर बोलती थी। वह किसी को भी तू तड़ाक कर देते थे। अधिकारियों को नीचा दिखाने का कोई अवसर नहीं छोड़ते थे। कुछ दिनों बाद सूरज मंडल राजनीतिक दृष्टि से कहां गायब हो गये, यह सबको पता है। कृष्णा मार्डी भी एक उदाहरण है। झारखंड आंदोलन के समय उनकी तूती बोलती थी। अपनी आक्रामकता की सीढ़ी चढ़ कर वह सांसद भी बने। सांसद बनते ही वे अधिकारियों और राजनीतिक विरोधियों का उपहास उड़ाने लगे। आज वह भी हाशिये पर हैं। स्व लालचंद महतो, स्व मधु सिंह सरीखे कई नेताओं को अपनी अमर्यादित भाषा के कारण राजनीतिक हाशिये पर जाते हुए झारखंड ने देखा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि पद की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए ही नेता कोई टीका-टिप्पणी करेंगे। यह खुद उनके लिए और झारखंड के हित में होगा।

# गुटों में बंटे लगभग आधा दर्जन भाजपाई घाटशिला विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की ठोक रहे ताल

**पुराने चेहरों से ज्यादा नये चेहरों में मची है होड़**

**किसी को रघुवर, किसी को अर्जुन मुंडा, तो किसी को बाबूलाल से उम्मीद**

**अरुण सिंह**


लक्ष्मण टुडू


लखन मार्डी



सुभाष सिंह


डॉ सुनीता देवदूत सोरेन


गीता मुर्मू


देवयानी मुर्मू

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** राज्य में विधानसभा चुनाव सिर पर है। झारखंड में लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने सहयोगी पार्टी आजसू के साथ 12 से सिमट कर नौ पर आ चुकी है। लेकिन रांची में आयोजित 20 जुलाई को संपन्न विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के चुनावी चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर झारखंड में विस चुनाव के लिए क्रमशः प्रभारी और सह प्रभारी मनोनीत किये गये केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिले वोटों को विधानसभावार तब्दील करके राज्य के कोने -कोने से आये कार्यकर्ताओं को हिसाब बता दिया कि 81 में से 52 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को बढ़त हासिल हुई है। भाषण देने वालों और अपने शीर्ष नेताओं को सुनने वालों के हावभाव से यही लगा कि अक्तूबर-नवंबर में संभावित विधानसभा चुनाव बिना लड़े ही झारखंड में भाजपा की सरकार बन चुकी है। ये तो वही कहावत को चरितार्थ करता है - मन बहलाने के लिए ख्याल अच्छा है गालिब।

पूर्वी सिंहभूम जिला के घटशिला विधानसभा क्षेत्र से फिलवक्त झामुमो के रामदास सोरेन विधायक हैं। रामदास सोरेन 2009 में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बलमुचू को हरा कर पहली बार विधायक बने थे। 2014 के विस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण टुडू ने झामुमो का विजय रथ रोक दिया था। तब इस सीट पर पहली बार भाजपा को अपना विधायक मिला था। और, सच कहें तो ऐसा अर्जुन मुंडा द्वारा व्यक्तिगत रुचि लिये जाने के कारण ही संभव हो सका था। लक्ष्मण टुडू को तब लगभग 52 हजार वोट प्राप्त हुआ था। लेकिन अगले चुनाव यानी 2019 में रामदास सोरेन ने भाजपा को एक बार फिर से पटखनी दे दी और विधायक बन गये। भाजपा ने लक्ष्मण टुडू को घाटशिला से दुबारा चुनाव लड़ने का मौका नहीं दिया था। उनके स्थान पर युवा नेता लखन मार्डी को मौका मिला। लक्ष्मण टुडू गुटबाजी का शिकार होकर टिकट से वंचित हो गये थे और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने युवा एवं तेज-तर्रार लखन को मैदान में उतारा था। लक्ष्मण टुडू द्वारा प्राप्त 52 हजार वोट को बढ़ाकर लखन 56807 वोट अपनी झोली में डालने में कामयाब तो हो गये, किंतु झामुमो के रामदास सोरेन के मुकाबले फिर भी पिछड़ गये। रामदास को तब 63531 वोट हासिल हुए। जाहिर है कि झामुमो रामदास सोरेन को ही पुनः अपना प्रत्याशी बनायेगा और झामुमो के वोटों में पहले के मुकाबले बढ़ोतरी होगी, ऐसी संभावना है, क्योंकि जहां एक तरफ भाजपा में टिकटर्थियों की लंबी कतार है, वहीं रामदास सोरेन सुदूर गांव -देहात के वोटरों को साधकर अब घाटशिला, मुसाबनी, धालभूमगढ़, गालूडीह, जादूगोड़ा जैसे शहरी-अर्धशहरी क्षेत्र के वोटरों को साधने में जुटे हुए हैं।

गुटबाजी के चलते यहां भाजपा की हालत पतली हो चली है। हर गुट अपने को श्रेष्ठ और काबिल मान कर चल रहा है। कोई भी अपने को दूसरे से कमतर नहीं आंक रहा। टिकट की चाह रखने वालों में अब तक पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी, जिला परिषद के सदस्य सुभाष सिंह के साथ तीन महिलाएं डॉ सुनीता देवदूत सोरेन, पूर्व पार्षद गीता मुर्मू एवं दो बार की पार्षद देवयानी मुर्मू के नाम उभर कर सामने आये हैं। डॉ सुनीता सोरेन और गीता मुर्मू बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व वाले झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) के टिकट पर क्रमशः घाटशिला और बहरागोड़ा विस क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं।

यहां भाजपा नेताओं की स्थिति कैसी दयनीय है, इसका अंदाजा इसी सप्ताह हुई एक घटना से सहज ही लगाया जा सकता है। जमशेदपुर के भाजपा सांसद विद्युत बरण महतो द्वारा हस्ताक्षर की गयी एक चिट्ठी उनके प्रतिनिधि एवं साढ़े चार साल से बंद पड़े इंडियन कॉपर कांप्लेक्स में ठेकेदारी में लेबर का कार्य करने वाले कुछ युवक मैनेजमेंट को देने गये थे। पत्र में मजदूरों को महीना में कम से कम 26 दिन ड्यूटी देने का आग्रह किया गया था। आइसीसी के महाप्रबंधक को पत्र सौंपने के दूसरे दिन झामुमो विधायक रामदास सोरेन ने ठेका कर्मियों के साथ बैठक की और भाजपा सांसद और उनके प्रतिनिधि को खूब खरी-खोटी सुनायी। मीडिया ने विधायक के वक्तव्य को प्रमुखता से प्रकाशित भी किया। लेकिन भाजपा के किसी भी पदधारी या टिकट की चाहत रखने वालों ने सांसद का सपोर्ट और विधायक की बातों का जवाब देने का साहस नहीं किया। इसके कुछ दिन पहले डॉ सुनीता देवदूत सोरेन ने प्रेस कांफ्रेंस करके क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को सामने रखने की एक कोशिश की थी। झामुमो कार्यकर्ताओं एवं विधायक के सामर्थकों ने सोशल मीडिया पर भाजपा नेता के विरोध का ऐसा अभियान शुरू किया कि कहिये मत। जाहिर सी बात है कि घाटशिला के जो भाजपाई अपने सांसद के पक्ष में खुलकर खड़ा होने से परहेज करते हों, वे भला एक महिला का साथ कहां तक निभा पायेंगे। ऐसे में सवाल उठना तो लाजिमी है कि भाजपा से टिकट की चाहत पाले बैठे टिकटार्थी विधानसभा चुनाव मैदान में झामुमो प्रत्याशी का मुकाबला कैसे करेंगे?

इसके अलावा एक अहम बात ये भी है कि घाटशिला संथाल बहुल सीट है। संथाल वोटरों का ज्यादातर वोट झामुमो के पाले में हमेशा से रहता है। थोड़ा बहुत भाजपा उम्मीदवार के दोस्त/ नाते -रिश्तेदार या आरएसएस/भाजपा से प्रभावित संथालों का समर्थन इन्हें हासिल होता है। और, इस बार तो संथालों के वोट भाजपा के पक्ष में और भी कम पड़ने की आशंका है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने से संथाल समाज आहत है, इससे शायद ही कोई इंकार करेगा। माना जा सकता है कि एक तो संथाल ऐसे ही आपसे परहेज करते हैं और हेमंत को जेल वाली घटना ने 'एक करेला अपने तीता दूजे चढ़े नीम पर' वाली कहावत को चरितार्थ कर दिया। तभी तो देश के अन्य सभी एसटी बहुल प्रदेश यथा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र आदि में भाजपा सत्ता में है, जबकि झारखंड में कभी अकेले दम बहुमत नहीं मिल सका। बावजूद इसके भाजपा के थिंक टैंक घाटशिला सीट से संथाल प्रत्याशी को ही तरजीह देते हैं। 2009 में महाली समाज के सूर्य सिंह बेसरा को भाजपा ने जरूर आजमाया था। उन्हें तब लगभग 30 हजार वोट मिले थे। इस विधानसभा क्षेत्र में महली समाज के लगभग 18-20 हजार वोटर हैं। चुनाव में रुचि रखने वाले कुछ लोगों का ऐसा अनुमान है। इस बार भाजपा के टिकट की आस रखने वाले छह लोगों में से पांच संथाल हैं। एकमात्र सुभाष सिंह भूमिज समाज से आते हैं। भाजपा के कुछ लोगों का तर्क है कि जब पार्टी कैंडिडेट को संथाल वोटरों का भरपूर साथ मिलता ही नहीं, तो हर बार संथाल प्रत्याशी उतारने की क्या मजबूरी है। जैसे सूर्य सिंह बेसरा का संताल से इतर हट कर प्रत्याशी बनाया गया था, इस बार भी किसी अन्य जनजाति समाज को तरजीह मिले।

इस विधानसभा क्षेत्र में ट्राइबल वोटरों के अलावे ओबीसी वोटरों की संख्या सबसे ज्यादा है। सामान्य की तरह ओबीसी को भी भाजपा अपना समर्थक मानती है। ट्राइबल और ओबीसी का एक बड़ा वोट बैंक यहां कांग्रेस का रहा है। इसके बलबूते प्रदीप बलमुचू लगातार तीन बार चुनाव जीते थे। गठबंधन धर्म का पालन कर अब कांग्रेस ने यह सीट झामुमो को सौंप दी है। फलस्वरूप कांग्रेस प्रेमी मतदाता भी अब अपनी पसंद का कैंडिडेट देख कर वोट करते हैं। कुल मिलाकर, लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर के सभी छह विस क्षेत्र में भाजपा को भले ही बढ़त हासिल हो गयी थी, विधानसभा चुनाव में भी वैसा कुछ होगा, ये सोच पालकर बैठना एक तरह से मुगालते में रहने जैसा होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि लोकसभा चुनाव में मोदी मैजिक के साथ उम्मीदवार विद्युत बरण महतो का अपना एक बड़ा प्रभाव था। वरना, सभी छह विस सीटें गंवा चुकी भाजपा को सब जगह से बढ़त मिलना आसान नहीं।

अब तो भाजपा के थिंक टैंक के साथ साथ स्थानीय सांसद विद्युत महतो के बिना लड़ाई जीतना तो दूर, डटकर मैदान में खड़ा रहना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि ज्यादातर कार्यकर्ता अपने-अपने गुट के नेता की जय-जयकार करने में विश्वास करते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.8 °c | 24.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.34 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.15 बजे |



# सीएम की पहल रंग लायी, कैमरून में फंसे 27 कामगार लौटे झारखंड

## विधायक कल्पना सोरेन और अन्य ने गिरिडीह में किया स्वागत


**सभी श्रमिकों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**

**बोकारो के 18, गिरिडीह के चार और हजारीबाग के पांच श्रमिक लौटे झारखंड**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** दक्षिण अफ्रिका में फंसे 27 कामगारों की वतन वापसी को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल रंग लायी। नतीजा हुआ कि बुधवार की सुबह सभी कामगार झारखंड पहुंचे। दक्षिण अफ्रीका के कैमरून के याउंडे में विनायक कंस्ट्रक्शन, फेस जेंडरमेरी, अप्रेस ऑडिटोरियम और जीन पॉल टू मबांकलो कंपनी में ये सभी काम कर रहे थे। झारखंड वापसी पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बैद्यनाथ राम, मंत्री बेबी देवी, विधायक कल्पना सोरेन और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने गिरिडीह पहुंचने पर उनका स्वागत किया। उन्होंने श्रमिकों से बात कर उनकी पूरी व्यथा जानी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी मोबाइल की जरिये श्रमिकों से संवाद किया और उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। श्रमिकों ने विकट परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका से वापस अपने घर झारखंड लौटने के लिए राज्य सरकार द्वारा की गयी पहल पर मुख्यमंत्री का आभार जताया।

**यह है पूरा मामला :** दक्षिण अफ्रीका में फंसे 27 श्रमिकों में बोकारो के 18, गिरिडीह के चार और हजारीबाग के पांच श्रमिक हैं। ये सभी श्रमिक इस वर्ष 29 मार्च से वहां काम कर रहे थे। उन्होंने 16 जुलाई को एक्स हैंडल पर चार महीने से पारिश्रमिक बकाया रहने और वापस भारत लौटने की इच्छा





### मुख्यमंत्री ने मामले को लिया संज्ञान में

मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी प्राप्त होते ही श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण विभाग को आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। वहीं, श्रम विभाग सचिव की ओर से मामले पर कार्रवाई करते हुए पत्र भेजा गया। पत्र के माध्यम से कामगारों को उनका बकाया पारिश्रमिक और उनकी सुरक्षित झारखंड वापसी की पहल करने को कहा था।

### पारिश्रमिक भी मिला, हवाई टिकट की भी व्यवस्था

राज्य सरकार की पहल पर कंपनी ने श्रमिकों के बकाये पारिश्रमिक का भुगतान किया। साथ ही हवाई टिकट की भी व्यवस्था की। श्रम विभाग के तहत कार्यरत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा संपर्क कर निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द श्रमिकों के बकाया पारिश्रमिक का भुगतान किया जाये। इस संबंध में कोलकत्ता हेड ऑफिस से संपर्क कर पुनः कैमरून, दक्षिण अफ्रीका को मामले से अवगत कराया गया। राज्य सरकार की इस पहल के बाद 17 जुलाई को सभी 27 श्रमिकों को पारिश्रमिक के रूप में 30 लाख रुपये का भुगतान किया गया। श्रमिकों ने बकाया पारिश्रमिक मिलने की जानकारी वीडियो के माध्यम से राज्य सरकार को दी। कंपनी ने श्रमिकों को भारत वापस भेजने के लिए एयर टिकट की भी व्यवस्था की। 21 जनवरी को सभी श्रमिक वहां से भारत के लिए उड़ान भरे। 22 जुलाई को मुंबई पहुंचे और फिर ट्रेन से बुधवार की सुबह झारखंड के पारसनाथ स्टेशन पहुंचे।

# रांची में सीएम हेमंत ने किया बिलियन इंप्रेशंस का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में निर्मित 16 टन वजनी और 12.5 फीट ऊंची बिलियन इंप्रेशंस का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति-पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास सचिव अरवा राजकमल, सीइओ-सह-प्रबंध निदेशक टाटा स्टील टीवी नरेंद्रन सहित राज्य सरकार-टाटा स्टील के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक खूबसूरत आकृति यहां लगायी गयी है, जिसको बिलियन इंप्रेशन नाम दिया गया है। इसको टाटा समूह ने बनाया है। यह भव्य आकृति और इसी की समरूप आकृति देश के अलग-अलग राज्यों में भी लगी हैं। ये बिलियन इंप्रेशन एक अंगूठे का निशान है। पहले इस अंगूठे का कितना महत्व होता था, और भी अंगूठे का महत्व कितना महत्वपूर्ण है। साथ में ये दो निशान एकता का भी प्रतीक है। और ये रांचीवासियों और झारखंडवासियों के लिए एक खूबसूरत स्ट्रक्चर, जिसको देख कर लोग काफी इंप्रेस होंगे और इस पार्क की खूबसूरती ये आकृति और बढ़ायेगी। वहीं टाटा समूह के सीइओ टीवी नरेंद्रन ने कहा कि मुंबई, भुवनेश्वर में टाटा में एक आकृति लगी है और चाहते थे कि रांची में भी एक लगे।

### बजट में झारखंड की उपेक्षा पर बोले सीएम

## विशेष पैकेज बैसाखियों को दीजिए बस हमारा बकाया चुका दीजिए

रांची (आजाद सिपाही)। सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्रीय बजट में झारखंड की उपेक्षा करने पर केंद्र सरकार की आलोचना की। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर राज्य को दी जाने वाली बकाया राशि पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। हेमंत सोरेन ने एक्स पर लिखा कि क्या इस भेदभाव के लिए भी हेमंत सोरेन दोषी है, बाबूलाल जी? हेमंत सोरेन ने आगे लिखा कि केंद्र पर राज्य का 1.36 लाख करोड़ रुपये का बकाया है, लेकिन बाबूलाल जी समेत भाजपा के हर नेता इस मुद्दे पर खामोश हैं। लिखा कि विशेष पैकेज अपनी बैसाखियों को दीजिए, हमें हमारा बकाया चुका दीजिए। हेमंत सोरेन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट प्रस्तावों में बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए उठाये वित्तीय कदमों की बात कर रहे थे। सोरेन ने अपने पोस्ट में कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने डीवीसी का 5000 करोड़ रुपये का बकाया छोड़ा था, जिसे केंद्र ने हमें बिना बताये हमारे खाते से काट लिया था और भाजपा के नेता ताली बजा रहे थे। उन्होंने पूछा कि आखिर क्यों 2014 और 2019 में 14 में से 12 और आज नौ सांसद (राजग) देने के बावजूद हमें उपेक्षा का शिकार बनाया जा रहा है?

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — रोजगार-व्यापार में शुभ परिवर्तन, मित्र-कुटुम्बियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

**वृष** — कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**मिथुन** — सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव का लाभ मिलेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क** — परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।

**सिंह** — स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

**कन्या** — कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, गम्भीरता एवं सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** — रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

**वृश्चिक** — लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी।

**धनु** — गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**मकर** — गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।

**कुंभ** — परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**मीन** — नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

### कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद बोले मीर

# नॉन परफॉर्मिंग विधायकों का कटेगा पत्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सर्किट हाउस में बुधवार को कांग्रेस के विधायकों के साथ बैठक के बाद कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि 26 जुलाई से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र समेत विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। बहुत जल्द कांग्रेस विधायक दल के नेता की घोषणा कर दी जायेगी। दरअसल, आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद से यह पद खाली है। उन्होंने कहा कि इस पद को वरीयता के आधार पर तय किया जाता है। मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। लिहाजा, विपक्ष को घेरने की रणनीति पर भी चर्चा हुई है। गुलाम अहमद मीर ने कहा कि विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन मजबूती के साथ मैदान में उतरेगा। इसके लिए सीट शेयरिंग का फॉर्मूला भी तैयार हो रहा है। उनसे जब पूछा गया कि क्या इस बार कांग्रेस ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस पर उन्होंने कहा कि सीटों की संख्या बढ़ भी सकती है और घट भी सकती है। इस मुद्दे पर सभी प्रमुख दलों के साथ विचार-विमर्श कर फैसला लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस बार वैसे विधायकों को टिकट दिया जायेगा, जिन्होंने बेहतर काम किया है। इसका मतलब है कि नॉन परफॉर्मिंग विधायकों का पत्ता कट सकता है। बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर गुलाम अहमद मीर ने कहा कि घुसपैठ रोकना सीमा सुरक्षा बल का काम है। यह केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। झारखंड के किसी भी जिला की सीमा बांग्लादेश से नहीं लगती है। इस पर जवाब तो केंद्र सरकार को देना चाहिए।

# बीमार झामुमो नेता महालाल सोरेन से मिलने पहुंचीं कल्पना



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने बुधवार को सदर अस्पताल गिरिडीह पहुंचकर इलाजरत जेएमएम जिला सचिव महालाल सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मौके पर विधायक ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों से सोरेन को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। साथ ही विधायक कल्पना सोरेन ने सदर अस्पताल गिरिडीह में इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात की। उनकी बेहतर चिकित्सा सेवा का निर्देश अस्पताल प्रबंधन के पदाधिकारियों को दिया।

### अफसर अली को बेल देने से इडी कोर्ट का इनकार

रांची (आजाद सिपाही)। लैंड स्कैम के आरोप में जेल में बंद अफसर अली की जमानत याचिका पर रांची प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया। अदालत ने अफसर अली को बेल देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। 12 जुलाई को अफसर अली का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।


झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि **पंचम झारखण्ड विधान सभा का सप्तदश (मानसून) सत्र दिनांक- 26.07.2024 (शुक्रवार)** से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।

(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप संख्या : जनसम्पर्क - 03/2024- 1833 / वि. स., राँची,
दिनांक : 23.07.2024


### सभी प्रखंडों में गोशालाओं के संचालन की पहल करेगा कृषि विभाग

# महिलाओं की आर्थिक समृद्धि बढ़ाने में गो सेवा आयोग को भी मदद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कृषि, पशुपालन मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि राज्य में अभी जिले स्तर पर ही गो शालाओं का संचालन हो रहा है। अब विभाग का प्रयास होगा कि प्रखंडों तक में इसका संचालन हो। वे बेहतर तरीके से गो सेवा करते दिखें, इसमें विभाग अहम रोल अदा करेगा। बुधवार को हेसाग स्थित पशुपालन विभाग के सभागार में गो सेवा आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने गो सेवा आयोग के प्रयासों की सराहना भी की। आयोग द्वारा रांची के अलग-अलग प्रखंडों की महिलाओं के लिए आयोजित गोबर प्रसंस्करण और प्रशिक्षण कार्यक्रम को उन्होंने प्रभावी बताया। कहा कि इससे उनकी आर्थिक समृद्धि के द्वार खुलेंगे, स्वरोजगार मिलेगा। ऐसे प्रयासों को हर प्रखंड तक ले जाने में विभाग जरूरी सहयोग देगा। मौके पर उन्होंने गोबर प्रसंस्करण और प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित महिलाओं के बीच प्रमाण पत्र भी बांटे। इस दौरान विधायक राजेश कच्छप, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष राजू गिरी, पशुपालन निदेशक किरण पासी सहित विभागीय पदाधिकारी भी मौजूद थे।

राजीव रंजन ने कहा कि राज्य में लंबे समय तक गोवंश की सेवा के नाम पर राजनीति होती रही। सीएम हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेतृत्व की पहल पर राज्य में गो सेवा आयोग फिर से पिछले वर्ष अस्तित्व में आया। गोशालाओं को केवल अनुदान देने तक ही आयोग नहीं है, अब उसने गोबर प्रसंस्करण और प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिये महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें प्रोत्साहित करने सहित दूसरे प्रयास भी किये हैं। विकास के दौर में गोबर का भी उपयोग संपन्नता के लिए किया जा सकता है। अब गोबर से पाउडर, दीया, धूप बत्ती, घर सजावट के सामान भी तैयार किये जा रहे हैं। आने वाले समय में राज्य के सभी ब्लॉक में 200-200 महिलाओं को गोबर प्रसंस्करण और इसका प्रशिक्षण देकर सबल बनाया जायेगा। जो लोग गो सेवा की इच्छा रखते हैं, पर किसी कारण से ऐसा नहीं कर पा रहे, उनकी सहायता के लिए आयोग के स्तर से वेबसाइट भी तैयार किया गया है। दूसरे प्रयास भी हो रहे, जिससे लोग क्षमता के अनुसार गायों को गोद लें और सेवा करें। राज्य की गो शालाओं में बायो गैस संयंत्र की स्थापना के अलावा वनों की कटाव सीमित कराये जाने के लिए भी आयोग प्रयासरत है।

### आस्था भी, आमदनी भी: राजेश कच्छप

विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि देश में गायों को सदियों से पवित्र माना जाता रहा है। यह केवल धार्मिक कारणों से नहीं, जीवन में कई पहलुओं में गाय की अहम भूमिका के चलते भी है। गायों को दिव्य माना जाता है। उनका महत्व आर्थिक, पर्यावरणीय, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक क्षेत्रों में भी फैला हुआ है। किसान वह हैं, जो लेते कुछ नहीं बल्कि पूरी दुनिया को कुछ देते जरूर हैं। गोबर प्रसंस्करण और उसके प्रशिक्षण के जरिये उनकी दक्षता बढायी जाये, तो उन्हें आर्थिक रुप से सबल बनाया जा सकता है। गोबर की उपयोगिता बहुत पुरानी रही है। खाद, गोबर गैस और अन्य रूपों में इसे हम सब देखते रहे हैं। पर्व-त्योहारों में चीनी मिट्टी की बजाय गोबर का उपयोग हो, तो इससे मूर्तियों के प्रति और भी आस्था बढ़ेगी, किसानों की आय भी बढ़ेगी। धूप, अगरबत्ती सहित अन्य वस्तुओं का निर्माण भी लाभकारी होगा। राजेश कच्छप ने नामकुम स्थित गो सेवा आयोग की खाली पड़ी भूमि का भी उपयोग विभाग के स्तर से किये जाने का आग्रह मंत्री दीपिका और गो सेवा आयोग से किया। मौके पर पशुपालन निदेशक ने गो सेवा आयोग के प्रयासों की सराहना की। आयोग के उपाध्यक्ष ने 15 सालों बाद फिर से आयोग को पुनर्जीवित करने के लिए राज्य सरकार का आभार जताया। गोबर प्रसंस्करण और इसके प्रशिक्षण से जुड़ी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किये और ट्रेनिंग प्रोग्राम को उपयोगी बताया।


रजिस्ट्री सं. डी. एल.—33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.—डी.एल.—अ.—19072024—255573
CG-DL-E-19072024-255573
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II — खण्ड 3 — उप—खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2675] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जुलाई 18, 2024/आषाढ़ 27, 1946
No. 2675] NEW DELHI, THURSDAY, JULY 18, 2024/ASHADHA 27, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 18 जुलाई, 2024

**का. आ. 2812**— केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप—धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के गोड्डा जिले के NH133 के कि.मी. **0+000** से **51+825** कि.मी तक (महागामा से हंसडीहा रोड) तक के भू—खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/4—लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप— धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् डी.एल.ए.ओ., गोड्डा को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप—धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के जिले गोड्डा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 133 के के कि.मी. 0+000 से 51+825 कि.मी तक (महागामा से हंसडीहा रोड़) के लिए भू खण्ड अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

4333 GI/2024

जिला : गोड्डा
फाइल नम्बर : NHAI/PD/PIU/SBG/NH-133/3A
अभय जैन, उप सचिव
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि : 18 जुलाई 2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in
नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in
04

पेज 01 का शेष

## ताज होटल से राज्य...

**सिर्फ खनिज नहीं, अन्य संसाधनों से भी धनी है झारखंड:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को खनिज संसाधनों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है, लेकिन यहां खनिज के अलावे अन्य कई संसाधन हैं, जो इस राज्य को आगे ले जाने के लिए काफी हैं। लेकिन, शायद नीतियां ऐसी नहीं बनी, जो इन संसाधनों के जरिए झारखंड में विकास को गति दे सकें। इस बात का हमें शुरू से अफसोस रहा है। अब सरकार इससे आगे बढ़ कर राज्य को नयी दिशा देने के लिए पूरी ताकत के साथ कार्य कर रही है। इसके उत्साहवर्धक परिणाम देखने को भी मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार की खातिर झारखंड से बड़ी संख्या में लोगों का पलायन देश और विदेश में होता है। अगर कोई बेहतर रोजगार और बेहतर जीवन के लिए बाहर जाता है, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि अगर इस राज्य में रोजगार से संबंधित नीतियों को बेहतर तरीके से बना कर अमल में लाया जाये, तो यहां से युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारी सरकार अपने ही राज्य में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

**टाटा समूह के साथ झारखंड का रिश्ता काफी पुराना है:** हेमंत ने कहा कि टाटा समूह के साथ झारखंड का रिश्ता काफी पुराना है। इस रिश्ते के 100 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं। इस दौरान टाटा समूह औद्योगिक और अन्य माध्यमों से झारखंड के विकास में अहम रोल निभाता आ रहा है। यह रिश्ता हम और भी मजबूत कर सकते हैं, जब राज्य के लोगों के साथ भी इस रिश्ते को मजबूती से जोड़ा जाये। मैं वर्षों पुराने इस रिश्ते को लेकर टाटा समूह से पूरे अधिकार से कह सकता हूं कि वह राज्य की जनता के हितों को प्राथमिकता दे। टाटा समूह भी इस बात से भली-भांति वाकिफ है और वह इसमें पूरा सहयोग करेगा।

**राज्य सरकार कदम से कदम मिला कर चलने को तैयार:** मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा समूह की कई इकाइयां यहां वर्षों से स्थापित हैं। इन इकाइयों और प्रतिष्ठानों में लाखों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह समूह यहां कई और उद्यम स्थापित करने के लिए आगे आ रहा है। ऐसे में राज्य सरकार इस समूह के साथ कदम से कदम मिला कर चलने को तैयार है। हम सभी की भागीदारी से झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने में कामयाब होंगे।

**देश को आगे बढ़ाने में झारखंड का अहम योगदान:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह देश को आगे बढ़ाने में टाटा का योगदान है, उसी तरह झारखंड के बिना भी देश आगे नहीं बढ़ सकता है। झारखंड अगर अपने हाथ रोक ले तो देश की अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव देखने को मिल सकता है। लेकिन हमारी सरकार सभी के साथ देश को आगे ले जाने की सोच रखती है और इसमें यह राज्य पूरा योगदान दे रहा है।

**कई कार्यक्रमों का शानदार और सफल आयोजन हुआ:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमित संसाधनों के बीच झारखंड में कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का शानदार और सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन को देश- दुनिया में सराहना मिली। भविष्य में भी ऐसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित होनी हैं। ऐसे में ताज होटल के यहां स्थापित होने से हम अपने प्रतिभागियों को और भी बेहतर व्यवस्था और सुविधा दे सकेंगे।

**400 करोड़ रुपये खर्च कर बनेगा होटल:** वर्ल्ड क्लास होटल ताज रांची स्मार्ट सिटी कैंपस में छह एकड़ जमीन में बनेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में नगर विकास एवं आवास विभाग और द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (ए टाटा एंटरप्राइजेज) के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने अगले चार साल (2028 तक) में इस विश्व स्तरीय होटल को बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए कुल 400 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। इस होटल में 200 के आसपास रूम होंगे। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से 1000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल, टाटा स्टील के सीइओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन, आइएचसीएल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (ऑपरेशंस ) के. मोहन चंद्रन, वाइस प्रेसीडेंट (डेवलपमेंट) अनिका गुप्ता एवं वाइस प्रेसीडेंट, कॉरपोरेट अफेयर्स, टाटा स्टील चाणक्य चौधरी मौजूद थे।

## कबराबूट में ग्राम विकास समिति का गठन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समर्पण के द्वारा बंगाखलार पंचायत के ग्राम कबराबूट में ग्राम विकास समिति का गठन किया गया। सभा की अध्यक्षता अनिल तुरी ने किया। ग्रामीणों ने इस समिति का अध्यक्ष बसंती देवी, उपाध्यक्ष मैरी हांसदा और सचिव अनिल तुरी को चुना। समर्पण के प्रखंड समन्वयक सचिन कुमार ने ग्राम विकास समिति के कार्य और उत्तरदायित्व की जानकारी देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी होने से ही हम जागरूक नागरिक कहलायेंगे। मनीष लहेरी ने संविधान में दिये गये नीति निर्देशक तत्वों की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम सभा में हम सभी की भागीदारी बहुत जरूरी है। पंचायत फैसिलिटेटर पिंकी देवी ने कहा कि यह समिति न सिर्फ योजनाओं के क्रियान्वयन के दिशा में कार्य करेगी बल्कि महिला हिंसा, प्रताड़ना आदि मुद्दों के विरुद्ध भी आवाज उठायेगी। मौके पर समर्पण के योगेश कुमार, वीणा कुमारी, मनीषा कुमारी, सुनीता कुमारी, विमला देवी, सकूना देवी, बुद्धन मुर्मू, मांझलु सोरेन, सुरेंद्र हेमंब्रोम, सिकेंदर हांसदा, सबिता देवी, मीणा देवी, मुन्नी देवी, सुमा देवी, विजय भुल्ला, सिकंदर भुल्ला, राखी कुमारी, मालो देवी, रुकूवा देवी और जीतेन्द्र कुमार सिंह शामिल थे।

## दादी स्टील मैनुफैक्चरिंग फैक्ट्री में हादसा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया स्थित दादी स्टील मैनुफैक्चरिंग एंड ट्रेडिंग प्रा लि नामक फैक्ट्री में काम करने के दौरान हादसे में एक मजदूर की मौत हो गयी। मृतक की पहचान यूपी निवासी वीर बहादुर सिंह के रूप में हुई है जो बलिया जिले का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार काम करने के दौरान बिजली का करंट लगने से वह गिर गया। उसे सदर अस्पताल ले जाया गया पर उसकी मौत हो चुकी थी। यह भी बताया जाता है कि इस तरह की घटनाओं को लेकर फैक्ट्री में एहतियात के उपाय नहीं किये गये थे तो वहीं हादसे के बाद भी इलाज की व्यवस्था नहीं थी। इधर मृतक का शव सदर अस्पताल में रखा गया है और परिजनों के आने के बाद अंत्यपरीक्षण करवाया जायेगा।

# फर्जी इ-चालान भेज कर लोगों को शिकार बना रहे हैं साइबर अपराधी

आजाद सिपाही संवाददाता






**हजारीबाग।** साइबर अपराधी हर दिन नये-नये हथकंडे अपना रहे हैं। लोगों की गाढ़ी कमाई उनके अकाउंट से ही उड़ा ले रहे हैं। साइबर अपराधियों ने फर्जी ई-चालान लिंक बना लिया है। जैसे ही लिंक टच करेंगे आपके पैसे अकाउंट से गायब हो जायेंगे। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पूरे झारखंड में इन दिनों अभियान चलाया जा रहा है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ फाइन वसूली जा रही है। ताकि कड़ाई के साथ ट्रैफिक नियम का पालन कराया जा सके। ट्रैफिक पुलिस नियम तोड़ने वालों को ऑनलाइन फाइन भी भेजा जा रहा है। जो भी व्यक्ति नियम तोड़ता है उसका गाड़ी के नंबर का फोटो खींच लिया जाता है। उसे डीटीओ कार्यालय के जरिये मैसेज भेजा जाता है, कि आपने ट्रैफिक नियम को तोड़ा है। जिस कारण आपको फाइन देना होगा। इसी नियम का साइबर अपराधी फायदा उठा रहे हैं, जो फर्जी लिंक विभिन्न नंबरों में भेज रहे हैं। ऐसे में गाड़ी के मालिक यह समझते हैं कि उन्होंने ट्रैफिक नियम को तोड़ा है। बिना सोचे समझे वे लिंक टच करते हैं। जैसे ही टच करते हैं उनका पैसा अकाउंट से गायब हो जाता है। हजारीबाग डीटीओ बैधनाथ कामती ने आम लोगों से अपील कि है कि फाइन भरते समय सचेत रहे। डीटीओ कार्यालय, ट्रैफिक थाना में या फिर प्रज्ञा केंद्र में जाकर फाइन भरे। तो दूसरी और ट्रैफिक थाना प्रभारी चितरंजन कुमार भी कहते हैं कि हजारीबाग में कड़ाई के साथ ट्रैफिक नियम का पालन करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। साइबर अपराधी इन दिनों फर्जी ई-चालान के जरिये लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। हजारीबाग पुलिस आम लोगों को ठगी का शिकार नहीं हो इसे लेकर जागरूकता अभियान भी चल रही है। लोगों को ट्रैफिक नियम का पालन करना जरूर चाहिए। साथ ही जागरूक रहना भी जरूरी है कहीं आप साइबर ठगी का शिकार ना हो जाये।

## हजारीबाग में मुखिया संघ का बेमियादी धरना तीसरे दिन भी जारी, मिला समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के इचाक प्रखंड सह अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार, अफसरों की मनमानी और मनरेगा में बीडीओ की दखल अंदाजी से तंग होकर प्रखंड के 19 पंचायत के मुखिया का प्रखंड मुख्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरना का समर्थन देने बुधवार को जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुखिया संघ का आंदोलन की जानकारी उपायुक्त को दे दी गयी है, जल्द हल निकलेगा। यदि उपायुक्त के द्वारा भी पहल नहीं किया जाता है तो आगे की आंदोलन में साथ देने का भरोसा दिलाया। जिप सदस्य रेणु देवी ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में अधिकारी के द्वारा मुखिया का अधिकार का हनन करना अनुचित है, भ्रष्टाचार खत्म होना चाहिए। कांग्रेस नेता दिगंबर कुमार ने कहा बीडीओ सीओ अपनी आचरण और कार्यशैली में सुधार नहीं करते है तो ग्रामीण विकास मंत्री से मिलकर इनकी शिकायत की जायेगी। आंदोलन की अध्यक्षता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता ने किया। मंच संचालन ओमप्रकाश मेहता ने किया। मुखिया संघ के संरक्षक अशोक कपरदार ने कहा कि इचाक बीडीओ संतोष कुमार और सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाते हैं और कार्यालय कर्मियों पर लगाम नहीं कसते हैं इसका परिणाम बुरा होगा। धरना को मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, युवा नेता गौतम कुमार, दयानंद मेहता, मुखिया सुनीता देवी, उपाध्यक्ष काजल मेहता ने भी संबोधित किया। धरना में मुखिया चोहन मेहता, मोदी मेहता, उमेश प्रसाद, निशु कुमारी, सीता कुमारी, मीना देवी, संगीता देवी, काजल देवी, अशोक राम, सिकंदर कुमार राम, मंजू देवी, सीता देवी, सिकंदर राम, किरण देवी, सुनीता देवी, नंदकिशोर मेहता, बीना मेहता, किरण मेहता, संगीता देवी, कुशलचंद मेहता, चंदन मेहता, राकेश कुमार, विजय राम, सिकंदर दास समेत अन्य मौजूद थे।

## सड़क हादसे में दो लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग पर डोमचांच के रायडीह मोड़ के समीप बुधवार को बाइक की टक्कर एक पेड़ से हो गयी जिसमें बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान कोडरमा के लोचनपुर निवासी भोला प्रसाद यादव (उम्र 70 वर्ष, पिता मानिक यादव) और प्रशांत कुमार (उम्र 20 वर्ष, पिता देवनारायण साव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों एक बाइक पर सवार होकर कोडरमा से बरियाडीह की तरफ जा रहे थे। इस दौरान पेड़ में टक्कर होने से उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और दोनों घायल हो गये। घटना के बाद दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रशांत कुमार को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## भारतीय मजदूर संघ ने मनाया 70वां स्थापना दिवस



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनासो स्थित नावाटांड में भारतीय मजदूर संघ ने 70 वा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन कर मनाया गया। समारोह की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा, मां भारती और महान विचारक सर्ध्य दत्तोपंत ठेंगडी के चित्र में माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर की गयी। समारोह को सम्बोधित करते हुए भामस के जिला मंत्री नीरज सिंह ने भारतीय मजदूर जिला संघ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष मंजू देवी ने नावाटांड़ गाव के विस्थापितों के संबंध में समस्याओं की जानकारी देते हुए समाधान की बात कही इस संबंध में जिला से आए हुए पदाधिकारियों ने उन्हें लिखित रूप से आवेदन देने की बात कही गयी। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पप्पू दुबे, अमूल्यचंद्र पांडेय, जिला उपाध्यक्ष मंजू देवी, भवन निर्माण जिला अध्यक्ष सुरेश राम, सदस्य करमी देवी, सीता देवी, सुरुजमुन्नी देवी, सेविका चंद्रमुनी देवी, सरिता देवी, मीना देवी, आशा देवी, हीरामन रविदास, रवि कुमार रविदास, रंजीत कुमार दास, संजय कुमार, गौरी देवी, गेंदिया देवी, सिटन सिंह, चूड़ामुनी देवी आदि उपस्थित थे।

## डीएवी में वन महोत्सव का आयोजन




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में वन महोत्सव के अवसर पर कोडरमा प्रभागीय वन अधिकारी सौमित्र शुक्ला बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। सर्वप्रथम बच्चों ने मुख्य अतिथि को तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सौमित्र शुक्ला, प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह, संजीवन सिंह परमार, वरिष्ठ शिक्षक कुमार सतीश सिंह और जयदेव आचार्या के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के बच्चे भविष्य के कर्णधार हैं। इनके ऊपर समाज की विशेष जिम्मेदारी है। इन्हें अपने जीवन और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सभी का जीवन सुरक्षित रहेगा।

# टाटीझरिया में डाक चौपाल का आयोजन

> इसका उद्देश्य आवश्यक सरकारी और नागरिक, केंद्रित सेवाओं को सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में लाना है, जिससे पहुंच और सुविधा में सुधार होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** भारतीय डाक विभाग द्वारा टाटीझरिया प्रखंड के डहर भंगा पंचायत भवन में 24 जुलाई को डीसीडीपी के तहत डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान ने बताया कि डाक चौपाल डाक विभाग की एक ऐतिहासिक पहल है। इसका उद्देश्य आवश्यक सरकारी और नागरिक, केंद्रित सेवाओं को सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में लाना है, जिससे पहुंच और सुविधा में सुधार होगा। डाक चौपाल ग्रामीणों और सरकारी कार्यों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करेंगे, जिससे दूरी और पहुंच जैसी बाधाएं कम होंगी। डाकघर में डाकघर बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, टाइम डिपॉजिट खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, महिला सशक्तिकरण खाता में सुरक्षित निवेश कर सकते है। ग्रामीण/डाक जीवन बीमा कम प्रीमियम पर अधिक बोनस देता है। 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार नामांकन व आधार मोबाइल अपडेशन की सुविधा सभी ग्रामीण डाकघर में उपलब्ध है। सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से दिये जाने वाली सहायता जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पीएम किसान, गैस सब्सिडी, स्कॉलरशिप, आवास योजना आदि का लाभ डाकघर बचत खाता पर उपलब्ध है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक शाखा प्रबंधक आवेश कुमार ने बताया कि 320 रुपये में पांच लाख, 549 रुपये में 10 लाख, 749 रुपये में 15 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, उपलब्ध है। दुर्घटना में मृत्यु व स्थायी विकलांगता पर पूरा भुगतान किया जाता है साथ ही साथ इलाज व बाल शिक्षा लाभ की सुविधा भी उपलब्ध है। इस बीमा का लाभ 18 से 65 वर्ष के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के खाता धारक उठा सकते हैं। साथ ही साथ हैल्थ इन्सुरेंस, वाहन बीमा की सुविधा भी उपलब्ध है। मौके पर डाक विभाग के दारू डाकघर के उप डाकपाल रामाश्रय प्रसाद, डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप, डाक सहायक उत्तम कुमार, प्रियम राज छोटेलाल मेहता, सुबोध कुमार, चांदनी शेखर, अंकित आदर्श, रामकिशन, बलवंत कुमार, प्रदीप कुमार, बजरंगी गोस्वामी, अभिमन्यु गुप्ता, सुषमा कुमारी, अनिल मुर्मू, गोवर्धन साहू, निर्मल नायक, मुकेश कुमार, रामेश्वर कुमार, चेताली कुमारी, वासुदेव प्रसाद सहित काफी संख्या आसपास के गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## मसकेडीह में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** चलकुशा प्रखंड के ग्राम पंचायत मसकेडीह मदीना स्टेडियम में क्रिकेट क्लब मसकेडीह के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मैच में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बरकट्ठा सह झामुमो केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किये। तत्पश्चात दोनों टीमो के कप्तान के बीच टॉस हुई, जिसमें नादकरी की टीम टॉस जीतकर बैटिंग किया। मैच शहंशाह क्लब दसारो बनाम रजा क्लब नादकरी के बीच खेला गया। मौके पर पूर्व पंसस इस्लाम अंसारी, दाऊद अंसारी, अफजल अंसारी, हाजी जमील अंसारी, कारी साहब, अशगर अंसारी, अजमल हुसैन, परवेज आलम, मुजम्मिल अंसारी, सदाम हुसैन, कौशर अली, शाहबाज अंसारी, निसार अंसारी, सदाकत अंसारी, ख्वाजा अकरम, आलमगीर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, नईम अंसारी सहित भारी संख्या में खेलप्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी युवा मोर्चा का गठन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत आंगो के पुराना स्कूल के सभागार में आजसू पार्टी के युवा मोर्चा के पंचायत स्तरीय समिति के गठन हेतु एक बैठक की गयी, जिसकी अध्यक्षता शिबू कुमार महतो और संचालन नारायण कुमार ने किया, आजसू पार्टी युवा मोर्चा बड़कागांव प्रखंड के सचिव पप्पू कुमार दांगी ने पार्टी के विचारों से सभी को अवगत कराते हुए आंगो पंचायत के लिए युवा मोर्चा का गठन के लिए निम्नलिखित नाम का सुझाव दिया। जिसमें सर्वसम्मति से पारित कर अध्यक्ष लालदेव महतो सचिव जालेश्वर कुमार महतो, कोषाध्यक्ष कौलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष, संदीप मुंडा, साथ ही महिला युवा मोर्चा का भी गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष रीना देवी, सचिव खुशबू देवी, कोषाध्यक्ष शोभा देवी, उपाध्यक्ष मुनीता देवी सहित दोनों मोर्चा के लिए 21 कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये। उपस्थित सभी लोगों ने आने वाला विधानसभा में रौशनलाल चौधरी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। वही मौके पर आज से युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नारायण कुमार और प्रखंड युवा सचिव पप्पू दांगी ने कहा कि बड़कागांव और संपूर्ण झारखंड का विकास सिर्फ आजसू पार्टी से ही संभव है। आजसू पार्टी सिर्फ और सिर्फ विकास की राजनीति करती है। बड़कागांव विधानसभा बदलाव के लिए उतारू हो रहा है। मौके पर रूप से आजसू युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नारायण कुमार, प्रखंड सचिव पप्पू कुमार दांगी सहित आजसू पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## विकसित भारत की आधारशिला रखनेवाला बजट है: विकास राणा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी ने वित्त मंत्री को सातवीं बार बजट पेश करने का रेकॉर्ड बनाने की बधाई दी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पियूष गोयल के साथ आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और केंद्रीय प्रवक्ता विकास राणा भाजपा के केंद्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में एनडीए गठबंधन के सभी सहयोगी दलों के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं के साथ बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को आम बजट संसद में पेश करने के बाद बधाई दी। यह बजट विकसित भारत की आधारशिला रखनेवाला बजट है। सभी वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाने वाला बजट है। इस बजट में खासकर विद्यार्थियों को 10 लाख तक का एजुकेशन लोन देने की बात कही गयी है जो कि बहुत लाभकारी होगी। किसानों का विशेष ख्याल रखा गया है। इस बजट से सभी वर्ग के लोगों को दूरगामी परिणाम मिलेंगे।

## करंट लगने से महिला की मौत

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत भराजो पंचायत के अमनारी निवासी उमेश कुमार पिता कृपाल महतो के 27 वर्षीय पत्नी किरण देवी की मौत बिजली करंट लगने से हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उमेश कुमार के घर से कुआं तक मोटर तार गया हुआ था उसकी पत्नी किरण देवी जानवर का गोबर फेकने गयी थी वापस लौटने क्रम में वह बिजली तार की चपेट में आ गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक के दो पुत्र अनील 9 वर्ष और अनीत 7 वर्ष है। मृतक के पति उमेश कुमार भी विकलांग है जिससे पुरा परिवार में परेशानी बढ़ गयी है। मृतक अपने पति, पुत्र के साथ अपने सास और ससुर को भी छोड गयी है। सुचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मी भी घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया।

## डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 को लेकर जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुआ। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि 25 जुलाई को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित है और मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत दिनांक 25 जुलाई से लेकर 20 अगस्त तक पुनरीक्षण गतिविधियां की जायेगी। इसके तहत दिनांक 25 जुलाई से बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जायेगा और मतदाता सूची से मतदाताओं का नाम का सत्यापन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के सफल संचालन में आपलोग का सहयोग अपेक्षित है और जिन मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। इसके साथ उपायुक्त ने बताया कि अभियान का प्रारम्भ कोडरमा जिले में सभी मतदान केन्द्रों पर 25 जुलाई को मध्याह्न 12 से 1 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने अपील है कि अपना नाम मतदान केन्द्र जाकर प्ररूप प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाईन वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो ले कि उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है। मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों समेत अन्य मौजूद रहे।

## बड़कागांव में बच्चों को दिया गया बैग

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पिछले कई दिनों से एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा परियोजना के आस पास के सरकारी स्कूलों में बच्चों को बैग वितरित किया जा रहा है। आज इसी क्रम में एनएमएल पकरी बरवाडीह के द्वारा परियोजना प्रभावित क्षेत्र के तीन स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच 1200 स्कूल बैग का वितरण किया गया है। यह बैग बानादाग उच्च विद्यालय, बानादाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महटिकरा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिकरी में किया गया। बैग मिलने के उपरांत बच्चों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी और विद्यालय नियमित पाने की लालसा भी झलकी। इस मौके पर एनएमएल की ओर से बैग वितरण के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## राजद नेता स्व भोला यादव की मनी पुण्यतिथि



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के औरु पंचायत अंतर्गत सतघरवा ग्राम निवासी समाजसेवी स्व भोला प्रसाद यादव की सप्तमी पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू नेता अशोक गहलोत ने की। कार्यक्रम की शुरुआत स्व यादव की चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उन्हें नम आंखों से याद किया और उनके बारे में बताते हुए कहा कि वे एक सच्चे और ईमानदार व्यक्ति थे। वे बहुत कम समय में समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाये थे और अपने साथ-साथ अपने परिवार को आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे। उनके असामायिक निधन से समाज और परिवार को बड़ी क्षति हुई है। इस मौके पर आजसू नेता अशोक गहलोत के अलावा चकला पंचायत मुखिया दीपा भारती, बैजनाथ गंझू, प्रदीप यादव, बबून लाल, पिंटू यादव, सुधीर सिंह, लंकेश्वर यादव, सुरेंद्र यादव, नंदन यादव, कुंदन यादव, उपेंद्र यादव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## जिला स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के निर्देश पर रामगढ़ जिला स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक विधायक जेपी पटेल के दिगवार स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मंजू जोशी और संचालन जिला सचिव डॉली सिंह ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महिला कांग्रेस प्रभारी सह बालाघाट मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक लिखीराम कावरे और विशिष्ट अतिथि विधायक जेपी पटेल की धर्मपत्नी ललिता देवी शामिल रहे। इस दौरान आगत अतिथियों का स्वागत फूल माला पहनकर व बुके देकर किया गया। स्वागत पश्चात प्रभारी ने मौजूद सदस्यों से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अभी से ही अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी पूर्वक जुट जाने का आग्रह किया है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण व टीम वर्क के साथ काम करने का निर्देश दिया। कहा कि महिलाए ही सबसे बड़ी ताकत है। जो चुनाव में अपनी एकजुटता के साथ चुनाव में जीत हासिल कर सकते है। बैठक के दौरान ललिता देवी ने विस चुनाव में मांडू प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दर्ज करने को लेकर आप सभी आज से ही जुट जाए। बैठक में प्रदेश सचिव मीना राय, जिला महासचिव नंदा देवी, रेणु देवी, जिला उपाध्यक्ष कविता देवी रीना, प्रखंड अध्यक्ष गोला दीपा कुमारी, मांडू प्रखंड अध्यक्ष शोभा कुमारी, पतरातू सोनमती देवी, नगर अध्यक्ष रामगढ़ अध्यक्ष पिंकी कुमारी के अलावे कार्यकारिणी में कारी देवी, सोना देवी, वीणा देवी, मंजू देवी, मीना देवी, सातों देवी, लाल देवी, चंदा देवी, कोमल देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ और प्रबंधन की बैठक आयोजित




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक सभागार में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ और सीसीएल प्रबंधन के बीच बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रबंधन की ओर से केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक प्रवीण कुमार, एसओपी सुनील कुमार सहारे, एसओ सिविल विक्की कुमार, एस के सिंह और राजेश प्रसाद उपस्थित रहे। बैठक के दौरान यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा पूर्व में दिये गये मांग पत्र पर महाप्रबंधक प्रवीण कुमार ने सकारात्मक पहल करते हुए जल्द से जल्द मांग पूरी करने का आश्वासन दिया। उपस्थित प्रतिनिधियों ने बताया की पूर्व में दिये गये मांग पत्र में मुख्य रूप से कर्मचारियों का वेतन विभिन्नता, शॉप में साफ सफाई पानी की व्यवस्था, साबुन, ग्लास, जुट, मार्किन कपड़ा, कर्मशाला मे संचालित कैंटीन का बकाया सहायक पैसा का जल्द भुगतान, कॉलोनी का सड़क, सीवरेज के साथ पेयजल की समुचित व्यवस्था पर जल्द से जल्द सकारात्मक पहल करने को कहा गया। मौके पर अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय महासचिव सह वेलफेयर बोर्ड के सदस्य सतीश सिन्हा, सुदर्शन महतो, क्षेत्रीय अध्यक्ष हरि रत्नम, सचिव रामचंद्र प्रजापति, उपाध्यक्ष अरुण कुमार, सह सचिव जाहिद हुसैन, सेवालाल मांझी, लाल कमल मंडल, संतोष आर, शंकर मिस्त्री, विजय शर्मा, सूरज उपस्थित रहे।

## पंचायत समिति की समीक्षात्मक बैठक



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को पंचायत समिति सदस्यों का समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी विभाग के पदाधिकारियों ने अपने अपने विभाग द्वारा संचालित विकास योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास, 15 फाइनेंस, बाल विकास योजना, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, शिक्षा, निर्वाचन नाम जांचों अभियान 25 जुलाई 2024 को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर जागरूक किए जाने की जानकारी दी। इसके अलावा स्थाई समिति, मुखियायों का 1/5 भाग, पंचायत समिति सदस्य की चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख चंद्रमणि देवी व संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोगाड़ी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय राम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सह कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक डॉक्टर नित्यानंद, शेखर कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतिनिधि, सहायक गोदाम प्रबंधक समेत सभी पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

## सयाल उत्तरी पंचायत के चूल्हा प्रमुख का गठन

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के निर्देश पर उनके सुपुत्र ऋतिक चौधरी के उपस्थिति में बुधवार को सयाल उत्तरी पंचायत के चूल्हा प्रमुख का गठन किया गया। सयाल स्थित आजसू कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एजेकेएसएस के केंद्रीय महामंत्री सतीष सिन्हा के नेतृत्व में चूल्हा प्रमुख का गठन किया गया। मौके पर सतीश सिन्हा ने संगठन की मजबुती पर बल देते हुए कहा कि आज जो चूल्हा प्रभारी बने है वे आने वाले दिनों में मिल का पत्थर साबित होंगे। मौके पर बिनोद कुमार, संतोष ठाकुर, शंकर सिंह, सनी कुमार सिंह, जितेंद्र करमाली, रामबिहारी साव, रवींद्र कुमार, इंद्रदेव पासवान, राजेश श्रीवास्तव, मनीष कुमार, सुरेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थें।

## गोला में हाथियों ने एक को पटक कर मार डाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के कुम्हारदगा गांव के महली टोला निवासी महेश महली पिता रघुराम महली उम्र करीब 62 को बुधवार सुबह को हांथी ने हमला कर जान से मार डाला। शव को पोस्टमार्टम के बाद देर शाम को परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि अहले सुबह साढ़े पांच बजे के करीब महेश महली सौच करने के लिए घर के बगल खेत मे गया हुआ था। इसी बीच आठ हांथीयों का झुंड उक्त स्थल पर पार कर रहा था। अचानक एक हाथी ने उसपर हमला बोल दिया। पटक पटक कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में ईलाज के लिए भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर किया गया। अस्पताल पहुंचने से पूर्व उसने रास्ते में दम तोड़ दिया।



सूचना पर वन विभाग की टीम मृतक के घर पहुंच कर उसके स्वजनों को 20 हजार रुपए का मुआवजा नकद दिया। बाकी मुआवजा कागजी प्रक्रिया पूरी होने के शीघ्र बाद किया जायेगा। वन कर्मियों ने बताया कि आठ हाथियों का झुंड पुरबडीह जंगल व 13 हाथियों का झुंड सुतरी जंगल में डेरा डाले हुए हैं। आसपास के लोगों में दहसत व्याप्त है। ग्रामीणों ने छेत्र से हाथियों को खदेड़ भगाने की मांग विभाग से है।

# रामगढ़ में दो करोड़ से अधिक का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना पर कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा से गांजा लदा ट्रक को पकड़ा। तलाशी के क्रम में ट्रक पर 22 बोरे में 491.65 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस मामले की जानकारी बुधवार को एसपी अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रांची से गांजा लदा ट्रक हजारीबाग की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने मुरपा के निकट नेशनल हाइवे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस क्रम में ट्रक संख्या यूपी 78बीटी 9360 के



चालक पुलिस को देख भागने लगा। जिसे पुलिस ने पीछाकर पकड़ लिया। ट्रक पर प्लास्टिक के कैरेट्स के बीच 22 बोरे में 491.65 किलोग्राम बरामद किया गया। जिसपर ट्रक चालक तुलसी यादव पिता सरदार यादव निवासी लरमी, छतरपुर जिला पलामू निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के विरुद्ध मांडू थाना में कांड संख्या 178/24 धारा 20 बी (।।) सी /25/29 एनडीपीएस एक्ट 1985 अंतर्गत कांड दर्ज कर गिरफ्तार चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध नशा के सौदागरों के विरुद्ध आगे भी सजकता के साथ नियमित रूप से रामगढ़ पुलिस द्वारा अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कांड में जो भी लोग संलिप्त है, उसे बक्शा नहीं जायेगा।

**छापामारी टीम में ये थे शामिल**

छापामारी में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मांडू पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी, दिगम्बर पाण्डेय, सब इंस्पेक्टर रौशन कुमार, मनिष कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## रुआर बैक टू स्कूल कैंपेन को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** पांच से अठारह वर्ग के अनामांकित और ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय वापस लाने और सत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्कूल रूआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पतरातू प्रखंड के वर्किंग हाल में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष रीता देवी और विशिष्ट अतिथि बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह, उप प्रमुख बबीता पांडे, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजेश एक्का, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, पंसस ज्योति गुप्ता की ओर से दीप प्रज्वलित कर किया गया।



कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता व संचालन सुनील राम ने की। इस दौरान स्कूल रुआर से संबंधित कई जानकारी दी गयी। कार्यशाला आयोजन के पूर्व अतिथियों को कस्तूरबा आवासीय विद्यालय पतरातू के छात्राएं द्वारा पौधा देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर बीपीओ मोहम्मद इरफान कौसर, बिइइओ प्रभाकर कुमार बीआरपी अरशद, बीपीएम राजेंद्र राम, सीआरपी संतोष कुमार, सुनील कुमार कुशवाहा, रविंद्र कुमार, निशा कुमारी, उमेश कुमार, ब्रह्मेश्वर सिंह, राजश्री लता सिन्हा, राम लखन साहू, सुजीत सिंह, सुजीत मंडल, सरस्वती कुमारी, गीता कुमारी, सहित प्रखंड के सभी शिक्षक मौजूद थे।

## जुबिली कॉलेज में हुआ पौधरोपण

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिवर साइड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एक और दो संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह झा द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इसके बाद कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अर्जुन कुमार मिश्रा और कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विशेश्वर रविदास, डॉ महेंद्र पांडेय, प्रो राजेश कुमार, प्रो मनोज कुमार दास एवं छात्र-छात्राओं ने भी कॉलेज प्रांगण में दर्जनों फलदार और छायादार पौधे लगाकर इसके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अर्जुन कुमार मिश्रा और डॉ विशेश्वर रविदास ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पीएम नरेंद्र मोदी का प्रकृति सेवा और धरती मां के प्रति सम्मान का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। इससे पूर्व प्राचार्य डॉ एकेएस झा ने सबों को सामूहिक रूप से एक पेड़ मां के नाम लगाने की प्रतिज्ञा कराते हुए कहा कि पर्यावरण और जीवन संरक्षण के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम अति आवश्यक है।

## झारखंड किसान महासभा का प्रतिनिधिमंडल सीइओ से मिला, समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड किसान महासभा का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जिलाध्यक्ष अशोक महतो के नेतृत्व में छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश से मिलकर रामगढ़ डेली मार्केट में किसानों को परेशान किए जाने और वहां से हटाए जाने के सहित अन्य असुविधाओं के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा। बताते चले कि झारखंड किसान महासभा के द्वारा कृषि उत्पाद समिति परिसर में 21 जुलाई को किसान महाजुटान का आयोजन किया गया था। जिसमे रामगढ़ ज़िले के विभिन्न गांवों से सैकड़ों किसानों ने भाग लिया और इस महाजुटान में डेली मार्केट रामगढ़ के किसानों को हटाये जाने सहित कई प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन करने की रणनीति बनायी गयी थी। इसी क्रम में मंगलवार को किसानों का प्रतिनिधिमंडल डीसी चंदन कुमार से भी मिलकर एक ज्ञापन सौंपा था।



### क्या है ज्ञापन में

रामगढ़ शहर के वर्तमान डेली मार्केट के निर्माण का उद्देश्य (झारखंड राज्यपाल द्वारा निर्देशित झारखंड राज्य सरकार के संबंधित विभाग द्वारा अधिसूचना संख्या विविध-17/01-955 वर्ष 2001 और अधिसूचना संख्या 14-04/02/2003) क्षेत्रीय किसानों के लिए कृषि उत्पाद बिक्री के लिए सुगम स्थान उपलब्ध कराना है, लेकिन समूचे सब्जी मंडी में पूर्ण रूप से बिचौलियों का कब्जा हो गया है। इसे तत्काल प्रभाव से मुक्त करा कर सार्वजनिक रूप से सभी किसानों के लिए उपलब्ध करवाया जाये। रामगढ़ डेली मार्केट सब्जी मंडी को उच्चस्तरीय मॉडल सब्जी मंडी बनाया जाये और इसमें किसानों और खरीदारों के लिए सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जाये, जबतक ये (डेली मार्केट) मॉडल सब्जी मंडी बनकर तैयार न हो जाय तब तक किसानों को पुराने स्थान पर ही मंडी लगाने से न रोका जाय, किसानों के बैठने के लिए अतिरिक्त शेड आधारित चबूतरों का निर्माण और सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया जाये आदि शामिल है।

**सीइओ ने दिया आश्वासन:** ज्ञापन सौंपने के बाद जेबीकेएसएस नेता संतोष महतो ने कहा कि उपरोक्त मांगों को लेकर छावनी परिषद के सीइओ ने तत्काल रामगढ़ डीसी और एसपी से बात किया और डेली मार्केट में कब्जा किए दबंगों को हटाने और डेली मार्केट जो आम किसानों के लिए बनाया गया है। उसके वापस यथावत किए जाने की बात की। सीइओ ने पूरे बात को ध्यान से समझा और आश्वस्त किया कि डेली मार्केट आम किसानों का है और किसी भी हालत में इसको कब्जा मुक्त करके आम किसानों को सौंपा जायेगा। वही, महासभा के ज़िलाध्यक्ष अशोक महतो ने स्पष्ट किया है कि उक्त मुद्दे पर हमलोग किसानों के साथ दृढ़ संकल्प के साथ खड़े हैं। इस गंभीर मुद्दे पर यथाशीघ्र समाधान निकालने का आग्रह किया गया है अन्यथा झारखंड किसान महासभा हर संभव विकल्प-आवेदन और मांग पत्र के बाद वृहद् प्रदर्शन और आंदोलन के लिए तत्पर है।

**प्रतिनिधि मंडल में ये थे शामिल:** प्रतिनिधिमंडल में मुनिनाथ महतो, कपिलदेव महतो, सुरेश महतो, रीता भारती, सरिता देवी, प्रतिभा देवी, बिनीता कुमारी, सीमा बेदिया, अमित सिंह शामिल थे।

## गड्ढे में डूबने से बच्चे की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड के चारु नदी में पुल बनाने के लिए खोदे गये गड्ढे में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गया। गड्ढे में डूबे बच्चे को चार घंटे के बाद पानी में खोज कर बाहर निकाल गया। मृतक बच्चा का नाम रिशु कुमार पिता मुन्ना दांगी के रूप में पहचान की गयी। घटना के बाद गांव में मातम फसर गया है और परिजनों का रो-रो का बुरा हाल है। परिजनों में पुल बनाने वाले ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में पुल बनाने के लिए बड़ा गड्ढा खोद दिया गया। खोदे गड्ढे में कोई सेफ्टी नहीं है जिसके कारण यह घटना घटी है। मृतक के पिता ठेकेदार पर कार्रवाई और साथ ही खोदे गये गड्ढे को तत्काल पुल बनाने या उसे भरने की मांग किया है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।

## उज्ज्वला फाउंडेशन की बैठक संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्जवला फाउंडेशन की बैठक बोंगाबार फोरलेन स्थित जेपी रेस्टोरेंट में हुई। बैठक में मुख्य रूप से फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति मौजूद रहे। बैठक के दौरान जगेश्वर प्रजापति ने मौजूद सदस्यों से कहा कि फाउंडेशन का लक्ष्य निरंतर अपने उद्देश्यों के साथ आगे बढ़ता चला जा रहा है। फाउंडेशन ढाई हजार सदस्यों के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है। निश्चित ही आने वाले दिनों में फाउंडेशन की संख्या पांच हजार के पार होगी। कहा कि हमारी संस्था स्वास्थ्य, शिक्षा और महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर कार्य लगातार कर रहा है। उन्होंने मौजूद महिलाओं को धैर्य के साथ कार्य करने का आग्रह किया। वही,पदाधिकारियो ने नए सदस्यों को फाउंडेशन में सदस्यता दिलाई। मौके पर आशा देवी, शांति देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, सुनीता देवी, प्रियंका कुमारी, काजल कुमारी, चिंता देवी, रीता देवी, पानो देवी, पूनम देवी, कंचन देवी, गीत देवी, खुशबू देवी, उषा देवी, नीतू देवी, सुनीता देवी, अर्चना देवी समेत अन्य मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब चुनाव को लेकर बीरेंद्र कुमार उर्फ बीरू और धर्मेंद्र पटेल की टीम ने की बैठक

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आगामी 28 जुलाई को प्रेस क्लब रामगढ़ का चुनाव संपन्न होना है, जिसको लेकर 24 जुलाई को थाना चौक स्थित होटल शिवम इन में वीरेंद्र कुमार उर्फ बीरू और धर्मेंद्र पटेल की टीम ने थाना चौक स्थित होटल शिवम इन में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप बर्मन और संचालन स्वामी नंदन वर्मा ने किया, जबकि बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष पद प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार उर्फ बीरू, उपाध्यक्ष पद अनिल विश्वकर्मा, सचिव पद प्रत्याशी धर्मेंद्र पटेल, सहसचिव पद स्वामी नंदन, कोषाध्यक्ष पद मो वलीउल्ला सहित वरिष्ठ पत्रकार अमित सिन्हा, सरोजकांत झा मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष पद प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार उर्फ बीरू ने जिला के विभिन्न भागों से उपस्थित पत्रकारों से कहा कि यदि उनका गुट चुनाव में विजयी होता है तो सदस्यता शुल्क को 500 रुपये से घटाकर 100 रुपये किया जायेगा, क्लब के सदस्यों का 5 लाख रुपये तक का सामूहिक बीमा कराया जायेगा, दुर्घटना में घायल सदस्यों के लिए 25 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग दिया जायेगा, क्लब के आर्थिक रूप से कमजोर सदस्यों के आकस्मिक देहांत पर उनके परिजनों को 1 लाख रुपये का सहयोग दिया जायेगा। साथ ही अन्य सरकारी लाभ दिलाने का प्रयाय किया जायेगा। अध्यक्ष पद प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार उर्फ बीरू ने कहा कि इतना ही नहीं हम क्लब के पत्रकार साथियों के साथ हर सुख दुख में हमेशा साथ खड़ा रहेंगे। कहा कि यदि न्यूज कवरेज के मामले में किसी पत्रकार साथी को प्रताड़ित करने का प्रयास किया जाता है तो उस स्थित में हम पत्रकार साथी पूरी मजबूती के साथ मदद करेंगे और उसके साथ खड़ा रहेंगे। बैठक को वरिष्ठ पत्रकार अमित सिन्हा, सचिव पद प्रत्याशी धर्मेंद्र पटेल, सरोज झा, मो वलीउल्लाह आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में जिला के विभिन्न क्षेत्र से बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा अधिसूचना सं.: सीएटीजी-मिल्कस्टॉल-5-आरएनसी-4, दिनांक: 23.07.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार है: **कैटरिंग यूनिट:** मिल्क स्टॉल-5; **स्टेशन:** राँची। **स्थान:** प्लेटफॉर्म नं. 4/5 (पोल नं. आरएनसी/117 तथआ आरएनसी/119 के बीच)। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य (अनंतिम):** रु. 47,226; **बयाना राशि:** रु. 12,300; **निविदा की कीमत:** प्रत्येक कैटरिंग यूनिट के लिए निविदा हेतु रु. 2,500 साथ में 18% जीएसटी। **संविदा की अवधि:** 5 वर्ष। (1) सम्पूर्ण बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) होगी। इस निविदा सूचना दिनांकित 23.07.2024 के संबंध में सभी अधिसूचनाएं वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई है। (2) बोली दस्तावेज दिनांक 23.07.2024 से 14.08.2024 तक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा तथा वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। (3) बोलियां दिनांक 23.07.2024 से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में जमा की जा सकती हैं। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 14.08.2024 को अपराह्न 03.00 बजे तक है तथा दिनांक 14.08.2024 को अपराह्न 3.30 बजे खोली जाएंगी। **(PR-415)**

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.: EL/C/S/MHX/ETEN/05/24-25**

**1. कार्य का नाम एवं स्थान:** धनबाद मंडल के अंतर्गत बालूमाथ/टीएसएस में बैक चार्जिंग के लिए डिजाइन, ड्राइंग, निर्माण, परीक्षण और बचे हुए अन्य संबंधित कार्यों को चालू करना। **2. अनुमानित कार्य की लागत:** रु.2,77,77,343.73/- **3. जमा किए जाने वाले वयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य:** NIT के अनुसार एवं रु. शून्य, **4. कार्य पूर्ण करने का समय:** 06 माह, **5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय:** 09.08.2024 दोपहर 12.00 बजे तक, **6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है:** आई.आर.इ.पी.एस वेबसाईट पर www.ireps.gov.in पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है।

हिन्दी एवं अंग्रेजी की तुलना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/ साउथ**
**पू.म.रे./महेन्द्रूघाट/पटना**

पीआर/00749/सीओएनएस/ईएलईसी/टी/24-25/36

**भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान**
**ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE**
**कटक-753 006 (ओडिशा), भारत**
**Cuttack -753 006, (Odisha), India**

**विज्ञापन संख्या 19/YP-II/AFO/2024-25**

भाकृअनुप–राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"धान की फसल में मृदा पुनर्जीवनकर्ता का पुनर्विकास एवं मूल्यांकन"** शीर्षक परियोजना (ईएपी–427) में एक (01) यंग प्रोफेशनल एवं एक (01) कृषि प्रक्षेत्र संचालक के चयन के लिए **दिनांक 06.08.2024 & 08.08.2024** को प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। आवश्यक/वांछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य नियम एवं शर्तों से संबंधित विवरण भाकृअनुप–एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interview will be held on **06.08.2024 & 08.08.2024** for selection of **One YP-II & One (01) Agricultural Field Operator (AFO) respectively** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack, Odisha in the scheme **"Re-development & evaluation of soil revitalizer in Rice" (EAP-427)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website- **https://icar-nrri.in.**

**प्रधान अन्वेषक/PRINCIPAL INVESTIGATOR**

# युवा शक्ति का ख्याल, अगले दौर के सुधारों का वादा

वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट में जिस एक मुद्दे पर काफी ध्यान दिया गया है, वह है युवाओं को रोजगार। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दो लाख करोड़ के खर्च से तीन योजनाएं शुरू करने का वादा किया है, जिनसे 4.1 करोड़ युवाओं को फायदा होने का दावा किया गया है। इनमें रोजगार के साथ कौशल विकास भी शामिल है।

**लोकसभा चुनाव के सबक:** पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुछ राज्यों में रोजगार के मुद्दे पर युवाओं की नाराजगी का सामना करना पड़ा था। ऐसा लगता है, उससे सबक सीखते हुए एनडीए सरकार ने इन योजनाओं का एलान किया है। इसके साथ, एनडीए सहयोगियों जदयू और टीडीपी को भी बजट घोषणाओं के जरिये खुश करने की कोशिश दिखी।

**मध्य वर्ग को राहत:** अंतरिम बजट के बाद मध्य वर्ग को भी रियायतें नहीं मिलने की शिकायत आयी थी। वित्त मंत्री ने 2024-25 के पूर्ण बजट में उसे भी दूर किया है। उन्होंने वेतनभोगियों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की रकम 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपये करने के साथ न्यू टैक्स रिजीम के टैक्स स्लैब में बदलाव करके इस वर्ग को राहत दी है। आशा है कि इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा।

**यह बजट रोजगार, कौशल विकास, मध्य वर्ग और इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित है। दो लाख करोड़ रुपये से 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार, 500 बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप और स्टैंडर्ड डिडक्शन 75 हजार रुपये करने का प्रावधान है। 11.11 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय से इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा।**

**शहरी गरीबों की सुध:** इसके साथ अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ गरीबों और मध्य वर्ग के लोगों को घर के मद में सरकार 2.2 लाख करोड़ रुपये की मदद देगी, जबकि इस पर कुल खर्च 10 लाख करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है।

**इंफ्रा पर फोकस:** पिछले कई बजट से इस सरकार का इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर फोकस बना रहा है। वित्त मंत्री ने इसके लिए 11.11 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय का प्रस्ताव रखा है, जो जीडीपी का 3.4% है। पिछले वर्षों में पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी की वजह से ही देश की आर्थिक विकास दर ऊंची बनी हुई है।

**राज्यों को मदद:** इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार का फोकस इस बात से भी जाहिर होता है कि वित्त मंत्री ने आने वाले पांच वर्षों में इस क्षेत्र के लिए मजबूत वित्तीय मदद मुहैया कराने का वादा किया। इस सिलसिले में केंद्र की ओर से राज्यों को भी वित्तीय मदद जारी रहेगी। वित्त मंत्री ने कहा है कि मौजूदा वित्त वर्ष में राज्यों के लिए 1.5 लाख करोड़ के ब्याज मुक्त कर्ज का प्रावधान किया जा रहा है।

**निवेशकों पर टैक्स बढ़ा:** वहीं, बजट में लघु और दीर्घ अवधि पूंजीगत लाभ टैक्स में बढ़ोतरी के एलान के बाद बेंचमार्क इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी में अच्छी गिरावट आयी थी, लेकिन जब बाजार बंद हुआ, तब ये कमोबेश सोमवार के स्तर के करीब रहे।

**उद्यमिता को बढ़ावा:** यूं तो निवेशकों को टैक्स बढ़ने से निराशा हुई है, लेकिन वित्तीय समायोजन जारी रहने से खासतौर पर विदेशी निवेशक और रेटिंग एजेंसियां खुश होंगी। वहीं, वित्त मंत्री ने एंजेल टैक्स खत्म करने का एलान किया है, जो स्टार्टअप्स निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। इसके साथ वित्त मंत्री ने अगले दौर के सुधारों का भी वादा किया है। अगर वह जमीन और श्रमा जैसे क्षेत्रों में सुधार के वादे को पूरा कर पाती हैं, तो उससे निश्चय ही विकास की रफ्तार तेज होगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में 2024-25 का आम बजट कई मायनों में परिवर्तनकारी है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी।**

# भारत को आर्थिक महाशक्ति बनानेवाला बजट

**ललित सिंह**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का प्रथम संपूर्ण बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया। यह बजट एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिए आगे की राह दिखाने वाला है। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, नौकरीपेशा का थोड़ी राहत, बुनियादी ढांचे में निवेश, पर्यटन को बढ़ावा, आदिवासी उन्नयन, क्षमता विस्तार, हरित एवं कृषि विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी के नये भारत-सशक्त भारत-विकसित पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने सरकार की 9 प्राथमिकताओं -खेती में उत्पादकता और मजबूती बढ़ाना, रोजगार और स्किल डेवलपमेंट, मानव संसाधन का समावेशी विकास और सामाजिक न्याय, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज, अर्बन डेलपमेंट, एनर्जी सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्नोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स का एलान किया है, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगा। बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है, वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी है। विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। सातवीं बार बजट प्रस्तुत कर वित्तमंत्री सीमारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने वित्त मंत्री के रूप में पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था।

**बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है, वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी है।**

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, जो इस बजट से पूर्ण होता हुआ दिखाई देता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को लम्बे अंतराल के बाद 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। नये टैक्स रिजीम के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही नये टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। बजट में लांग टर्म कैपिटल गेंस टैक्स में भी कुछ अहम बदलाव करने का एलान किया है। मौजूदा नियमों के तहत एक वित्त वर्ष के दौरान अधिकतम 1 लाख रुपये तक के लांग टर्म कैपिटल गेन पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस लिमिट को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दिया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, नवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की जायेगी। वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण पूल भी बनाया जायेगा। मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाने का लक्ष्य है। 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण 4 का शुभारंभ किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाये जायेंगे। छात्रावासों और क्रेच के माध्यम से कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जायेगा। सरकार समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय सहयोग नीति लाएगी। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक क्षेत्र में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद इस बजट प्रावधानों के माध्यम से देश को स्थिरता की तरफ ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं। बजट हर वर्ष आता है। अनेक विचारधाराओं वाले वित्त मंत्रियों ने विगत में कई बजट प्रस्तुत किये। पर हर बजट लोगों की मुसीबतें बढ़ाकर ही जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट ने अर्थव्यवस्था में नयी परंपरा के साथ राहत की सांसें दी है तो नया भारत-सशक्त भारत-विकसित के निर्माण का संकल्प भी व्यक्त किया है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रेलों का विकास, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ किसानों, आदिवासियों, गांवों और गरीबों को ज्यादा तवज्जो दी गयी है। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। इस बार के बजट से हर किसी ने काफी उम्मीदें लगा रखी थीं और उन उम्मीदों पर यह बजट खरा उतरा है। विशेषतः नौकरीपेशा लोगों ने राहत की सांस ली है।

संभवतः इस बजट को नया भारत निर्मित करने की दिशा में लोक-कल्याणकारी बजट कह सकते हैं। यह बजट वित्तीय अनुशासन स्थापित करने की दिशाओं को भी उद्घाटित करता है। आम बजट न केवल आम आदमी के सपने को साकार करने, आमजन की आकांक्षाओं को आकार देने और देशवासियों की आशाओं को पूर्ण करने वाला है बल्कि यह देश को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण एवं दूरगामी सोच से जुड़ा कदम है। बजट के सभी प्रावधानों एवं प्रस्तावों में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत यह बजट निश्चित ही अमृत बजट है। जिसमें भारत के आगामी 25 वर्षों के समग्र एवं बहुमुखी विकास को ध्यान में रखा गया है। बीते कुछ सालों में नरेंद्र मोदी ने इकोनॉमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है।

आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जायेगा। इससे 63,000 गांवों को कवर किया जायेगा, जिससे 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा। बजट में टूरिज्म पर विशेष बल दिया गया है। पर्यटन हमेशा से हमारी सभ्यता का हिस्सा रहा है। भारत को वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के सरकार के प्रयासों से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बिहार में राजगीर और नालंदा के लिए एक व्यापक विकास पहल की जाएगी। सरकार ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा देंगी, जिसमें प्राकृतिक सुंदरता, मंदिर, शिल्पकला, प्राकृतिक परिदृश्य, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन समुद्र तट हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आशा के अनुरूप ही बजट का फोकस किसानों, आदिवासियों, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास, रोजगार, युवाओं की अपेक्षाओं, विकास और ग्रामीण क्षेत्र एवं पर्यटन पर रखा है। अपने ढांचे में यह पूरे देश का बजट है, एक आदर्श बजट है। इसका ज्यादा जोर सामाजिक विकास पर है। अक्सर बजट में राजनीति, वोटनीति तथा अपनी व अपनी सरकार की छवि-वृद्धि करने के प्रयास ही अधिक दिखाई देते हैं, लेकिन बावजूद यह बजट राजनीति प्रेरित नहीं, देश प्रेरित है। इस बजट में जो नयी दिशाएं उद्घाटित हुई है और संतुलित विकास, भ्रष्टाचार उन्मूलन, वित्तीय अनुशासन एवं पारदर्शी शासन व्यवस्था का जो संकेत दिया गया है, सरकार को इन क्षेत्रों में अनुकूल नतीजे हासिल करने पर खासी मेहनत करनी होगी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सड़क हादसे में युवक की मौत,मुआवजा की मांग को लेकर थाना में शव के साथ प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिनी।** सरायकेला खरसावां जिले में सड़क दुर्घटनाओ का दौर लगातार जारी है। जिला पुलिस सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाने के लिए कई सारे वादे कर रहे हैं ,लेकिन उन सभी वादे बातों तक ही सीमित रह जा रही है। बुधवार को सरायकेला-कांड्रा मार्च पर सिनी मोड़ के समीप दर्दनाक सड़क हादसे में नीलमोहरपुर निवासी 35 वर्षीय चंद्र प्रकाश महतो की मौत हो गयी। बताया जारहा है कि घटना सुबह लगभग 6:00 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मोटरसाइकिल से गम्हरिया किसी कंपनी में काम के लिए जा रहा था। इसी दौरान गम्हरिया की ओर से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने उसे चपेट में ले लिया। मौके पर चंद्र प्रकाश महतो गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को सदर अस्पताल लाया गया। वही बेहतर इलाज के लिए टीएमच रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान चंद्र प्रकाश महतो की मौत हो गयी। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने मुआवजा की मांग को लेकर शव के साथ सरायकेला थाना में प्रदर्शन किया। परिजन को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का समर्थन मिला। मौके पर प्रेम मार्डी ने कहा जबतक मृतक के आश्रित को 25 लाख रुपये मुआवजा नहीं दी जायेगी तब तक शव का दाह-संस्कार नहीं होगा। हालांकि घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक को धर दबोचा। फिलहाल पुलिस मामले का जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

# झामुमो-कांग्रेस भूमिज विरोधी हैं: गणेश सरदार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 में भूमिज भाषा को जनजातीय भाषा के रूप में शामिल नही किया गया है, जिसके विरोध में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर के जिला मंत्री गणेश सरदार ने प्रेस वार्ता कर कड़ी निंदा किया है। प्रेस वार्ता में श्री सरदार ने कहा कि भूमिज भाषा को जेटेट परीक्षा में शामिल नही कर झामुमो- कांग्रेस गठबंधन सरकार की भूमिज विरोधी मानसिकता को दर्शाता है और इसके लिए हमारे भूमिज समाज के एकमात्र विधायक संजीव सरदार जिम्मेदार है। विधायक संजीव सरदार की उदासीनता और लापरवाही के कारण भूमिज समाज के अस्तित्व को समाप्त करने के लिए साजिश कर भूमिज भाषा को जेटेट परीक्षा से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने रघुवर दास की सरकार में भूमिज भाषा को द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्रदान कर जेएसएससी व जेपीएससी के द्वारा आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल किया था, परंतु झामुमो की सरकार में भूमिज भाषा को जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा की सूची से हटा दिया गया, जिससे भूमिज और अन्य आदिवासी समुदाय के छात्रों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए सीधा जिम्मेदार विधायक संजीव सरदार है। भूमिज समाज के लगातार आंदोलन कर मांग करने के बावजूद झारखंड सरकार ने कोई ध्यान नही दिया, इसका मतलब स्पष्ट है कि विधायक संजीव सरदार का झामुमो की सरकार में कोई अहमियत नही है। अपने को आदिवासियों का हितैषी बताने वाली झामुमो का असली चेहरा बेनकाब हो गया है। इसका जवाब आनेवाली विधानसभा चुनाव में भूमिज समाज के लोग झामुमो और विधायक संजीव सरदार को जरूर देगी।

श्री सरदार ने कहा कि भाजपा की सरकार बनेगी तो भूमिज भाषा को क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा के रूप में पुनः सूचीबद्ध कर प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल किया जायेगा। इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से भाजयुमो के घाघीडीह मंडल महामंत्री गोविंदा पति, राजू सिंह सरदार,शिशु टुडू,चंद्र मोहन सरदार, सोमाय हांसदा आदि शामिल रहे।

# जमशेदपुर की तीन आदिवासी सीटों के दर्जन भर टिकटार्थियों ने की अर्जुन मुंडा से मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घटशिला।** आजाद सिपाही संवाददाता घटशीला ' विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त करने के लिए एक ओर प्रदेश भाजपा नेतृत्वकेंद्रीय नेताओं के साथ दिल्ली में फूलप्रूफ योजना बनाने में जुटा है तो दूसरी तरफ टिकट की आस लगाये कुछ स्थानीय नेताओं ने आज पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा से मुलाकात कर अपनी दावेदारी को पुख्ता करने का प्रयास किया। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत छह में से तीन सीट अनुसूचित जनजाति के लिए रिजर्व है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को जमशेदपुर स्थित अर्जुन मुंडा के आवास पर उनसे मिलने बाहरगोड़ा विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी और पूर्व जिलाध्यक्ष सरोज महापात्र ने मुलाकात की। इसी तरह, घटशीला से चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी डॉ सुनीता देवदूत सोरेन, गीता मुर्मू, सुभास सिंह और पिछले चुनाव में किस्मत आजमा चुके लखन मारडी भी श्री मुंडा से मिले । पोटका विधानसभा सभा क्षेत्र से पूर्व विधायक के पुत्र मनोज सरदार एवं अन्य तीन लोग अपने समर्थको के साथ पहुचे थे। इस क्रम में बाहरगोड़ा से चुनाव लड़ने को ताल ठोक रहे राहुल उर्फ ऋषि सारंगी तो मंगलवार को दिल्ली जा पहुचे ' राहुल सारंगी ने बताया कि उन्हें दिल्ली आने को कहा गया तभी वे वहां जा रहे है। इसी तरह, बाहरगोड़ा विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी देविशंकर दत्ता उर्फ काबू दत्ता तीन -चार दिनों से दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं । वहां उन्होंने भाजपा के कुछ नेताओं से मुलाकात की और टिकट का अपना दावा पुख्ता किया 'दिल्ली में सोमवार -मंगलवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के मुद्दे पर बैठक की खबर मिलने के बाद सभी टिकतार्थी बेचैन हो उठे हैं ' बता दें कि झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह आदि ने मंथन किया । इस खबर के बाहर आते ही चुनाव लड़ने का मन बनाये भाजपाइयों की रेस लग गयी है। अब देखना है कि जसमशेद लोकसभा के तीन एसटी सीट पर पार्टी का पसंद कौन बनेगा।

# बच्चों को नहीं मिला न्याय, सरकार एनटीए को बचाने में सफल : डॉ अजय कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी होने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये फैसले पर पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ट नेता डॉ.अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस बयान जारी कर अपने प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों ने कोर्ट के सामने सही तथ्य को नहीं रखा। सभी बच्चे चाहते थे कि नीट यूजी की परीक्षा दोबारा हो। यदि फिर से परीक्षा होता तो देश के लिए एक नजीर बनती। जिन लोगों ने पेपर आउट किया या सेंटर पर गड़बड़ी की उनके चेहरे पर तमाचा लगता। उन्होंने मोदी सरकार से एक सवाल पर कहा कि सरकार को यह सार्वजनिक तौर पर बताना चाहिए कि नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक के लिए जिम्मेदार कौन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शुरू से एनटीए को बचाना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दुखद करार देते हुए डॉ. अजय ने कहा कि बच्चे निराश है। इस फैसले से पेपर लीक करने वालों के हौसले और बुलंद होंगे। अब देशवासियों का एनटीए और नीटयूजी परीक्षा पर भरोसा उठ जायेगा।

# अमन साहू गिरोह के तीन शूटर गिरफ्तार

## इसी गिरोह ने मेराल फ्लाइ ओवर साइट पर करायी थी फायरिंग

**फायरिंग कांड में इंटरनेशनल कनेक्शन भी आया सामने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एमजीसीपीएल कंपनी के द्वारा गढ़वा के मेराल थाना क्षेत्र में एनएच 75 पर निमार्णाधीन फ्लाईओवर के पिलर नंबर एक के समीप गत दिनों गोली चलाने वाले तीन अपराधियों को गढ़वा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपराधियों में सिमडेगा जिला के बानो थाना क्षेत्र के बुझगा गांव निवासी स्वर्गीय भागीरथ सिंह का पुत्र विक्रम सिंह, गुमला जिला के पालकोट थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली निवासी अशोक केवट का पुत्र सूरज केवट और पालकोट रोड डिक्शनरी मोहल्ला निवासी स्वर्गीय नानहु राम पासवान का पुत्र सूरज पासवान उर्फ सूरज राम के नाम शामिल है। पुलिस ने उसके पास से घटना में शामिल एक मोटरसाइकिल तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है। इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि मेराल थाना क्षेत्र के एमजीसीपीएल कंपनी के द्वारा निमार्णाधीन फ्लाईओवर पिलर नंबर एक के पास 11 जुलाई को शाम 6:30 बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन अज्ञात अपराधकमीर्यों के द्वारा फायरिंग की घटना की गई थी। इसके बाद मेराल पुलिस ने इस कांड का प्राथमिक दर्ज किया। उन्होंने बताया कि इस घटना के उद्भेदन और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि एसआईटी टीम द्वारा जुटाए गए तकनीकी और साक्ष्य के आधार पर इस घटना में अमन साव गिरोह का हाथ होने की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि संपूर्ण घटनाक्रम में मलेशिया के क्वालालामपुर से मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा के द्वारा सिमडेगा जेल में बंद आशीष साहू उर्फ पकौड़ी और आकाश राय उर्फ मोनू राय के साथ सिमडेगा जेल से बाहर आए विक्रम सिंह से यह घटना कराई गयी है।



उन्होंने बताया कि इस घटना में विक्रम सिंह के साथ दो अन्य लोग होने का प्रमाण मिला था। इसके आधार पर एसआईटी टीम के द्वारा गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पलामू में लगातार छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में उन्हें गुप्त सूचना मिला की 24 जुलाई को डुमरो गांव के पास एक बाइक पर सवार तीन लोगों को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के क्रम में उक्त तीनों ने फायरिंग की घटना में अपनी संलिपिता को स्वीकार किया है। एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि मयंक सिंह, आशीष और मोनू राय के कहने पर उक्त लोगों द्वारा 11 जुलाई को मेराल थाना पहुंचकर गोली चलाने की घटना का अंजाम दिया था।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा उनके साथ दो अन्य लोग इस घटना में शामिल थे। एसपी ने बताया कि मयंक सिंह के द्वारा उसे संपर्क कराया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना को अंजाम देने के लिए उसे दो पिस्टल, 20 गोली और 65 हजार रुपये नगद 7 जुलाई को उपलब्ध कराया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना के अंजाम देने के बाद बिक्रम सिंह 13 जुलाई को रायपुर पहुंचा। उन्होंने बताया कि दो अन्य शूटर को जिनको रायपुर में गोली चलाना था। उन्हें हथियार उपलब्ध कराया। इसके बाद विक्रम सिंह गुमला जाकर अपना पहना हुआ कपड़ा और मोबाइल तोड़कर जंगल में फेंक दिया। जिसे बरामद करने के लिए गढ़वा से एक पुलिस टीम को गुमला भेजी गयी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना को अंजाम देने से दो दिन पूर्व दो लोग गढ़वा पहुंचकर रेकी किया था। उन्होंने बताया कि विक्रम सिंह पर सात मामले पूर्व से चले आ रहे हैं। वह 29 जून को जेल से छूटकर बाहर आया था। इसके अलावे सूरज पासवान पर चार मामले पहले से दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि सूरज केवट पर भी दो मामले चल रहे हैं। एसपी ने बताया कि इस कांड का उद्भेदन करने को लेकर इसमें शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी को रिवॉर्ड दिया जायेगा।

एसपी ने बताया कि छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय यशोधरा, प्रशिक्षित पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीवी मंडल, मेराल थाना प्रभारी विष्णु कांत सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

# गढ़वा अब विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है आगे : मंत्री

**10 करोड़ की लागत से होगा तीन पुलों का निर्माण, झारखंड सरकार ने दी स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका व रमकंडा प्रखंड में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से तीन पुलों का निर्माण किया जायेगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत रमकंडा में दो तथा रंका में एक पुल का निर्माण किया जायेगा। इसके तहत रमकंडा प्रखंड के पंचायत चेटे में ग्राम चेटे, टेढ़ाकहुआ और बोड़ी के बीच हाठु नदी पर तीन करोड़ 94 लाख 48 हजार 700 रुपये की लागत से 96.8 मीटर लंबा उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जायेगा। साथ ही इसी प्रखंड के पंचायत रक्सी में ग्राम रक्सी देवी मंडप से ढुलवा सीमा के समीप हड़बड़िया नाला पर दो करोड़ 78 लाख 94 हजार 500 रुपये की लागत से 58.08 मीटर लंबा उच्च स्तरीय पुल तथा रंका प्रखंड में ग्राम बाहाहारा और जासोबार (पानापोठी) के बीच हाठु नदी पर दो करोड़ 96 लाख 42 हजार 400 रुपये की लागत से



मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर।

67.08 मीटर लंबा उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जायेगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि उक्त पुलों के निर्माण की स्वीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। शीघ्र ही इसकी निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। मंत्री ने कहा कि एक समय था जब गढ़वा विधानसभा क्षेत्र और गढ़वा जिले के गिनती राज्य के सबसे पिछड़े जिले में होती थी। परंतु पिछले साढ़े चार वर्षों में स्थिति पूरी बदल गयी है। गढ़वा की बदहाली अब बीते दिनों की बात हो गयी है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा विकास के पथ पर काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब गढ़वा पीछे मुड़कर नहीं देखने वाला है। विकास की गति में निरंतर तीव्रता ही आयेगी। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र के दर्जनों गावों के ग्रामीणों को बरसात के मौसम में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। लंबे समय से ग्रामीण पुल निर्माण की मांग कर रहे थे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान वहां की स्थिति को देखकर उन्होंने ग्रामीणों से उच्च स्तरीय पुल निर्माण कराने का वादा किया था। वह वादा अब पूरा हो चुका है। मंत्री ने कहा कि ग्रामीणों की यह समस्या वर्षां से बनी हुई थी। परंतु पूर्व के जनप्रतिनिधि झूठे वादे कर जीत जाते थे। जीतने के बाद वे जनता को अपना चेहरा तक नहीं दिखलाते थे। फिर अगले चुनाव में झूठ का सहारा लेकर जनता को ठगकर निकल जाते। यही सिलसिला चलते आ रहा था। अंततः गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने वर्ष 2019 में अपना निर्णय बदला। अब उनका निर्णय पूरी तरह से सार्थक साबित हो रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि काफी कम समय में पूरे गढ़वा की तस्वीर बदल गयी है। आने वाले समय में गढ़वा का और बेहतर रूप देखने को मिलेगा।

## भाजपा नेता ने मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल के सीनियर डीसीएम से मुलाकात की



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता मुरली श्याम सोनी ने मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल के सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार से मुलाकात कर पलामू प्रमंडल की मुख्य स्टेशन के बारे में बातचीत की। उन्होंने खासकर गढ़वा स्टेशन जो जिला मुख्यालय रेलवे स्टेशन है इसकी साफ सफाई अमृत भारत योजना के तहत गढ़वा स्टेशन का मॉडलाइज कारण और सुंदरीकरण आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। प्लेटफार्म नंबर 1, 2 पर सेट के नीचे पंखा पीने की पानी आदि तत्काल लगवाने, मझिआंव रोड अंडर पास पुलिया के नीचे नाली में जमे पानी के कारण आने जाने वाले यात्रियों को बहुत परेशानी होती है, उसे ठीक करने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इसे ठीक किया जा जायेगा, साथ में सीनियर डीसीएम कोचिंग, चंद्रशेखर प्रसाद से भी मुलाकात किया।

## सारथी सोसाइटी ने पौधरोपण किया



हरिहरपुर। स्थानीय मवि के प्रांगण में बुधवार को पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सारथी सोसाइटी की ओर से वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन व संचालन सारथी सोसाइटी के प्रशिक्षु और यूपीईएस देहरादून के छात्र दिव्यांश राजपूत ने प्रभारी प्रधानाद्यापक किशोर कुमार के मार्गदर्शन में किया। रोपण गतिविधियों के बाद पर्यावरण प्रदूषण को रोकने, पर्यावरण संतुलन बनाये रखने व पर्यावरण से जुड़े विविध विषयों पर ड्राइंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई छात्र-छत्राओं को पर्यावरण संरक्षण पर अपनी रचनात्मकता और विचार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों ने कई जीवंत कलाकृति ने ग्रह की रक्षा के प्रति उनकी समझ और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। उक्त आयोजन पर्यावरण संरक्षण पर सफलता कार्यक्रम रहा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक व कई लोग मौजूद थे।

## 24 में से 16 मामलों का तत्काल किया गया निपटारा

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना के प्रांगण में मंगलवार को रंका अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप, अंचल पदाधिकारी शिव पूजन तिवारी, अंचल निरीक्षक परमानन्द गुप्ता, पुलिस निरिक्षक सह थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के उपस्थिति में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 20 जमिनी विवाद और 4 घरेलू विवाद से संबंधित मामला आया। उक्त 20 जमिनी विवाद में से 12 मामलों को अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल पदाधिकारी के द्वारा स्पष्ट निर्देश देते हुए तत्काल निपटारा किया गया। बाकी 8 मामलों के संबंध में कर्मचारी और अंचल निरीक्षक को स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस द्वारा 4 घरेलू विवाद का आपसी बातचीत और मध्यस्थता से निपटारा किया गया। इस थाना दिवस के अवसर पर 150 से अधिक संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे। रंका थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के द्वारा प्रत्येक मंगलवार को थाना दिवस आयोजित किये जाने की जानकारी से सभी लोगों को अवगत कराया गया।

## आत्महत्या करने गये युवक को बचाने गये युवक की घटनास्थल पर ही मौत

केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के नावाडीह में मंगलवार की देर रात्रि में कुएं में दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत और दो गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार केतार थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी वकील अंसारी की 17 वर्षीय पुत्र कैफ रजा अपने पिता से आपस में झगड़ा कर कुएं में छलांग लगाकर मरने की बात कहकर मस्जिद के बगल में स्थित एक कुएं में जाकर कुद गया। कैफ रजा को निकालने के लिए गांव के ही एक युवक मकसूद अंसारी 24 पिता नजाबुद्दीन अंसारी कुएं में चला गया। लेकिन वह निकलने में असफल रहा, तभी बगल के ही मकसूद अंसारी 25 वर्ष पिता मुमताज अंसारी कैफ रजा को निकालने के लिए रस्सी में मचिया बांधकर मृतक मकसूद अंसारी कैफ रजा को निकालना चाहा। परंतु कुएं के ऊपर भाग ज्यो ही पकड़ना चाहा तो कैफ रजा छटपटा कर जोर से मकसूद को झटका दिया। वहां से दोनों नीचे गिर गये। मृतक मकसूद सीधे कुएं में पुठी पर रखे पोल पर जा गिरा। जिससे सिर फट गया और पानी में जा गिरा जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गया। कैफ मोटर के सेक्शन में फंसते हुये पानी में जा गिरा और घायल हो गया। तत्काल कैफ को इलाज के लिए भवनाथपुर समुदायिक अस्पताल भेजा गया। वहां के डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया। थाना प्रभारी के काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया और थाना प्रभारी ने पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा दिया।

# झामुमो की सरकार में गरीबों के साथ हो रहा अन्याय : भानु

**भाजपा विधायक भानुप्रताप साही ने जमीन विवाद में हुई पतिहारी और पिपरी गांव में मारपीट की घटना को लेकर काफी रोष व्यक्त किया है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** वर्तमान भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक भानुप्रताप साही ने जमीन विवाद में हुई पतिहारी और पिपरी गांव में मारपीट की घटना को लेकर काफी रोष व्यक्त किया है। उन्होंने सामंतवादी विचार धारा फिर से लौटने का आरोप लगाया है। उन्होंने जमीन विवाद में हुयी मारपीट से घायल पिपरी खुर्द निवासी इंद्रजीत ठाकुर के घर पहुंच कर घटना की जानकारी लिया। वहीं पतिहारी गांव के छकौड़ी ठाकुर के परिजनों से भी



विशुनपुरा मारपीट में घायल इंद्रजीत ठाकुर से मिलते विधायक भानु प्रताप शाही।

मारपीट के घटना की जानकारी लिया। इन सभी घटनाओं को लेकर विधायक भानुप्रताप साही ने विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह से जानकारी लिया। उन्होंने अविलंब इन दोनों मामले में आरोपी को पकड़ कर जेल भेजने की बात कही है। उसके बाद उन्होंने बंशीधर नगर एसडीपीओ से घटना के विरोध में आरोपी पर अविलंब कार्रवायी करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना से संविधान का हनन किया जा रहा है। पुलिस मुक दर्शक बन कर देख रही है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर कार्रवायी नहीं हुयी तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा और झामुमो के लोग गरीबों के साथ दिन दहाड़े मार पीट कर हाथ पैर तोड़ते चल रहा है। झामुमो की सरकार में गरीबों के साथ अन्याय किया जा रहा है। संविधान में सभी गरीबों को अपनी आवाज उठाने का पूरा अधिकार दिया गया है, लेकिन सामंतवादी विचार धारा के लोग गरीबों के आवाज को कुचलने का कार्य कर रहा है।

पूर्व विधायक और दीपक प्रताप देव लोगों को जमीन देकर फिर से जमीन को लूटने का कार्य कर रहे है। और इनके सहयोगी उन गरीबों को मारपीट कर कुचलने का कार्य कर रहा है।

वहीं उपस्थित लोगों ने आरोप लगाया कि गढ़ परिवार ने एक जमीन पर तीन-तीन बार पैसा लिये है। इस पर विधायक ने कहा कि इस तरह के दर्जनों घटनाएं घटी है। इसके पूर्व विशुनपुरा में जमीन विवाद को लेकर कई बार मारपीट की घटना ग्रामीणों हुयी है।

## भाजपा प्रखंड कार्यसमिति की बैठक



भंडरिया। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित सांसद प्रतिनिधि कार्यालय परिसर में भाजपा प्रखंड कार्य समिति का बैठक किया गया आयोजित। बैठक में मुख्य रूप से डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया मुख्य रूप से थे उपस्थित। बैठक में श्री चौरसिया ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को लोकसभा में प्रचंड जीत दिलाने के लिए धन्यवाद देते हुए झारखंड के भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए होने वाले नवंबर माह में विधानसभा चुनाव में तन-मन-धन से लगकर भारतीय जनता पार्टी का झारखंड में सरकार बनाना है। आप सभी कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ है। इस बैठक में मुख्य रूप से संसद के प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, जिप सदस्य हिरवंती देवी रामकरेश चौरसिया कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता विजय केसरी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल केसरी राजेश कुमार वर्मा कुंवर सिंह सदस्य रामजीत सिंह आदि समेत दर्जनों की संख्या में बुथ अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अखिलेश्वर की कुआं में दम घुटने से मौत

हरिहरपुर(आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र के लोहरगड़ा गांव निवासी 50 वर्षीय अखिलेश्वर चौधरी की कुंआ में दम घुटने से मौत हो गयी। अखिलेश्वर अपने कुएं में चापाकल की पाइप लगाने कुंए में उतरा था। अखिलेश्वर को कुंए में छटपटाता देख गांव के ही कृष्णा चंद्रवंशी उसे बचाने के लिए कुंए में उतरने के क्रम में बेहोश हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि कुएं में जहरीली गैस की वजह से अखिलेश्वर की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल से करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पाठशाला योजना के अंतर्गत भवनाथपुर ब्लॉक में 3.15 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट शुरू

**जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि यहां पर इस पाठशाला से किसानों को काफी लाभ पहुंचेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखंड सरकार के तत्वाधान में संचालित समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला योजना के अंतर्गत गढ़वा जिले के भवनाथपुर ब्लॉक में 3.15 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट शुरू हुआ है। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद और प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ. निहाल ओझा ने फार्म



का जायजा लिया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि यहां पर इस पाठशाला से किसानों को काफी लाभ पहुंचेगा। साथ ही साथ वह यहां से प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठा सकेंगे और भी तमाम जानकारियां प्राप्त होगी। उन्होंने फार्म हाउस का पूरा भ्रमण करके देखा कि कैसे इस योजना को यहां पर बिठाया जा सकता है, और यहां के आसपास के सम्मानित किसानों को कैसे लाभ कराया जा सकता है, ताकि उन किसानों की कम लागत में ज्यादा मुनाफा हो सके साथ ही साथ हमारे किसान विकासशील किसान बन सके। प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि इस पाठशाला से किसानों को काफी मदद मिलेगी और वैज्ञानिक ढंग से खेती करके आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी, साथ ही साथ मुर्गी पालन बकरी पालन गौ पालन और सूअर पालन के बारे में भी बताने के साथ ही साथ कहा कि इसको देख करके यहां के आसपास के किसान अपना स्वयं का छोटा-छोटा उद्योग करके आगे बढ़ सकते हैं, और किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। मौके पर प्रोजेक्ट कंसलटेंट विवेक मिश्रा, सौरभ सिंह, कोऑर्डिनेटर ब्रिजेश पासवान, यशवंत, राहुल रंजन और अन्य उपस्थित थे।

**उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
(सामान्य शाखा)

**शुद्धि पत्र**

अधोहस्ताक्षरी के आदेश ज्ञापांक–376/सा0 दिनांक–12.07.2024 द्वारा निर्गत विज्ञापन सं0–01/2024, जो खूँटी जिलान्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी नियुक्ति से संबंधित है एवं PR329579District(24-25)#D है, की कंडिका 17a (4) में यथाविहित्त **आचरण से संबंधित प्रमाण–पत्र** प्रस्तुतीकरण की अनिवार्यता को शिथिल किया जाता है।

उक्त परीक्षा के सम्पादनोपरान्त मेधा सूची प्रकाशन के पश्चात् उतीर्ण अभ्यर्थीयों द्वारा आचरण प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
खूँटी।

PR 330596 (District) 24-25 (D)

# भाजपा नेताओं ने विधायक पर हुए मुकदमे के पीछे अनंत और ताहिर का हाथ बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष भूषण सिंह और अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि विधायक भानु प्रताप शाही पर रमना थाने में झूठा एससी-एसटी का मामला दर्ज कराया गया है। इसमें झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव व ताहीर अंसारी के मिलीभगत है। मामले में राज्यपाल से जांच की मांग करेंगे। भाजपा नेता बुधवार को विधायक भानु प्रताप शाही के गढ़वा स्थित आवास पर पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। नेताओं ने कहा कि 20 जुलाई को विधायक सह पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही रांची में आयोजित विस्तृत कार्यकारिणी की बैठक में संचालन कर रहे थे। विधायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ कुछ भी असंसदीय भाषा का प्रयोग नहीं किया है। जिससे किसी व्यक्ति के जाति को ठेस पहुंचे। बल्कि भाजपा राज्य में विपक्ष में है। उस नाते जनता की दर्द को विधायक मंच से बयां कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि रमना थाने में बहियार खुर्द गांव निवासी राजेंद्र उरांव ने विधायक पर मुख्यमंत्री के विरुद्ध असंसदीय भाषा का प्रयोग करते हुए जाति को ठेस पहुंचाने को लेकर एससी एसटी के तहत केस दर्ज कराया है। जो बिलकुल निराधार व बेबुनियाद है। नेताओं ने गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे राज्य के नहीं बल्कि गढ़वा व भवनाथपुर के मंत्री हैं। लोक सभा चुनाव में जनता ने लोक सभा चुनाव में ही इंडी गठबंधन को सबक सिखाने का काम किया है। बावजूद झामुमो के लोग समझ नहीं पा रहे हैं। भाजपा नेताओं ने चुनौती देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता हेमंत सोरेन को कुर्सी से उतारने का काम अवश्य करेगी। पत्रकार वार्ता में युवा मोर्चा के धुरकी मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, केतार मंडल के अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राज कुमार पासवान, एससी मोर्चा के केतार मंडल अध्यक्ष विजय सिंह चेरो आदि उपस्थित थे।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN : U40108JH2013SGC001702)
Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi – 834004,
Email:- gmrevenue2022@gmail.com

**INVITING E-TENDER BID**

**NIT - 54/PR/JBVNL/2024-25**

**For selection of consultancy firm for "Supporting JBVNL in Monitoring and Implementation Support at HQ Level for Metering, Billing and Collection (MBC) Related Systems & Processes, Continuous assistance in Commercial related system Improvement & Continuous Regulatory Assistance in all Regulatory Matters"**

**Timelines for participating in the all the above e-tender is detailed below :**

| Sl. No. | Event | Timelines |
|---|---|---|
| i | Date of Publication of Notice in Newspaper | 25.07.2024 |
| ii | Start date & time for downloading the tender documents | From 25/07/2024 at 10:30 Hrs. |
| iii | Last date & time for submission of clarification, if any on the document for pre-bid meeting / Pre-bid Queries (Through E-mail Only) | Upto 31/07/2024 at 18:00 Hrs. |
| iv | Pre-bid meeting | On 01/08/2024 at 12:30 Hrs. |
| v | Last date & time of receipt of bid documents (Online) | Upto 14/08/2024 at 14:30 Hrs. |
| vi | Due date for opening of Technical Bid (Part-I) | 14/08/2024 at 16:00 Hrs. |

Bid uploading / opening will be through e-tendering norms only. The complete Tender documents can be downloaded through website www.jharkhandtenders.gov.in Bidder may contact help desk of e-Procurement system at the following web address: www.jharkhandtenders.gov.in.

**Note:- Pre-bid meeting shall be conducted at Conference Hall, JBVNL HQ, Ranchi at aforementioned date and time**

Call Center 24 x 7
18003456570 /18001238745
Centralised Complain NO. 1912

**Tendering Authority:**
General Manager (Revenue)
9431708980, 7992276731

Sd/-
**General Manager (Revenue)**

PR 330552 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (24-25)_D

# ट्रेलर और हाइवा की टक्कर में एक ड्राइवर घायल, एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध संघमित्रा एरिया क्षेत्र के चमातू (मगध) कोलियरी से कोयला परिवहन कार्य में लगे ट्रेलर वाहन और हाइवा में में टक्कर होने से दोनों वाहन चालक घायल हो गये हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मगध कोल माइंस से कोयला लेकर बालूमाथ सीसीएल साइडिंग आ रहे ट्रेलर वाहन एवं बालूमाथ की ओर से जा रही हाइवा वाहन के बीच सवासार गांव के समीप जोरदार टक्कर होने से दोनों गाड़ी के चालक घायल हो गये जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया घायल चालक की पहचान रविन्द्र उरांव उम्र 35 बर्ष डुमराटाड़ बारियातू एवं राजू उरांव चेडरा बालूमाथ के रूप पहचान हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बताया कि रविंदर उरांव का पैर टूट गया है और सर सहित शरीर के कई अंग में आंतरिक चोट आयी है स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहां रिम्स पहुंचने से पहले घायल रविन्द्र उरांव का मौत हो गयी। बताते चलें की इन दिनों मगध परियोजना में दर्जनों कंपनी का हाईवा, ट्रेलर कोयला परिवहन में लगे है जो नियम कानून को ताख में रखकर ट्रास्पोटिंग कार्य कराते है जिसमें हमेशा जान माल की नुकसान हो रहा है। हालांकि बालूमाथ प्रखंड उपप्रमुख कामेश्वर राम के पहल पर जय मां अम्बे कंपनी से मृतक के आश्रित को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कंपनी से तत्काल श्राध्द कार्य के लिए एक लाख रुपए मुआवजा के रूप मे दिलवा दिया है।

# टेरर फंडिंग मामले में चंदवा और मैक्लुस्कीगंज में एनआइए का छापा

## ठेकेदार जितेंद्र पांडेय और रोहित यादव के ठिकानों पर दबिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज/चंदवा।** एनआइए ने बुधवार को झारखंड में दो जगहों पर अहले सुबह दस्तक दी। राज्य के मैकलुस्कीगंज और चंदवा पहुंची जांच एजेंसी सुबह पांच बजे से छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी टेरर फंडिंग को लेकर हो रही है। जानकारी के मुताबिक एनआइए सुबह पांच बजे ही इन जगहों पर पहुंची। एनआइए की कई टीमें अलग-अलग वाहनों से पहुंचीं।

छापेमारी में मौके पर पुलिसकर्मियों के साथ महिला पुलिस बल भी है। छापामारी के दौरान किसी को भी वहां रुकने नहीं दिया जा रहा था। संभावना जतायी जा रही है कि मामला उग्रवादियों और टेरर फंडिंग से जुड़ा हो सकता है। रोहित यादव पूर्व में उग्रवादी टेरर फंडिंग में जेल जा चुका है। छापेमारी में बरामदगी के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी गयी है।





### टेरर फंडिंग मामले में रोहित जा चुका है जेल

सूचना के मुताबिक एनआइए की टीम रांची जिला के मैक्लुस्कीगंज के ठेकेदार जितेंद्र पांडेय और रोहित यादव के घर सहित दो-तीन जगहों पर छापेमारी कर रही है। वहीं इससे सटे चंदवा थाना के निंद्रा में रोहित यादव के ईंट भट्ठे पर अहले सुबह से छापेमारी जारी है। वह पहले जेल भी जा चुका है

# आज लगेगा दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** दिनांक 25.07.2024 गुरूवार को नगर भवन (लोहरदगा प्रखंड परिसर) लोहरदगा में लोहरदगा जिला के बेरोजगार युवक/ युवतियों को सुगमता से रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, लोहरदगा के द्वारा एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला के लिए विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोजकों से लगभग 4260 रिक्तियां प्राप्त हुई है। ये रिक्तियां पांचवी / सातवी / आठवी / मैट्रिक / इंटर/ स्नातक/ आइटीआइ/ डिप्लोमा/ बीटेक/ एमबीए/ मार्केटिंग/ एएनएम/ एमएलटी आदि योग्यताओं से संबंधित है। झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित आवेदक उक्त तिथि को निर्धारित स्थल पर पहुंच कर अपनी योग्यता के अनुरूप उपलब्ध रिक्तियों के लिए संबंधित नियोजकों के पास सीधे अपना आवेदन-पत्र जमा कर सकते हैं। यह आयोजन नियोजकों एवं नौकरी प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं को विभाग के द्वारा सुदृढ़ मंच प्रदान करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। बेरोजगार युवाओं के हित में यह सुविधा निःशुल्क है। संबंधित योग्यताधारी अभ्यथियों से अनुरोध है कि जो भी अभ्यर्थी अब तक किसी भी नियोजनालय में निबंधन नहीं कराए हैं वे अपने निबंधन अवश्य करा लें। उक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

# नाम जांचो अभियान को सफल बनायें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में नमो जांचों अभियान के सफल संचालन को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। उपायुक्त के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि द्वितीय फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 25 जुलाई 2024 को होनेवाले प्ररूप मतदाता सूची के प्रकाशन के अवसर पर दिनांक 25 जुलाई 2024 को सोशल मीडिया के माध्यम से नमो जांचों अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। आगामी झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा यह अभियान प्रारंभ किया गया है ताकि सभी मतदाता अपना नाम जांच कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है और वे मतदान करने के लिए तैयार है।

25 जुलाई 2024 गुरुवार को मध्याह्न 12:00 से 01:00 बजे तक हैशटैग नमो जांचों अभियान का सोशल नेटवर्किंग साइट्स यथा फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की गयी। अर्हता तिथि दिनांक 01.07.2024 है। साथ ही वैसे युवा जिनकी आयु दिनांक 01.10.2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण होगी वे अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करने हेतु प्रपत्र 6 में आवेदन कर सकते हैं।

इस दौरान आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, प्रिंट एंव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

1. दिनांक 25.06.2024 से 24.07.2024 बुधवार बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन के कम में विभिन्न प्रकार के गतिविधियों को किया जाना है।
2. एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 25.07.2024 गुरुवार
3. दावा/आपत्ति प्राप्त करने की अवधि (प्रपत्र-6,7 एवं 8) 25.07.2024 (गुरुवार) से 09.08.2024 (शुक्रवार)।
4. प्राप्त दावा/आपत्तियों का विधि सम्वत निष्पादन दिनांक 19.08.24 को होना है।
5. मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 20.08.2024 (मंगलवार)।

# करंट लगने से युवक की मौत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा गांव में बिजली की चपेट में आने से भीठा गांव निवासी बुधराम उरांव के पुत्र सेटरे उरांव की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया की भीठा गांव के दरहा चवरा में सिंचाई करने के लिए चाइना तार जमीन में बिछाया हुआ था। इसी दौरान सेटरे अपने खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान जमीन से गए एलटी तार की चपेट में आ गया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हालंकि घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने सेटरे उरांव को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इधर करंट लगने से युवक की मौत होने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# अतिक्रमण हटाने और रास्ता की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जालिम खुर्द पंचायत के ग्राम गोवा के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने एवं सड़क की मांग को लेकर बुधवार को सैंकड़ों ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में लिखा है कि मॉडल डिग्री कालेज में चारदिवारी का निर्माण कराया जा रहा है जहां हमलोगों को कृषि कार्य के लिए घर से खेतों में जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया है। अगर अभी समय रहते हमलोगों के लिए रास्ता नहीं दिया गया तो आगे चलकर बहुत बड़ी दिक्कतों की सामना करना पड़ेगा।इसलिए हम सभी ग्रामीणों का मांग है कि 10 फुट का रास्ता छोड़कर ही चारदिवारी का निर्माण हो।



उपायुक्त को आवेदन देकर आगे यह भी अवगत कराया है कि कॉलेज के बगल में कॉलेज का ही सरकारी जमीन में कुछ लोगों के द्वारा घर बनाकर जमीन को अवैध रूप से कब्जा कर अतिक्रमण किया गया है। जिसे मकान को तोड़कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाये। दिये गये आवेदन में, रिता देवी एवं मालती देवी वार्ड सदस्य सहित विरजू सिंह,बिफई सिंह, सुरजीत सिंह, वकील सिंह, धनंजय सिंह, राजा कुमार, ओमप्रकाश कुमार, जलेंद्र सिंह, अशोक कुमार, रोशन सिंह, विशाल कुमार, मुना कुमार सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर अंकित है।

# बाल कल्याण समिति ने भटके बालक को परिवार से मिलाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मंगलवार की शाम को लगभग 7 वर्ष का एक बालक अपने स्कूल के हॉस्टल कल्हेपाट से दोपहर 2:00 बजे निकला था और अपने घर जाने के क्रम में भटककर बक्सीडीपा पहुंचा। वहां पत्रकार राहुल कौशल ने बालक को देखकर अपने साथ रखा और इसकी सूचना बाल कल्याण समिति के सदस्य मनोरमा मिंज एवं एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार को दिया। बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने तुरंत संज्ञान लेते हुए बालक को अपने संरक्षण में रखा। बालक से बाल कल्याण समिति सदस्यों के द्वारा पूछताछ की गयी। उसने अपना पूरा नाम और पता बताया। बालक के द्वारा बताये गये पते पर बाल कल्याण समिति सदस्यों के द्वारा संपर्क किया गया। बालक के माता को बुधवार को बाल कल्याण समिति में बुलाकर बालक को उसकी मां को सौंप दिया गया। बालक को मां से मिलाने में बाल कल्याण समिति के सदस्य मनोरमा मिंज, सुशीला कुमारी, पूजा कुमारी, बबीता कश्यप, बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, पत्रकार राहुल कौशल तथा आंचल में कार्यरत सूरज साहू का विशेष योगदान रहा।

# रेलवे लाइन और सरना कोड का मुद्दा संसद में उठाने पर जताया आभार

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार निवासी सह बिशुनपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष इमरान आजाद अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सांसद सुखदेव भगत द्वारा लोहरदगा लोकसभा के गरीब पिछड़े दबे कुचले लोगों का आवाज बन कर सांसद मे गुमला से रेलवे लाइन जोड़ कर कोरबा तक इसी वर्ष जोड़ने के लिये आवाज उठाया है। साथ ही कहा कि बजरंगबली का जन्मस्थल अनंजन धाम पर्मवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का वही से आते है। जहां मूलभूत सुविधायें होनी चाहिये। साथ ही सरना धर्म कोड मांग को लेकर संसद में आवाज उठा कर अदिवादियो किया हुआ वादा को बजी निभाया है। जनता बातो को मजबूती के साथ संसद में रखे।



# सेन्हा में श्रमदान कर ग्रामीणों ने जर्जर पथ का किया जीर्णोद्धार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** जर्जर पथ की समस्या से तंग हो गगेया के ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर जर्जर पथ का जीणोद्धार किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत के गगेया के ग्रामीणों ने श्रमदान कर जर्जर पथ का जीणोद्धार किया गया। वही ग्रामीणों ने सरकार व जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव के समय वादा कर जनता को प्रलोभन देते हैं। जिसे क्षेत्र के जनता को विकास के नाम पर शोषण किया जाता है कहा कि कितने चुनाव बीत गये और अनेकों जनप्रतिनिधि बदले लेकिन ग्रामीणों की समस्या को सुनने वाला कोई नही जो सरकार तक ग्रामीणों की समस्याओं को नही रखा। जनप्रतिनिधियों को गांव की विभन्न समस्या से कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया है। मौके पर देवलाल उरांव, आशीष गोस्वामी, बालेश्वर गोस्वामी, दइपक उरांव, नीतीश गोस्वामी, मनरखन गोस्वामी, सतन उरांव, तपेश्वर गोस्वामी, नंदकिशोर उरांव, मनोज गोस्वामी ने कहा कि गांव में करीब 75 घर की आबादी होने के बावजूद ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। सहिया शकुन्तला देवी ने कहा कि ऐसी स्थिति में प्रसव को लेकर या बीमार व्यक्तियों को अस्पताल ले जाने के लिये भी समस्या बनी रहती है। सड़क पेयजल की व्यवस्था नही है। अन्य विभिन्न समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्या का निदान करने की मांग किया गया है। वही नीतीश दास गोस्वामी ने कहा कि जर्जर पथ का जीर्णोद्धार होने से सड़क पर आने जाने की समस्या कुछ हद ठीक हो सकती है।



# आजसू पार्टी ही क्षेत्र का विकास कर सकती है : नीरू शांति भगत



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आह्वान यात्रा के तहत लोहरदगा सदर प्रखंड के हिरही पंचायत समिति की एक बैठक बराठपुर टोंका टोली में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता आजसू पार्टी के पंचायत अध्यक्ष राजेश मुंडा ने की। बैठक में मुख्य रूप से चूल्हा प्रमुख बनाने पर निर्णय लिया गया। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा की क्षेत्र का विकास आजसू पार्टी ही कर सकती है। इस गांव, पंचायत में देखिये ना सड़क है ना बिजली की सही व्यवस्था हैं। ट्रांसफार्मर खराब पड़े हुए हैं, सिंचाई के लिए व्यवस्था नहीं है ,पेयजल के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, चापाकल बोरिंग नहीं है, आंगनबाड़ी है लेकिन उससे कोई लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है, लेकिन इसको देखने वाला कोई नहीं है। इसका कारण है की जो व्यक्ति शुरू से ऑफिसर रहा हो और उसके बाद जनप्रतिनिधि बन गये। वह गरीब का दुख क्या जानेंगे, गरीब का दुख गरीब ही जान सकता है। बैठक में आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज गुप्ता मन्ना, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष सनाउल अंसारी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष विजय उरांव ,असलम अंसारी, गुलाम मुस्तफा ,रोजाना मुंडा, संतोष मुंडा, पंचायत महिला समिति अध्यक्ष रीना मुंडा, पंचायत समिति कोषाध्यक्ष पंकज मुंडा, गुलाब भगत सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# दोपहर 12 से एक बजे तक सोशल मीडिया पर चलेगा 'नाम जांचो अभियान' : एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि वर्तमान में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2024 का कार्य चल रहा है जिसके अंतर्गत 25 जुलाई 2024 को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन निर्धारित है। मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन के उपरांत ऐसे में कोई भी नागरिक अपने बूथ पर जाकर बीएलओ से संपर्क कर या वोटर हेल्पलाईन मोबाईल एप पर या अपना एपिक कार्ड नंबर को 1950 पर एसएमएस कर अपना नाम मतदाता सूची में जांच सकते हैं। इस प्रक्रिया को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर 25 जुलाई 2024 को दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक (एक घंटा) हैशटैग के साथ नाम जांचो अभियान चलाया जायेगा। कोई भी नागरिक अगर अपना नाम जांच करते हैं तो इसे अपने सोशल मीडिया पर हैशटैग #NaamJancho के साथ अपलोड कर सकते हैं। साथ ही, इसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया हैण्डल को टैग किया जा सकता है। उक्त जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। उन्हों बताया कि यह अभियान संपूर्ण झारखंड में चलेगा। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।



### कैसे जांच सकते हैं नाम

- अपने बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं।
- अपने मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करें और उसमें अपना एपिक नंबर प्रविष्ट कर अपना नाम जांच सकते हैं।
- अपने एपिक नंबर को 1950 पर मैसेज कर अपना नाम जांच सकते हैं।

# किशोर को जहरीले सांप ने काटा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** किस्को प्रखंड क्षेत्र के अरेया गांव में एक किशोर को जहरीले सांप ने काट लिया। आनन फानन में परिजनों ने उसे सदर अस्पताल पहुचाया। जहाँ पर किशोर का इलाज चल रहा है। फिलहाल चिकित्सको ने उसे खतरे से बाहर बताया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को अपने खेत में काम करने गए किशोर प्रभात उरांव जहरीला सांप ने काट लिया। घायल प्रभात उरांव तत्काल भाग कर घर पहुंचा व अपने परिजनों को इसकी जानकारी दिया। तत्काल परिजनों ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया।

# बारिश होने से किसान खुश, खेतों में उतरे

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** मंगलवार को दिन भर रुक रुक कर झमाझम बारिश होने से किसानों का मन खुस हो गया। बारिश के बाद खेती किसानी के कार्य में तेजी आ गयी है। पानी के अभाव में खेतों में खेत मे तैयार बिचड़ा खराब हो रहा था। मंगलवार को बारिश होने से किसान रोपनी का काम शुरू कर दिए हैं। टाड खेती में भी मडुवा, मकई, मूंगफली, उरद सहित अन्य फसलों की रोपाई की जा रही है। इस वर्ष समय से मानसून नही आने की वजह से बारिश नहीं होने के कारण किसानों के चेहरा उदास था। लेकिन मंगलवार को बारिश के बाद किसानों के चेहरे में हर्ष है। किसानों की मानें तो अगर रोजाना बारिश हुआ तो पन्द्रह से बीस दिन के अंदर धान की रोपनी का काम खत्म हो जायेगा। प्रखंड क्षेत्र के किसान मोटा अनाज में मकई, मडुवा की खेती अधिकतर मात्रा में करते हैं। बारिश नही होने के कारण मकई और मडुवा की रोपनी नहीं हो सकी है। जबकि कही कही पर मकई का फसल भी पानी के अभाव में खराब हो रहा था। मंगलवार को बारिश होने से फसल बर्बाद होने से बच सकता है। बारिश होने के बाद खेती किसानी के कार्य में तेजी होने की संभावना है। मंगलवार को बारिश होने से अधिकांश लोग धान रोपनी में लग गये हैं



# गुमला को इस वर्ष रेल लाइन मिले : सुखदेव भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सांसद सुखदेव भगत ने सांसद में गुमला को रेल लाईन से जोड़ने की मांग रखी। अहम ये नहीं है कि उन्होंने संसद में यह मांग रखी। बल्की गुमला वासी इस बात पर खुश हैं कि उन्होंने सांसद में गुमला के धार्मिक महत्व और पर्यटन स्थल की महत्ता को बताते हुए रेल को क्षेत्र की बुनियादी जरूरत बताया। रेल की मांग को जिस गंभीरता और जिस अंदाज से संसद में रखा गया है गुमला वासी केंद्र सरकार से अब उम्मीद लगा रही है कि शायद अब गुमला को रेलवे स्टेशन मिल जाए। सांसद सुखदेव भगत ने गुमला जिला वासियों को किए अपने वादे को पूरा करते हुए पुर जोर तरीके से गुमला जिला को रेल लाइन से जोड़ने की मांग की है। लोकसभा सत्र के तीसरे दिन ही सांसद सुखदेव भगत ने गुमला जिला को रेल लाइन से जोड़ने की मांग करते हुए कहा कि गुमला जिला ऐसा जिला है जहां जहां हनुमान जी की जन्मस्थली अंजन धाम है। यहां टांगीनाथ धाम ,सिरा सीता नाले, जैसे धार्मिक स्थल हैं। साथ ही पूर्वोत्तर भारत के परमवीर चक्र विजेता लायंस नायक अल्बर्ट एक्का की जन्मस्थली भी यहीं है। लेकिन आज भी यहां रेलवे कनेक्टिविटी नहीं है। लोहरदगा, गुमला, होते हुए कोरबा छत्तीसगढ़ जिसका सर्वे भी हो चुका है। वित मंत्री एवं रेलवे मंत्री से इसी वित्तीय वर्ष गुमला जिला को रेल लाइन से जोड़ने की मांग करते हुए उन्होंने गुमला वासियों के दर्द को समझने की अपील की है।

## गुमला जिला मोमिन कांफ्रेंस कमेटी का विस्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला मोमिन कांफ्रेंस जिला कमेटी का विस्तार किया गया। झारखंड मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेशाध्यक्ष के निर्देश का पालन करते हुए गुमला जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने कमेटी की सूची जारी की। जिसमें आमंत्रित सदस्य के रूप में आशिक अंसारी, बैबुल अंसारी, सुल्तान अंसारी,और यासीन अंसारी को बनाया गया। उपाध्यक्ष अखलाक अंसारी, शकील अंसारी,मंसूब अंसारी, बनाया गया। वही महासचिव कलीम अंसारी,फिरदौस अंसारी,सुहैल अंसारी,फिरोज अंसारी, बनाए गये। सचिव के रूप मे हसीब अंसारी, फैजी इम्तियाज अंसारी अंसारी, रेहान अंसारी, अशफाक अंसारी, शमशाद अंसारी,मिहरुज अंसारी रफीक अंसारी मनोनित किए गये। प्रवक्ता इबरार अंसारी को बनाया गया। कोषाध्यक्ष के रुप में हसीब अंसारी चयनित हुए। वही प्रखंड अध्यक्ष में गुमला प्रखंड में अफसर अंसारी, रायडीह में हदीस अंसारी, सिसई में जुबैर अंसारी, बसिया में फिरोज अंसारी, घाघरा में नसीम अंसारी, विशुनपुर में जाहिर अंसारी, जारी में गुलाम मुस्तुफा अंसारी को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। सूची जारी करते हुए शाहजहां अंसारी ने कहा कि जिस बाकी बचे प्रखंड में अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द की जायेगी। उन्होंने ने कहा कि बहुत जल्द गुमला जिला में मोमिन कॉन्फ्रेंस के एक जिलास्तरीय सम्मेलन किया जायेगा।

## उत्कल ब्राह्मण परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष से की मुलाकात



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम के गुमला आगमन पर स्थानीय परिसदन में उत्कल ब्राह्मण परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में बताया गया कि दक्षिणी छोटानागपुर अंतर्गत रांची सहित गुमला, लोहरदगा, खूंटी तथा सिमडेगा जिले में काफी संख्या में उत्कल भाषी सैकड़ों वर्षों से निवास कर रहे हैं। बावजूद इसके सभी सरकारों द्वारा इनके हितों की सदैव उपेक्षा की जाती रही है। इन जिला मुख्यालयों में उड़िया विद्यालय खोलने की मांग वर्षों से की जाती रही है। परंतु इस दिशा में कभी भी सरकार स्तर पर सकारात्मक पहल नहीं किया जा सका है। इसके अलावे इस क्षेत्र में रह रहे उत्कल भाषीयों को भाषाई अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग भी पुरानी है। परंतु इस ओर भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के फलस्वरूप अल्पसंख्यकों को मिलने वाली सुविधाओं से यह वर्ग वंचित एवं उपेक्षित है। मुलाकात के दौरान आयोग के उपाध्यक्ष द्वारा मांगों को सरकार के संज्ञान में देने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में द्वारिका मिश्र सुमन, चितरंजन मिश्र, सुजीत नंद, डीएन मिश्र, केदार नाथ मिश्र आदि उपस्थित थे।

## जेजेएमपी नक्सली संगठन के एरिया कमांडर के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** घाघरा पुलिस ने कोर्ट से निर्गत आदेश पर की करवाई बिशुनपुर स्थित गुरदरी थाना क्षेत्र के अंबा कोना निवासी सचिन असुर जेजे एमपी नक्सली संगठन के एरिया कमांडर के घर घाघरा थाना प्रभारी के द्वारा मंगलवार को न्यायालय से निर्गत इश्तिहार चिपका कर निर्धारित समय पर न्यायालय में उपस्थित होने की बात कही गयी है। थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि सचिन असुर घाघरा थाना में कांड संख्या 107/2021, 302/120 (बी) एलपीसी 27, आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट का अभियुक्त है। पूर्व में माओवादी सदस्य वर्तमान में जेजेएमपी नक्सली संगठन में एरिया कमांडर के पद पर कार्य करने की सूचना है पुलिस उसे पकड़ने के लिए प्रयासरत है परंतु वह पकड़ में नहीं आ रहा है न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार अभियुक्त के घर में चिपकाते हुए निर्धारित समय पर न्यायालय में उपस्थित होने की अपील की गयी है। उपस्थित नहीं होने की स्थिति में न्यायालय के आदेश उपरांत कुर्की जपती का करवाई की जायेगी।

## किशोरी को सांप ने डंसा

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवाकी गांव में बुधवार को खेत में बीड़ा उखाड़ रही किशोरी पूजा कुमारी को सांप ने डस लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गयी। वही परिजनों द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु पूजा कुमारी को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाबत मेरी जानकारी के अनुसार पूजा कुमारी खेत में बीड़ा उखाड़ रही थी। इसी क्रम में उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर होने लगी। आनन फानन में आसपास में काम करने पर परिजनों द्वारा तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा एंबुलेंस के माध्यम से लाया।

## ट्रक की चपेट में आने से दो घायल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रेहे टोली गांव स्थित मोड़ के मोड़ के समीप बुधवार शाम बॉक्साइट ट्रक एवं मोटरसाइकिल की भिड़ंत में चापाटोली गांव निवासी 22वर्षीय मनदीप भगत, वीरेंद्र उरांव 22 वर्ष, गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर बिशुनपुर थाना के मुंशी बिरुदेव कुमार सिंह अन्य पुलिस जवान के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर भेजा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत उक्त दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर गुमला रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार मंदिप के सर में गहरी चोट लगी है।

# अल्पसंख्यकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें अधिकारी : शमशेर आलम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ परिसदन स्थित सभाकक्ष में, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष, शमशेर आलम की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। उपाध्यक्ष ने क्रमवार सभी विभाको में केंद्र व राज्य प्रायोजित योजनाओं की प्रगति व अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी की जानकारी प्राप्त की। बैठक में सभी संबंधित विभागों की समीक्षा की गयी। सर्वप्रथम समेकित जनजाति विकास अभिकरण अंतर्गत एमएसडीपी में ली गयी योजनाओं, साईकिल वितरण, वनाधिकार पट्टा, दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति योजना, अल्पसंख्यक छात्रावास, चिकित्सीय अनुदान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि में अल्पसंख्यक समुदाय को दिये गये लाभ की जानकारी ली गयी और आवश्यक निदेश परियोजना निदेशक, आइटीडीए, गुमला को दिये गये। उन्होंने सभी लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य लाभुक योजनाओं से वंचित न रहे इसकी जिम्मेदारी विभागीय पदाधिकारी की होगी अतः स समय सभी योजनाओं से लाभुकों को आच्छादित करें। आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशनकार्डधारियों की संख्या व उसके अंतर्गत अल्पसंख्यकों को वितरण किये गये राशन कार्ड, सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना में दिये गये लाभ की जानकारी दी गयी। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा जिला में कुल आंगनवाड़ी केंद्र व अल्पंसख्यक बहुल क्षेत्र में अवस्थित आंगनवाड़ी केंद्रों की जानकारी दी गयी।

जेएसएलपीएस अंतर्गत एनआरएलएल योजना अंतर्गत गठित कुल स्वयं सहायता समूहों की संख्या और कुल अल्पसंख्यक समूहों की जानकारी दी गयी। इस दौरान जिले में संचालित रागी मिशन के संबंध में भी उन्हें जानकारी दी गयी। शिक्षा विभाग अंतर्गत सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय, उर्दू विषय में रिक्त शिक्षक के पदों की संख्या, उसमें पढ़नेवाले अल्पंसख्या छात्र-छात्राओं की संख्या, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पढ़नेवाले अल्पसंख्यक छात्राओं की संख्या समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गयी। उन्हीं शिक्षा विभाग अंर्तगत अल्पसंख्यक शिक्षकों की संख्या की भी जानकारी ली एवं शिक्षकों के नियुक्ति को लेकर विमर्श किये।

बैठक में खनन विभा, उर्जा, कारा विभाग, परिवहन विभाग, उद्योग विभाग, पंचायती राज विभाग, भू-अर्जन विभाग, गव्य विकास विभाग, पशुपालन विभाग, खेल विभाग, जिला योजना विभाग, लघु सिंचाई, एनआरइपी, पथ निर्माण आदि विभागों की विस्तृत समीक्षा की गयी।

# इसरो के शैक्षणिक भ्रमण के लिए निकली टीम पहुंची एमए चिदंबरम इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला प्रशासन गुमला द्वारा पूर्णिमा कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर के नेतृत्व में इसरो के शैक्षणिक भ्रमण हेतु निकली टीम ने आज अपने अंतिम दिन एम ए चिदंबरम इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का भ्रमण किया जहां तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन की मैनेजमेंट के पदाधिकारियों द्वारा सभी का स्वागत करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के गृहराज्य झारखंड से आई इस टीम को इस क्रिकेट स्टेडियम का भ्रमण कराया गया तथा शैक्षणिक भ्रमण में शामिल सभी छात्राओं एवं मैनेजमेंट टीम को तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा चेन्नई सुपर किंग्स के लोगो वाली सुपर फैंस की टोपी, टीशर्ट एवं सीटी आदि उपहार स्वरूप भेंट की गयी।

सभी को महेंद्र सिंह धोनी की तस्वीरों से सजे स्टेडियम परिसर का भ्रमण कराते हुए स्टेडियम परिसर में धोनी के हाथ से बनाया गया स्केच आर्ट भी दिखाया गया। स्टेडियम परिसर में उपस्थित सभी लोग महेंद्र सिंह धोनी के गृहक्षेत्र से आए इस टीम से मिलकर काफी खुश हुए। तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के इस अनूठे पहल की खुले मन से प्रशंसा करते हुए उनके लिए भी उपहार भेजा गया है।

भ्रमण के अंतिम क्षणों में पुनः समुद्र तट एवं चेन्नई शहर देखते हुए सभी चेन्नई एयरपोर्ट पहुंचे जहां से आज शाम की फ्लाइट से सभी लोग बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां से सभी को गुमला लाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किया गया है। सहायक नोडल सह बीपीओ दिलदार सिंह टीम को कोऑर्डिनेट कर रहे हैं तथा शिक्षिका शशि नीलम तिर्की, शशि खाखा एवं रोहिणी कुमारी प्रसाद छात्राओं के भ्रमण के दौरान देखभाल, सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्था की देखरेख में लगे हैं ।

## बाल विवाह के दुष्परिणाम पर कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** रेफरल अस्पताल बसिया के सभागार में स्वास्थ्य विभाग, एवं सेन्टर फॉर कैटालाइजिंग चेंज सी 3 के द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला किया गया जिसमें सहिया को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, युवा मैत्री केंद्र, बाल विवाह (कारण, परिणाम , एवम संबंधित कानून) एनीमिया एवम कम उम्र में गर्भधारण के दुष्परिणाम के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गयी। उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उदघाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विजय लकड़ा ने कहा कि बाल विवाह सामाजिक कुरीति है इसे सभी को मिलकर दूर करना है क्योंकि इससे बालिकाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में गर्भधारण करने की अपनी परेशानियां हैं। किशोरियों की शिक्षा पूरी नहीं हो पा रही है। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के बीटीटी, युवा मैत्री केंद्र के परामर्शदाता और सहिया शामिल हुईं।

## लापता युवक का शव कुआं से बरामद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रविवार से लापता युवक का शव असनी कुंबाटोली के एक कुआं से बुधवार को बरामद किया गया। शव की पहचान असनी कुंबाटोली निवासी सुनील पन्ना 36 वर्ष के रूप में की गयी। सूचना मिलने के बाद गुमला थाना की पुलिस कुंबा टोली पहुंच कर तीन घंटे मशक्कत के बाद शव को कुआं से बाहर निकाला। शव के गले में रस्सी था जिसमें पत्थर बंधा हुआ था। गला धारदार हथियार से कट का निशान था। प्रथम दृष्टया हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए कुआं में डाला जाना प्रतीत हो रहा है।

## कृषि उद्यमिता विकास पर प्रशिक्षण दिया गया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती विशुनपुर एवं प्रदान संस्था बसिया के द्वारा संयुक्त रूप से बुधवार को तेतरा पंचायत के पंचायत भवन सभागार में तेतरा ग्राम के किसानों को सौ दिवसीय कार्य योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को खरीफ खेती पर श्री अन्न उत्पादन के द्वारा कृषि उद्यमिता विकास पर प्रशिक्षण दिया गया। वैज्ञानिक मृतुन्जय कुमार सिंह द्वारा मडुवा, धान, बादाम उड़द एवं सब्जी खेती पर जैविक खाद दवा बनाने जैसे जीवामृत, जैविक कीटनाशी विटामिन बनाने एवं उसके उपयोग पर प्रशिक्षण देने के साथ ही फसल उत्पादन तथा उसके मूल्य संवर्धन पर जानकारी दिया गया। इस प्रशिक्षण में वार्ड सदस्य बधनी केरकेट्टा, जागरनी कुल्लू, राजू राम, सूरज साहू के साथ अनेकों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आशीष केशरी ने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों के साथ की बैठक



**भरनो (आजाद सिपाही)।** करंज थाना क्षेत्र के करोंदाजोर पंचायत के दो गांव तेराडीह और अम्बेरा गांव मे थाना प्रभारी आशीष केशरी के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों के साथ बैठक किया। जिसमे डायनबिसाही, मानवतस्करी, नशापान, साइबर क्राइम, बाल विवाह, जैसे सामाजिक कुरूतियो एवं सड़क सुरक्षा के बारे में गांव के लोगो को जागरूक किया। अब तक करंज थाना अंतर्गत 13 गांव मे इस तरह का जागरूकता अभियान चलाया जा चूका है, इसे आगे और भी गांवो मे चलाया जायेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करने के साथ साथ उनका विश्वास हासिल करना भी है ताकि लोग के मन से पुलिस के प्रति नकारात्मक छवि को दूर कर उनके मन मे पुलिस के प्रति एक सकारात्मक भाव उत्पन्न किया जा सके। इसका एक उदेश्य यह भी है ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक रहे ताकि होने वाले घटना से बच सके व किसी भी बात की जानकारी समय रहते पुलिस को बिना किसी डर के दे सके। लोगों के बिच जाने से आम लोगों मे पुलिस के प्रति एक सकारात्मक भाव आती है तथा जो अपराधिक लोग है उनके मन मे यह भय बना रहता है कि पुलिस गांव मे आती रहती है। मीटिंग समाप्ति होने पर थाना प्रभारी द्वारा अपना मोबाइल न. ग्रामीणों को दिया ताकि ग्रामीण घटना की सुचना पुलिस दें ताकी समय रहते घटना को टाला जा सके।

## पंचायत समन्वय समिति की बैठक



**भरनो (आजाद सिपाही)।** करंज के डूडिया पंचायत भवन में बुधवार को पंचायत समन्वय समिति की बैठक पंचायत की मुखिया रश्मि लकड़ा की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें पंचायत में चल रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में पीएचईडी विभाग से संचालित जलनल योजना में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने की बात सामने आयी। पंचायत के कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी होने की बात कही गयी। जिसमें पहाड़ बंगरू, दतिया, मरचाटोली, रेमे इन सभी स्कूलों में मात्र एक शिक्षक के भरोसे स्कूल चल रहा है। इन सभी समस्याओं को मुखिया के पास रखने के बाद मुखिया द्वारा आश्वासन दिया गया कि इन समस्याओं को प्रखंड में वरीय पदाधिकारी के पास रखा जायेगा और समस्या का समाधान हेतु प्रयास किया जायेगा। वहीं बैठक में करंज थाना प्रभारी आशीष केशरी ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया और अंधविश्वास सहित सामाजिक कुरूतियो के खिलाफ जागरूक किया। साथ ही थाना प्रभारी द्वारा 112 नंबर डायल करने के बारे में बताया गया। बैठक में पूर्व मुखिया बसंत उरांव, उप मुखिया देवकी देवी, पंचायत समिति सदस्य करमेला उरांव,शांति उरांव, यशोदा देवी, सीआरपी शशि भूषण साहू, शिक्षक सुदेश्वर उरांव, कलेश्वर सिंह, लक्ष्मण उरांव, पूर्णिमा देवी, सुनीता केरकेट्टा, रविन्द्र नाथ कर, इरशाद अहमद ,सुनील कुमार,सुरेश उरांव सहित काफी संख्या में पंचायत के प्रतिनिधि व अन्य मौजूद थे।

# गुमला में बजट को किसी ने सराहा, कोई हुआ नाखुश

आजाद सिपाही संवाददाता











**गुमला।** वर्ष 2024-25 का बजट पेश किए जाने के बाद हर आदमी अपने अपने ढंग से बजट की समीक्षा में लगा हुआ है।

कांग्रेस के गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर ने कहा कि मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट गरीब विरोधी और राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण है। केंद्र सरकार कुछ राज्यों को हद से ज्यादा देने पे उतारू है तो कई राज्य के हितों की उपेक्षा करने पर तुली हुई है। का आरोप लगाया। यह बजट आम जनता के कल्याण को प्राथमिकता देने के बजाय राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों को खुश करने के लिए बनाया गया है।

कांग्रेस अल्पसंखयक विभाग के मंसूब अंसारी ने कहा कि बजट में भेदभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। क्योंकि बिहार और आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दलों को पुरस्कृत किया गया है। लेकिन पिछले साल की मानसून आपदा के लिए विशेष पैकेज के हिमाचल की जायज मांगों को बजट में नजर अंदाज कर दिया गया। सचमुच यह सत्ता बचाओ बजट है।

कांग्रेस के ज़िला सचिव सुजित नंदा ने कहा कि केंद्रीय बजट निराशाजनक है। महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर कुछ ठोस फैसले का अभाव है। आम लोगों को कोई राहत नहीं दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि दो तरह की कर प्रणाली न्याय संगत नहीं है।

वरिष्ठ कांग्रेसी आशिक अंसारी ने इस बजट को ह्यअच्छे दिनह्व की उम्मीदों वाला कम और मायूस करने वाला ज्यादा बताया है। आशिक अंसारी ने कहा कि ह्वसंसद में पेश केन्द्रीय बजट अपने पुराने ढर्रे का है। वर्तमन केंद्र सरकार को कुछ मुट्ठी भर अमीर व धन्ना सेठों को छोड़कर देश के गरीबों, बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं, मेहनतकशों, वंचितों और उपेक्षित बहुजनों के त्रस्त जीवन से कुछ लेना देना नहीं है। गरीबों के लिए मुसीबतों से मुक्ति हेतु ह्नअच्छे दिनह्व की उम्मीद इस बजट से नहीं की जा सकती। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सैयद खालिद शाह के अनुसार यह बजट काफी मायूस करने वाला बजट है। बजट जरूरत के तहत नहीं बल्कि अपनी कुर्सी बचाने के लिए बनाया गया है। झारखंड राज्य को नजरअंदाज किया गया है। वही किसानों के लिए भी बजट में कुछ खास नहीं रखा गया है। उद्योग धंधों की गिरती स्थिति को संभालने के लिए कोई बेहतर प्रावधान नहीं किया गया है। कुल मिला कर देखा जाए तो यह बजट खानापूर्ति जैसा प्रतीत हो रहा है।

भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष मंगल सिंह भोक्ता ने कहा कि यह बजट हर वर्ग को नई दिशा देने वाला बजट है। इस बजट से महिलाओं को खुशी मिलेगी। भारत को ग्लोबल और मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में बढ़ता हुआ कदम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के किसानों के लिए कई ऐलान किए। उन्होंने कहा कि अगले दो साल में देशभर में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविंद्र सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय बजट में 'एंजल' कर को खत्म करने की घोषणा एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा। यह एक बहुत अच्छा निर्णय है और डीप टेक स्टार्टअप की सबसे बड़ी मांग रही है। इस कदम से स्टार्टअप में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। जिससे देश विकास की ऊंचाइयों को छू सकेगा। भाजपा नेत्री शैल मिश्रा ने कहा कि सोने में कस्टम ड्यूटी कम हुई है। जिससे इसके दाम में गिरावट आएगी। जिसका लाभ महिलाओं को मिलेगा। महिलाएं अपनी जेब में कुछ पैसा बचा सकेंगी। वित्त मंत्री का पेश किया हुआ यह बजट हर वर्ग के लिए फायदेमंद साबित होगा।

गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केशरी ने कहा कि यह बजट व्यापारियों एमएस एम ई लघु उद्योगों को नई ताकत देने वाला है। यदि सही तरीके से ईमानदारीपुर्वक बजट की रूप रेखा को धरातल पर क्रियांवित किया जाए तो व्यापारियों के लिए लाभप्रद होगा। इससे आर्थिक विकास को एक नई गति भी मिलेगी। चैंबर के वर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट-2024 में शहरी विकास को अहम प्राथमिकता दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-(व१ुल्ल) 2.0 की घोषणा भी की। जिसके तहत शहरों में 1 करोड़ घरों के निर्माण के लिए 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। और इसमें से 2.2 लाख करोड़ रुपये पांच वर्षों में केंद्रीय सहायता के तहत होंगे। छोटे व्यापारी, लघु उद्योग धंधों को बढ़ावा देने के लिए भी बजट में अच्छा खासा प्रावधान लाया गया है।

## जनता की समस्याओं का निराकरण करना हमारी प्राथमिकता : टुटू सिंह



### जिप उपाध्यक्ष की पहल पर जपला चौबे में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रमीणों में हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष सह झामुमो के युवा नेता आलोक सिंह उर्फ टुटू की सार्थक पहल पर 24 घंटे के अंदर हुसैनाबाद के जपला चौबे में 200 केवीए का नया ट्रांसफर लग गया। जिससे ग्रामीणों में हर्ष है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए विभागीय पदाधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया पर किसी ने सार्थक पहल नहीं की। तब जिप उपाध्यक्ष को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने त्वरित पहल करते हुए 24 घंटे के अंदर 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगवा दिदया। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के जनता की समस्याओं का निराकरण करना हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर राजा राम, नौशाद खान, औरंगजेब खान, राहुल रंजन उर्फ सोनू, मेराज खान, हाफिज जी, सुनील राम, प्रेम प्रकाश गुप्ता और कामेश्वर राम आदि उपस्थित थे।

## चिकित्सा पदाधिकारी ने सीएचओ- एएनएम के साथ की समीक्षा बैठक, दिये जरूरी निर्देश



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बुधवार को सीएचओ एवं एएनएम के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान प्रभारी चकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका फॉलो अप करने का निर्देश दिया। साथ ही पलामू के सिविल सर्जन के निर्देश पर व्हाट्सएप्प ग्रुप बनाकर इसके माध्यम से एक दूसरे संस्थान से फॉलोअप को शेयर करने की बात कही। लगे हाथ एक कर्मी को संस्थागत प्रसव के फॉलो अप के लिए भी प्रतिनियुक्त किया गया, जो प्रतिदिन हुसैनाबाद अनुमण्डलीय अस्पताल के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में होने वाले प्रसवों की जानकारी लेंगे। चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा संपूर्णता अभियान के लक्ष्यों की जानकारी दी गयी। साथ ही 10 से 16 वर्ष तक के बच्चों को टीडी वैक्सीन से प्रतिरक्षित करने का निर्देश दिया। बैठक में एनीमिया मुक्त भारत, स्किल सेल जांच, परिवार नियोजन पखवाड़ा के बारे में भी चर्चा की गई। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक राजीव रंजन, प्रखंड डाटा प्रबंधक रंजीत कुमार मेहता, सीएचओ नेहा सगीता किंडो, स्नेहा कुमारी, सुमति कुमारी, कर्ण पटेल, पुष्पेंद्र, प्रियंका कुमारी, एएनएम रीना सिन्हा, सविता कुमारी और बिंदा कुमारी आदि उपस्थित थीं।

## नये कार्यपालक पदाधिकारी से मिले राजद नेता



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पलामू छात्र जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी और हरिहरगंज छात्र प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में नव पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी से मुलाकात की। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी से परिचय प्राप्त कर नप क्षेत्र में विकास कार्य में सहयोग की अपेक्षा जाहिर की। कहा कि किसी भी दल और सामाजिक कार्यकर्ता का क्षेत्र के विकास व अन्य कार्यों में अहम योगदान होता है। मौके पर राजद नेता राजकुमार पासवान, रामप्रसाद भुईयां, संजय मेहता, विनोद पासवान, सलाम अंसारी, गुड्डू यादव, मोहम्मद क्यामुद्दीन अंसारी, अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लगे शिविर का जायजा लेने पहुंचे डीसी

# प्रत्येक आवेदन की इंट्री सुनिश्चित करें: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में शिविर लगाकर युवाओं से आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिले के विश्रामपुर, पांडू, पांकी, तरहसी, उंटारीरोड, नौडीहाबाजार, नवा बाजार, हैदरनगर व मोहम्मदगंज में शिविर लगाया गया। मेदिनीनगर प्रखंड में लगाये गये शिविर का डीसी शशि रंजन ने जायजा लिया। उन्होंने बीडीओ अभिषेक पांडेय को सभी योग्य युवाओं के बीच रोजगार का मार्ग प्रस्तुत करने की दिशा में प्राप्त हुए आवेदनों का ऑनलाइन एंट्री करने को लेकर निर्देशित किया।उ न्होंने शिविर में तैनात सभी को पूरी सक्रियता से मिलने वाले आवेदनों का ऑन स्पॉट एंट्री करने को कहा। डीसी ने कहा कि एक भी आवेदन बिना एंट्री के न रह जाये यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस मौके पर बीडीओ समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



शिविर का जायजा लेने पहुंचे डीसी शशि रंजन।

## पांकी विधायक ने निजी खर्च से चाको नहर की शुरू करायी मरम्मत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड अंतर्गत लोहरसी पंचायत के ग्राम गिड़ी में तत्कालिन बिहार सरकार साल 1960 में चाको सिंचाई योजना में नहर बनवाया था। जिसकी जर्जर अवस्था देख वर्तमान पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बुधवार को अपने निजी खर्च से मरम्मत कार्य शुरू करवाया। गौरतलाब है कि दो वर्ष पहले समय-समय पर मरम्मत कार्य होते रहता था और किसानों को नहर के माध्यम से खेतों में पानी पंहुचता था। लेकिन बीते दो वर्षो से उक्त योजना के बंद होने से चार पंचायत लोहरसी, पगार खुर्द, अंबाबार और नौडीहा 2 पंचायत सहित दर्जनों गांव सिंचाई से वंचित हो गए थे। इसकी जानकारी होते ही विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अविलंब तीन जेसीबी लगवाकर मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया। साथ ही चाको बराज की स्तिथि का जायजा लिया। ग्रामीणों से भी रूबरू हुए। कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार पांकी विधानसभा में विकास कार्यों को लेकर चिंतित नहीं है। जिस कारण विधानसभा क्षेत्र में कोई भी बड़ी योजनाएं धरातल पर नहीं उतारी जा रही है। यदि विभाग और सरकार सचेत रहती तो किसानों को दो वर्षों से परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। लगभग 64 साल पहले बराज का निर्माण करवाया गया है, लेकिन मरम्मत के अभाव में किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। नहर का मरम्मत कार्य नहीं होने से नहर जगह-जगह टूट कर भर गया है। बराज का गेट भी खराब हो गया है, जिस कारण सिंचाई व्यवस्था बाधित हो गई है। हालांकि दो वर्षों के बाद फिर से मरम्मत कार्य शुरू होने से किसानों में हर्ष है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, रोशन सिंह, मुकेश गुप्ता, कमलेश कुमार, वकील पासवान, सुरेंद्र मेहता और धर्मदेव मेहता सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।



# नौडीहा बाजार प्रखंड में मनरेगा में लूट जारी बिना कुआं बनाये निकाल ली गयी धनराशि

आजाद सिपाही संवाददाता

**नौडीहा बाजार/पालामू।** चराई टू पंचायत के मननदोहर में विकास कुमार के खेत में सिचाई कूप निर्माण किया जाना था, लेकिन बिना कुआं बनाए ही धनराशि निकासी कर ली गई है। विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पाठक ने इसकी शिकायत मनरेगा लोकपाल से की है। बताया कि पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और मनरेगा जेई की मिलीभगत से बिना कुआं बनाएं ही पूरे पैसे की निकासी कर ली गई है। उधर, शिकायत मिलने के बाद बुधवार को मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार ने मनरेगा योजना का स्थल निरीक्षण किया। पाया गया कि सिचाई कूप जेसीबी से सिर्फ गड्ढा खोदा गया है और पूरी पैसे कि निकासी हो गई है। मनरेगा लोकपाल ने बताया बिना बनाएं सिचाई कूप से 33 लाख पांच हजार 752 रुपये की निकासी हो गई हैं। स्थल जांच के बाद मनरेगा लोकपाल ने बताया कि इस सिचाई कूप का उन्होंने पूर्व में भी जांच किया था। उस समय इस योजना में जेसीबी से काम किया गया था। योजना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया था कि यह निजी योजना है, क्योंकि मनरेगा योजना से बोर्ड नहीं लगा था। अब शिकायत प्राप्त हो रही है कि यह योजना मनरेगा योजना है और बिना कार्य कराएं पैसे की निकासी हो गई। यह कार्यकारी एजेंसी की मिलीभगत से हुई है। लोकपाल ने कहा कि अभीलेख मिलने के बाद कार्यकारिणी एजेंसी पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। बताया कि मनरेगा योजना में नौडीहा बाजार प्रखंड में मार्च महीने के बाद से दो करोड़ 67 लाख मटेरियल में और 5 करोड़ 67 लाख रुपये की मिट्टी वर्क में निकासी हुई हैं। लोकपाल ने कहा कि मनरेगा वेंडर, लाभुक और योजना की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी।



## सांसद वीडी राम ने प्रश्नकाल में उठाया रजहारा कोलियरी का मुद्दा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पलायन एवं रोजगार के आभाव के निवारण को लेकर प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय कोयला मंत्रालय से कोयले की गुणवत्ता, रजहरा कोलियरी में उत्तखन्न प्रारंभ करने एवं विस्थापितों को नौकरी देने से संबंधित प्रश्न पूछा। जिसका जवाब केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने दिया। इस अवसर पर पलामू सांसद ने कहा कि मंत्री जी के लिखित उत्तर से यह स्पष्ट है कि विभिन्न प्रकार की गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति अलग-अलग राज्यों को की जा रही हैं। आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जिस राज्य को जिस गुणवत्ता वाले कोयले की आवश्यकता है। उस राज्य को उस गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति की जा रही है अथवा नहीं? यदि नहीं की जा रही है तो किस मापदंड के आधार पर कोयले की आपूर्ति की जा रही है। सांसद ने कहा कि देश में आज भी कई खादाने बंद पड़ी है। इन बंद कोयला खादानों में निकलने योग्य भंडार लगभग 380 मिलियन टन है जिसमें से 30-40 मिलियन टन आसानी से निकाला जा सकता है। ऐसी ही एक सीसीएल की खादान रजहरा मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू में है, जिसे खोलने के लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है। हर तरह की व्यवस्था भी की जा चुकी है। केवल 20 विस्थापितों को नौकरी दी जानी है। जिसपर अटॉर्नी जनरल की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। पर अनावश्यक रूप से विलंब हो रहा है। मंत्री जी से आग्रह है कि वे बतायें कि कब तक 20 विस्थापितों को नौकरी प्रदान कर दी जाएगी एवं कोयले का उत्खनन प्रारम्भ हो जाएगा।



सांसद विष्णु दयाल राम।

## ज्ञानमार्ग से मानवीयता पैदा करना ही गुरुत्व है: अविनाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गुरु पूर्णिमा पर गुरु को याद एवं सम्मान करने का दिन है। पुराण के रचैता वेद व्यास के जन्म दिवस को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। बौद्ध धर्म के हिसाब से भगवान बुद्ध आज ही के दिन सारनाथ में पहला उपदेश दिए थे। जैन धर्म में भगवान महावीर के प्रथम शिष्य गौतम स्वामी के सम्मान में आज याद करते हैं। शिष्य अफरोज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व किसी भी मजहब से तालुक नहीं रखता है। खुद भगवान शिव कहते हैं गुरु देवता हैं गुरु धर्म हैं गुरु निष्ठा और तप हैं। इन्हीं सब विशेषताओं के कारण पाटन प्रखंड के लोइंगा गांव में गुरु चर्चा का आयोजन वरिष्ठ गुरुभ्राता गोकुला नंद ने किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश देव शामिल हुए। उन्होंने गुरु पर प्रकाश डाला। बताया कि गुरु घुप अंधेरे से दीप्त प्रकाश की ओर मार्ग प्रशस्त करते हैं। मानव के अंदर मानवीयता पैदा करने का नाम ही गुरु है। आपसी कलह, निजी पूंजी, व्यक्तिगत स्वार्थ त्यागने पर ही गुरु चर्चा की सार्थकता होगी। आज हम सब को भगवान शिव से सीखना चाहिए की निजी संपत्ति को नाश कर लोक कल्याण में खुद जहर पिए। पर हम लोग निजी संपत्ति बनाने में राष्ट्र को खोखला कर रहे हैं। प्रेम भाईचारा को कटुता में तब्दील कर रहे हैं। तथागत बुद्ध के पंचशील से हम सब को सीखना चाहिए। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारी ने महति भूमिका निभाई। इस मौके पर राधे श्याम सोनी, शारदा, सुषमा, संगीता, विनीता, वीरेंद्र, कौशल्या, लाडली सौम्य आर्यन, कवलधारी प्रजापति, विनय नंदू सोनी, कमलेश सोनी, देवांति विनोद व अमोद आदि मौजूद थे।

## आशीष सिन्हा ने खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल बांटा

**सतबरवा/पलामू।** सतबरवा प्रखंड के घुटुआ पंचायत अंतर्गत एकता गांव में फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच समाजसेवी आशीष सिंन्हा ने आठ फूटबॉल का वितरण किया। कहा कि वे चाहते हैं कि सतबरवा प्रखंड से भी फुटबॉल के खिलाड़ी नेशनल और इंटरनेशनल लेवल तक जाए और हमारे प्रखंड का नाम रोशन हो। कहा कि किसी उद्देश्य से मैं पिछले पांच वर्षों से सतबरवा प्रखंड के सभी पंचायत में जा जाकर खिलाड़ियों के बीच निःशुल्क फुटबॉल का वितरण करता हूं और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ता हूं। खेल एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें करियर के साथ ही शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राना प्रताप कुशवाहा, जिला परिषद सदस्य पति अजय उरांव, महेश यादव, मुशी यादव, मनोज यादव, शंकर यादव, विश्वनाथ यादव, खिलाड़ी रोशन सिंह, रंजीत कुमार, सुमित कुमार आदि मौजूद थे।

## फैजुर रहमान बने हरिहरगंज के नये कार्यपालक पदाधिकारी



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नए कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में फैजुर रहमान ने बुधवार को पद भार ग्रहण किया है। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी, सीओ, बीडीओ, सीडीपीओ और कार्यपालक पदाधिकारी सहित पांच पदों पर प्रभार प्रतिनियुक्त कुमार अरविंद बेदिया ने फैजुर रहमान को कार्यपालक पदाधिकारी का पद सौंपा। इस अवसर पर फैजुर रहमान ने कहा कि हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में विकास करना प्राथमिकता होगी। इस मौके पर नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, सीएलटीसी संजय कुमार राणा, नाजीर प्रीतम प्रफुल्ल एक्का, बड़ा बाबू सरयू बैगा, सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी एवं नगर पंचायत कर्मी उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



पेरिस ओलंपिक में भारतीय तीरंदाज आज से अभियान की शुरुआत करेंगें।

### क्वालीफिकेशन दौर से अपने अभियान की शुरुआत करेंगे भारतीय तीरंदाज

# दीपिका व तरुणदीप राय पर टिकी नजरें

**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक की आधिकारिक तौर पर शुरूआत 26 जुलाई से होगी, लेकिन इससे एक दिन पहले यानी गुरुवार को भारतीय तीरंदाज अपने अभियान का आरंभ करेंगे। तीरंदाजी वो स्पर्धा है जिसमें भारत अब तक कोई ओलंपिक पदक हासिल नहीं कर सका है। अब भारतीय तीरंदाज लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुआई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालीफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी। तीरंदाजी को ओलंपिक में 1988 में शामिल किया गया था। तब से भारतीय तीरंदाज लगभग हर ओलंपिक खेल में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद यह पहला अवसर है जब भारतीय टीम में सभी छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया जिसका मतलब है कि इस बार भारतीय तीरंदाज पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे।



### क्वालीफिकेशन से तय होगी वरीयता

प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालीफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर रविवार से शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी। भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है।

### टोक्यो में पुरुषों का निराशाजनक प्रदर्शन

टोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी पुरुष तीरंदाज शीर्ष 30 में जगह नहीं बना पाए थे। जिससे भारतीय टीम को नौवीं वरीयता मिली थी। भारत की एकमात्र महिला तीरंदाज दीपिका ने नौवां स्थान हासिल किया था। भारत को तब अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को पुरुष टीम से काफी उम्मीद है जिसने इस साल शंघाई में विश्व कप के फाइनल में कोरिया को हराकर इतिहास रचा था। भारतीय टीम में राय और पिछले ओलंपिक में भाग लेने वाले प्रवीण जाधव के रूप में अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि युवा खिलाड़ी धीरज बोम्मादेवरा एक महीने पहले अंताल्या विश्व कप में टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता इटली के मौरो नेस्पोली को हराकर कांस्य पदक जीत कर उत्साह से लबरेज होंगे।

### दीपिका पर रहेंगी नजरें

महिला वर्ग में सभी की निगाहें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई में विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीत कर शानदार वापसी की थी। महिला टीम में उनके साथ देने के लिए अंकिता भकत और भजन कौर हैं। इन दोनों का यह पहला ओलंपिक होगा लेकिन वह वर्तमान ओलंपिक चक्र में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

## अभी भी कई गांव विकास से कोसों दूर है : रामाशीष



आजाद सिपाही संवाददाता

**उंटारी रोड/पलामू।** वरिष्ठ भाजपा नेता सह विधानसभा प्रत्याशी रामाशीष यादव ने बुधवार को उंटारी रोड प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के कुटमू, सलखनी, दवाड, सिरहा, लहरबंजारी, भदुमा, गवरलेटवा सहित कई गांवों का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से मिलकर उनकी जनसमस्याओं को सुना। साथ ही समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। रामाशीष यादव ने कहा कि उंटारी रोड प्रखंड के विभिन्न गांव विकास से काफी दूर है। यहां किसी भी क्षेत्र में विकास नहीं की गई है। जिस कारण यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं, जनप्रतिनिधियों ने भी कभी उनकी समस्याओं को नहीं सुना। जिस कारण यहां के लोग मूलभूत समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उंटारी रोड प्रखंड में ना तो समुचित रूप से सड़क का निर्माण किया गया है और ना ही पेयजल की व्यवस्था की गई है। जिससे यहां के लोगों को आवागमन करने में भी परेशानी होती है। वहीं, पेयजल समस्या होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक जनप्रतिनिधियों की ओर से उंटारी रोड प्रखंड के लोगों को सिर्फ ठगने का ही काम किया गया है।

# मतदाता सूची का प्रकाशन आज

## अपना नाम मतादाता सूची में जरूर जांच लें : उपायुक्त

**एसएसआर के तहत नौ अगस्त तक मतदाता जुड़वा सकेंगें अपना नाम**

आजाद सिपाही संवाददाता


डीसी माधवी मिश्रा।

**धनबाद।** मतदाता सूची का प्रारूप गुरुवार को प्रकाशित होगा। उसी दिन से आगामी 9 अगस्त तक स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) के तहत मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जांच सकते हैं और छुटे हुए मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। स्पेशल समरी रिवीजन को लेकर डीसी सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन कर मीडिया को बताया कि 25 जुलाई को सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची के प्रारूप को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे गुरुवार की सुबह अपने मतदान केंद्र जाकर अपना नाम मतदाता सूची में जरूर जांच लें। यदि कोई विसंगति हो तो तत्काल अपने बीएलओ को बताएं। लोग चाहें तो घर बैठे ही निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से भी अपना नाम जांच सकते हैं। डीसी ने कहा कि मतदाता अपने मोबाइल से एसएमएस के माध्यम से भी मतदाता सूची में अपना नाम जांच सकते हैं। इसके लिए अपने रजिस्टर्ड नंबर से ईसीआइ लिखकर फिर एक स्पेस देकर अपना मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नंबर लिखकर 1950 पर एसएमएस करने से मतदाता पंजीकरण से जुड़ी जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। डीसी ने कहा कि स्पेशल समरी रिवीजन आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भी लगातार इसकी निगरानी कर रहे हैं। यदि मतदाता अभी से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर लेंगे तो चुनाव के समय कोई असहज स्थिति नहीं आएगी। अन्यथा चुनाव के समय कहीं-कहीं से ऐसी शिकायतें भी मिलती हैं कि उनका मतदाता पहचान पत्र है लेकिन मतदाता सूची में नाम नहीं है। आगामी चुनाव में ऐसी अप्रत्याशित स्थितियों से बचने के लिए ही यह 'नाम जांचों' अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के बीच नाम जांचने और जागरूकता फैलाने को लेकर गुरुवार की दोपहर 12 से 1 बजे के बीच सोशल मीडिया पर 'नाम जांचों' अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी से अपील की कि इस सोशल मीडिया कैंपेन का हिस्सा जरूर बनें। इस दौरान अपने नाम की तो मतदाता सूची में जांच करें ही, साथ ही अपने आस पड़ोस, दोस्तों, रिश्तेदारों एवं परिवारजनों को भी नाम जांच करने के लिए प्रेरित करें। डीसी ने कहा कि 27 एवं 28 जुलाई और 3 एवं 4 अगस्त को विशेष अभियान चलाया जाएगा। जबकि 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उपरोक्त विषय को लेकर डीसी ने इस दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की और मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की।

## महिलाओं के उत्थान के लिए बेहतर काम कर रही झारखंड सरकार : मंत्री बेबी देवी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडारीदह/बेरमो।** चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तारमी पंचायत में बुधवार को डीएमएफटी योजना के तहत सीएलएफ भवण निर्माण कार्य का शिलान्यास राज्य की महिला बाल विकास मंत्री बेबी देवी और तारमी की मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ऑनलाइन शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री बेबी देवी एवं बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि इस भवण के निर्माण होने से आसपास के जेएसएलपीएस की 18 से 20 महिला संगठन को भवण में बैठ कर काम करने में काफी सहूलियत होगी। झारखंड सरकार महिलाओ के उत्थान के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। झारखंड सरकार का उद्देश्य महिलाओं को हर क्षेत्र में सबल बनाना है। झारखंड की हेमंत सरकार राज्यके हित में बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने भवन को गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा के भीतर बनाने को कहा। इस मौके पर दौलत महतो, प्रदीप महतो, राज कुमार महतो, झामुमो तारमी पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर कुमार शर्मा, विजय कुमार गिरि, सिकंदर कुमार गिरि, शंकर प्रसाद, तुलसी पांडेय, एएनएम पुष्प कुमारी, लालू चौहान प्रमोद कुमार, निर्मल कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**सूचना**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि **PR संख्या–328896 Building(24-25):D** एवं **PR संख्या–329548 Building(24-25)D** के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा (**लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के नगर पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में विद्युत उपकरण, साउण्ड बॉक्स एवं फर्निचर का क्रय एवं अधिष्ठापन**) योजना को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 330508 Building (24-25)_D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION LATEHAR**
**Notice Inviting Very Short Quotation No-01/2024-25**

Sealed quotation inviting for the work in **Pandit Dindayal Upadhyay Nagar Bhawan Latehar** for non Schedule material from Authorized Contractor, Reputed Shopkeeper, Manufacturer Suppliers, Retailers, Distributor, Dealers and Others for items. They should quote their rate for unit maintain in the table. If they do not deal all of the below maintained item then they are allowed to quote their rate for the part of the item which ever they deal with. The rate should be inclusive of all types of tax, GST, Contractors profit, Overhead charge, Royalty and Carriage.

**Terms & Conditions:-**
1. The Quotationer shall furnish PAN, GST, Registration Number
2. The rate quoted by quotationer shall be final and unconditional
3. The undersigned reseves to the right to accept or reject/cancel any or all quotation without assigning any reason thereof.

**Note :-**
1. Date of Publication of Quotation : 24.07.2024
2. Date / Time of Submission of Quotation : 31.07.2024 At 3:00 PM
3. Date/Time of Opening of Quotation : 31.07.2024 At 3:30 PM
4. Name & Address of Office Inviting Quotation :
Office Of The Executive Engineer,
Building Construction Department
Building Division Latehar
5. Helpline No : 9835316593, 7903256611

**NOTE :- Date/Time for Receive description of item of Quotation :-**
**From 25.07.2024 to 30.07.2024 between 10:00 A.M. to 5.00 P.M**
For any information/ detailed specification of the work can be seen in the office of the undersigned on any working day between 10.00 A.M. to 5.00 P.M.
**Please see Terms & Condition on Notice Board or** www.jharkhand.gov.in

Executive Engineer,
Building Division Latehar .

PR 330506 Building(24-25)D

## मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी अनिश्चितकालीन हड़ताल : राजेश रंजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ समाहरणालय संवर्ग राज्य इकाई के आह्वान पर बुधवार को बोकारो जिला के सभी अनुसचिविय कर्मचारी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। जिस कारण बोकारो समाहरणालय सहित चास अनुमंडल कार्यालय एवं बेरमो-तेनुघाट के साथ ही सभी प्रखंड एवं अंचलों के कार्य बुरी तरह प्रभावित हुए। बताते चलें कि अनुसचिवीय कर्मी समाहरणालय के समीप इस दिन भी धरने पर बैठे रहे। इस दिन संगठन के राज्य अध्यक्ष राजेश रंजन दूबे एवं महासचिव वीरेंद्र यादव का राज्य स्तरीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत बोकारो आगमन हुआ। महासचिव एवं राज्य अध्यक्ष ने धरने पर बैठे बोकारो के अनुसूचिवीय कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। राजेश रंजन दूबे एवं वीरेंद्र यादव ने डीसी से मिलकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने बताया गया कि जबतक सरकार हमारी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करती झारखंड के सभी अनुसचिवीय कर्मी हड़ताल पर रहेंगे। उनकी मानों में एलडीसी का वेतनमान ग्रेड पे 2400 रुपये करने, समाहरणालय सहित सभी अनुमंडल, प्रखंड एवं अंचल में पदों का सृजन करनें, ताकि जनता का काम तेजी से हो सके और आउटसोर्सिंग प्रथा समाप्त करने के साथ ही संविदा पर रखते हुए सेवानिवृत्ति की सीमा 60 वर्ष करने की मांग आदि शामिल है।

## विधायक पूर्णिमा सिंह से मिला बाजार समिति चेंबर का प्रतिनिधिमंडल, मंडी को चुनाव से अलग रखने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल की अगुवाई में बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से मिला। इस दौरान विधानसभा चुनाव में चुनावी प्रक्रिया मंडी परिसर में न कराकर कहीं अन्यत्र कराये जाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान पूरे मंडी परिसर को लगातार 15 दिनों तक बंद कर दिया गया। जिससे व्यापारियों को काफी क्षति हुई थी। व्यापार ना होने से सरकार को राजस्व की भी हानि हुई और मंडी परिसर में कार्यरत मोटीया मजदूर कर्मचारी एवं विभिन्न प्रकार के ट्रांसपोर्ट की गाड़ियां एवं उनके ड्राइवर के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस पर विधायिका ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह के समक्ष रखेंगी और सभी व्यापारियों की समस्या का समाधान करने का भरपूर प्रयास करेंगीं। प्रतिनिधिमंडल में बाजार समिति चेंबर के सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया और विनोद सिंघल उपस्थित थे।

**जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(जिला पर्यटन, कलाकृसंस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
E-mail Id: sportsgumla@gmail.com

**(2nd Call)**
**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद (DTPC) कार्यालय, गुमला के लिए एक व्यवसायिक वाहन (स्कार्पियो ए0सी0) किराये पर चालक सहित रखने का निदेश प्राप्त है। जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद (DTPC) कार्यालय, गुमला के लिए व्यवसायिक वाहन उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक फर्म/निविदादता/वाहन मालिक से निम्नांकित शर्त्तों के अधीन प्रस्ताव की मांग की जाती है:–

संबंधित फर्म/निविदादाता/वाहन मालिक अपना प्रस्ताव डबल बीड (तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड) में अलग–अलग सील बंद लिफाफा में जिला खेल पदाधिकारी–सह– जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, गुमला के पदनाम से दिनांक–31.07.2024 के पूर्वाहन 02:00AM बजे तक जिला खेल कार्यालय, गुमला में समर्पित कर सकते हैं।

प्राप्त आवेदन फर्म/निविदादाता/वाहन मालिक के समक्ष दिनांक–31.07.2024 के अपराह्न 3:00PM बजे विकास भवन सभागार में खोला जाएगा। विज्ञापन से संबंधी विस्तृत विवरणी जिला खेल कार्यालय, गुमला से जानकारी ले सकते एवं Gumla nic में देखा जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी–सह–
जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.330549 District(24-25):D

## आयुष फाउंडेशन ने किन्नरों के साथ मनाया सावन उत्सव



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जामाडोबा स्थित छमछम देवी के निवास पर धनबाद आयुष फाउंडेशन ने किन्नरों के साथ मिलकर सावन उत्सव का आयोजन किया। समाज में आमतौर पर किन्नरों को केवल बधाई देने के लिए ही बुलाया जाता है। सरकार से उन्हें ओबीसी का दर्जा दिए जाने और समान अधिकार दिलाने के प्रयासों के बावजूद आमजन उनसे दूरी बनाए रखते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए आयुष फाउंडेशन ने किन्नरों को कुछ खुशी के पल देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत छम छम माई से आशीर्वाद लेकर और उन्हें शॉल देकर की गई। इसके बाद ज़िला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह को अंगवस्त्र और श्रृंगार पोटली देकर सम्मानित किया गया। वहीं, कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता, रंग भरो, बॉल फेंको, बिंदी लगाओ, बैलून फोड़ो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शारदा सिंह ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम उन्होने पहली बार देखा है। संस्था की तरफ से सभी प्रतिभागियों को श्रृंगार पोटली तोहफे में दी गई। वहीं, स्वेता किन्नर को आर्टिस्ट गणेश शर्मा की ओर से साड़ी तोहफे में दी गई। इस मौके पर सचिव अर्पिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष गणेश शर्मा, गीता दास, सुधा मिश्रा, शोभना, शामली, षष्टी आदि उपस्थित थीं।

## चुनाव आयोग के धनबाद आइकॉन श्वेता किन्नर को नगर निगम ने सम्मानित किया



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाने वालों नगर निगम के नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने बुधवार को अपने कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नगर आयुक्त ने कहा कि धनबाद लोकसभा चुनाव में इस बार मतदान का प्रतिशत अच्छा हुआ है जिसमें धनबाद आईकॉन समेत सभी कर्मियों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है। अब हम लोग विधानसभा चुनाव में भी इससे अधिक मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करेंगें। इसलिए इस बार धनबाद नगर निगम जोर शोर से तैयारी में जुटा है। पहली बार किन्नर समाज के धनबाद आईकॉन श्वेता किन्नर जिन्होंने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बहुत ही अच्छा प्रयास किया उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर नगर आयुक्त ने सम्मानित किया।

**समादेष्टा का कार्यालय आई०आर०बी०–5, गुमला**
(ई.मेल आई.डी.co-irb5@jhpolice.gov.in)

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आई0आर0बी0–05, गुमला के सरकारी वाहनों का टायर एवं ट्यूब क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्ता के टायर एवं ट्यूब का उचित मुल्य (Price rate) बाजार दर के अनुरूप होना चाहिए। निविदा मुहरबंद लिफाफा में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक–05/08/2024 तक कार्यालय समयावधि में निबंधित डाक या हाथों–हाथ प्राप्त किया जाएगा। निर्धारित समयावधि के बाद में प्राप्त होने वाले निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। यह दर वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए मान्य होगा। निविदा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा किसी भी क्षण रद्द करने अथवा निविदा खोलने के तिथि को बढ़ाने का अधिकार होगा।

अतः ऐसे निविदा दाता जो GST निबंधन के साथ वाहनों का टायर एवं ट्यूब आपूर्ति करने के इच्छा रखते हो ऐसे फार्म से अनुरोध है कि निविदा पत्र ब्राण्ड नाम के साथ अंकित तिथि के अन्दर बन्द लिफाफा में निविदा बोर्ड के अध्यक्ष के पास समार्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

टायर/ट्यूबों की विवरणी :–

| क्र0सं0 | वाहनों के प्रकार | टायर/ट्यूबका साईज | अद्द |
|---|---|---|---|
| 1 | मिनीबस 712/टाटा–407 ट्रक | MRF 8/25/16 T+T | 15 |
| 2 | महिन्द्रा थार जीप | MRF 185/85 R 16 T+T | 15 |
| 3 | टाटा सुमो विक्टा | MRF 215/75 R 15 LT T+T | 05 |
| 4 | टाटा सुमो एम्बुलेन्स | MRF 195 R 15 LT T+T | 04 |
| | कुल– | | 39 |

ह0/–
समादेष्टा, आई0आर0बी0–5, गुमला

PR 330524 Police(24-25).D

## कृष्ण चांडक बोकारो चेंबर के सचिव बने

**फुसरो (आजाद सिपाही)।** बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को चास स्थित चेंबर भवन में संपन्न हुई। जिसमें आगामी सत्र 2024-26 की कमेटी का विस्तार कर पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इसमें बेरमो अनुमंडल क्षेत्र से सचिव के लिए कृष्ण कुमार चांडक के नाम का प्रस्ताव संरक्षक संजय बैद ने रखा। जिसे कार्यकारिणी ने सर्व समिति से पारित कर दिया। इस अवसर पर संरक्षक संजय बैद ने कहा कि कृष्ण चांडक व्यापारियों के हित में सदैव मुखर रहे है। इनके आने से चेंबर को मजबूती मिलेगी। वहीं, नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि चेंबर का मुख्य उद्देश व्यापारहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाना और उसका समाधान करना है। जबकि सचिव कृष्ण चांडक ने कहा कि चेंबर द्वारा दी गयी जिम्मेदारियों का इमानदारी से निर्वहन करूंगा।

## बोकारो जिला स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन

# धरातल पर दिखनी चाहिए सरकार की योजनाएं : सुनीता

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के बोकारो जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक (आत्मा) की ओर से संयुक्त जिला कृषि कार्यालय सभागार में बुधवार को खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी उमेश तिर्की और संचालन बीटीएम मोतीलाल रजक ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, जिला कृषि पदाधिकारी उमेश तिर्की और कृषि वैज्ञानिक अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में कृषि विभाग, भूमि संरक्षण, नाबार्ड की ओर से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। अपने संबोधन में सुनीता देवी ने कहा कि सरकार की योजनाएं पूरी तरह से धरातल पर दिखनी चाहिए। कार्यशाला में जितनी भी योजनाए बतायी जाती है उसमें सभी योजनाए किसानो को नहीं मिल पाता है। इसके लिए बीटीएम, एटीम एवं पैक्स के अधिकारी किसानों से सीधा संपर्क करें और योजनाओं को धरातल पर उतारने की पहल करें। वहीं, जिला कृषि पदाधिकारी उमेश तिर्की ने कहा कि कृषि कार्य को आगे बढ़ाने के लिए किसानो को प्रेरित करें। कोई भी खेत खाली नहीं रहे, इसके लिए मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार इसके लिए कई योजनाए चला रही है। वहीं, जिला कृषि कार्यक्रम पदाधिकारी लुटवरण महतो ने बताया कि सरकार मोटे अनाज के रूप में मडूवा, बाजरा और मकई लगाने पर जोर दे रही है। बाजरा की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपया प्रोत्साहन राशि देने की योजनाओं है। इसके लिए किसानों को अपना पंजीकरण प्रज्ञा केंद्र में कराना होगा। बिरसा बीज वितरण योजना, कृषि ऋण माफी योजना. मिट्टी जांच नमून, एग्री स्मार्ट ग्राम योजना जो चार प्रखंडो में चलायी जा रही है। इसके साथ ही एग्री क्लिनिक योजना है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई और केसीसी योजना किसानों के बीच के चलायी जा रही है। जिसमें प्रति एकड़ 40 हजार रुपया ऋण दिया जाता है। वहीं, एलडीएम फिल्मन बिलुग ने कहा कि नाबार्ड कृषि की उन्नति के लिए काफी कार्यक्रम चला रही है। नाबार्ड की ओर से एपीओ का गठन किया जा रहा है। उन्नत तरीके के खेती के लिए सहयोग करती है। बताया कि किसान उत्पाद समूह बनाया है, जो साल में 10 हजार एपीबो बनाने की योजना है। पूरे बोकारो में 64 एपीओ का गठन किया गया है। प्रत्येक ब्लॉक में एपिओ का होना अनिवार्य है, जिससे किसानों का सामूहिक रूप से बाजार उपलब्ध कराया जा सकता है। नौ प्रखंडो में नौ एपीओ का गठन किया जा चुका है। यह योजनाएं 2030 तक चलने वाली है। पानी पंचायत के तहत सरकारी तालाब जीर्णोद्धार की योजना है। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक अनिल कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी निशा कुल्लू, एलडीएम, बीटीएम आदि ने भाग लिया।

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Short Term e-Procurement Notice**
**Date – 24-07-2024**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/20/ 2024-25 | Upgradation of Residential Office at Residential Quarter No. -2 (Occupied by Hon'ble Chief Minister Jharkhand) at Booty Road Dindayal Nagar, Ranchi | 12044300 | Two Month |
| 2 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/21/ 2024-25 | Construction of Waiting Lounge and Meeting Room at Residential Quarter No. -2 (Occupied by Hon'ble Chief Minister Jharkhand) at Booty Road Dindayal Nagar, Ranchi | 17956100 | Two Month |
| 3 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/22/ 2024-25 | Construction of Gate Outlet & Development in the campus of Pashupalan Bhawan, Hesag, Ranchi | 14724200 | Six Month |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | 31-07-2024 at 11.00 AM | | |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | 07-08-2024 at 11.00 AM | | |
| 5 | Date/Time of Opening of Bid | 08-08-2024 at 11.00 AM | | |
| 6 | Helpline Number of e-procurement Cell | 8527519262 | | |
| 7 | e-mail ID | eebcddiv1ranchi@gmail.com | | |

Note : - Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 330548 Building(24-25)D

# बालासोर में मिसाइल टेस्टिंग के लिए 10 हजार लोग शिफ्ट किये गये

- बालासोर के 10 गांव खाली कराये गये
- 300 रुपये मुआवजा मिला, ग्रामीण नाराज

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के बालासोर में एक मिसाइल की टेस्टिंग होनी है, जिसके लिए 10 गांवों के 10 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। मिसाइल की टेस्टिंग बालासोर के चांदीपुर के इंटीग्रेटेड टेस्टिंग रेंज (आइटीआर) के लांच पैड-3 से होगी। इसके अलावा मिसाइल से जुड़ी कोई भी जानकारी डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) ने फिलहाल साझा नहीं की है। हालांकि, रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा है कि मिसाइल टेस्टिंग से पहले अलग-अलग फेज में तैयारी की जाती है। इसमें तय किया जाता है कि जमीन पर कितनी दूरी तक मिसाइल का प्रभाव पड़ेगा। इसी प्रोसेस के तहत डीआरडीओ ने ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। इसके अलावा उन्हें मुआवजे के लिए 300 रुपये भी दिये गये हैं। हालांकि ग्रामीणों ने इस पर नाराजगी जतायी है।

**गावंवालों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन:** गांववालों ने कहा है कि मुआवजा काफी कम मिल रहा है। जिला प्रशासन ने अस्थायी रूप से विस्थापित लोगों के लिए तय की गयी मुआवजे की राशि में लंबे समय से कोई बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही कहा कि लांचिंग रेंज में एक तालाब भी आता है, जहां काम करने वाले मछुआरों और खेतिहर मजदूरों को अभी मुआवजा नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि इस संबंध में बालासोर के एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है और हमारी मांगों को जल्द मानने की बात कही गयी है।

**10 हजार लोगों को अस्थायी रूप से हटाया गया:** प्रशासन ने मिसाइल लांचिंग से पहले लांच पैड के 3.5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले 10,581 लोगों को अस्थायी रूप से हटाया है। जिला प्रशासन ने हटाये जाने वाले लोगों को पहले ही बता दिया था कि आपको 24 जुलाई 2024 की सुबह चार बजे घर छोड़कर अस्थायी कैंप में जाना होगा। मिसाइल टेस्टिंग के बाद जब प्रशासन जानकारी देगा तभी वे सभी अपने घर पर वापस आ सकेंगे। प्रशासन के मुताबिक, मिसाइल लांचिंग की वजह से प्रभावित होने वाले लोगों को स्कूलों और अस्थायी टेंट में रोका गया है। राहत कैंप में रहने और खाने-पीने के लिए उचित व्यवस्था की गयी है। लोगों की मदद करने के लिए सरकारी अधिकारियों और पुलिस की तैनाती की गयी है। इन लोगों के मुआवजे की रकम इनके बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति को 300 रुपए दिये जायेंगे। वहीं, 18 साल से कम उम्र वालों को मुआवजे के तौर पर 150 रुपये दिये जायेंगे। बच्चों को 75 रुपये खाने-पीने के लिए अलग से दिये जायेंगे।

## जिंदल स्टेनलेस ने केंद्रीय बजट का स्वागत किया, कहा

# यह बजट रोजगार सृजन और कौशल मैन्युफैक्चरिंग पर केंद्रित: अभ्युदय जिंदल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टेनलेस के मैनेजिंग डायरेक्टर, अभ्युदय जिंदल ने कहा, यह एक परिपक्व, दूरदर्शी और समावेशी बजट है, जिसमें रोजगार और कौशल, मैन्युफैक्चरिंग, बुनियादी ढांचे, नवाचार और अनुसंधान और विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में, विशेष रूप से लेबर ईंटेंसिव मैन्युफैकचुरींग, एमएसएमई के लिए वित्तपोषण, मैन्युफैक्चरिंग परिवर्तन और प्रौद्योगिकी सहायता को कवर करने वाला पैकेज उन्हें वैश्विक स्तर पर बढ़ने और प्रतिस्पर्धा करने में मदद करने के लिए बहुत स्वागत योग्य है। 11.11 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 3.4% अनुमानित) के वार्षिक परिव्यय के साथ बुनियादी ढांचे में निरंतर निवेश एक विकसित भारत के लिए समग्र विकास को सक्षम बनाने की गति को बनाये रखने में मदद करेगा। साथ ही, 4 करोड़ से अधिक युवाओं को लाभान्वित करने के लिए रोजगार और कौशल के लिए प्रधानमंत्री पैकेज के रूप में 2 लाख करोड़ रुपये का सेंट्रल आउटप्ले निर्धारित करना एक मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए एक ठोस आधार बनाने में एक लंबा रास्ता तय करेगा, जो समय के साथ फलता-फूलता रहेगा। 1,000 आईटीआई का उन्नयन उद्योगों के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों की आपूर्ति बढ़ाने में भी मदद करेगा। पहले से ही, जिंदल स्टेनलेस में, हम उद्योग-अकादमिक सहयोग को गहरा करने के साथ-साथ एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित और अपस्किलिंग करना सर्वोपरि मानते हैं जो स्टेनलेस स्टील, विशेष रूप से डाउनस्ट्रीम के बारे में जागरूकता और उचित अपनाने को बढ़ावा देता है। हम फेरो निकल पर शुल्कों में छूट देने, फेरस स्क्रैप और शुद्ध निकल पर शून्य शुल्क जारी रखने का स्वागत करते हैं और इससे घरेलू स्टेनलेस स्टील उद्योग और मिश्र धातु इस्पात उद्योग को अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बनायें रखने में मदद मिलेगी। नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरीडोर डेवलपमेंट के तहत 12 इंडस्ट्रियल पार्कों को मंजूरी देने के निर्णय से लोहा और इस्पात जैसे बड़े और भारी मैन्युफैकचुरींग क्षेत्रों में अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सुविधाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। फिर से, न्यूक्लियर टेक्नालजी में अनुसंधान और विकास के लिए सरकार का जोर एक स्वागत योग्य कदम है; यह ऊर्जा पर निर्भर क्षेत्रों को स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त करने में मदद करेगा, जिससे यूरोपीय संघ जैसे उत्सर्जन-संवेदनशील बाजारों में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी।

# इंटर-जोनल हॉकी टूर्नामेंट शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनश्वर।** 53वें अखिल भारतीय एफसीआई इंटर-जोनल हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन 23 जुलाई को किट स्टेडियम भुवनश्वर में विजय पराशर मुख्य महाप्रबंधक द्वारा स्टेडियम, भुवनेश्वर (पूर्व) की गरिमामयी उपस्थिति में बीरेंद्र लाकड़ा, डीएसपी (ओडिशा पुलिस), क्षेत्रमयुम तोइबा सिंह, पूर्व डीजीएम (सामान्य) एफसीएल, ओलंपियन, अमित भूषण, जीएम (ओडिशा/बिहाफल एफसीआईआई) आरएसपीसी, ओडिशा के अध्यक्ष। छह टीमें अर्थात एफसीआई पूर्वी क्षेत्र, एफसीआई पश्चिम क्षेत्र, एफसीआई उत्तरी क्षेत्र, एफसीआई दक्षिण क्षेत्र, एफसीआई उत्तर पूर्व क्षेत्र और एफसीआई मुख्यालय 23 से 27 जुलाई 2024 तक टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

आज का उद्घाटन मैच एफसीआई नॉर्थ जोन और एफसीआई ईस्ट जोन के बीच खुला गया, जिसमें एफसीआई नॉर्थ जोन ने 4-1 जीत दर्ज की जबकि दूसरा मैच एफसीआई मुख्यालय और नॉर्थ ईस्ट टीम के बीच खेला गया जिसमें एफसीआई मुख्यालय ने 8-2 से जीत दर्ज की।

# गया के शेरघाटी कोर्ट में फायरिंग

## हत्याकांड का आरोपी और पुलिसकर्मी घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गया।** शेरघाटी कोर्ट में गोलीबारी हुई है। अपराधियों ने लोक जनशक्ति पार्टी (पारस गुट) के नेता अनवर अली खान हत्याकांड के मुख्य आरोपी फोटो खान को गोली मार दी। इतना ही नहीं, पुलिसकर्मी ने अपराधियों को पकड़ने की कोशिश की, तो एक पुलिसकर्मी को भी अपराधियों ने गोली मार दी। पुलिसकर्मी के हाथ में गोली लगी है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गयी। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और घायलों पुलिसकर्मी और हत्यारोपी को अस्पताल में भर्ती करवाया।

**पूर्व से घात लगाये अपराधियों ने गोलीबारी की:** पुलिस के अनुसार अनवर अली खान हत्याकांड के मुख्य आरोपी फोटो खान की बुधवार को कोर्ट में पेशी होनी थी। इसी दौरान पूर्व से घात लगाये अपराधियों ने गोलीबारी की। अपराधियों की तलाश में छापेमारी चल रही है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**पांच अपराधी कोर्ट परिसर में घुसे थे :** इधर कोर्ट परिसर में फायरिंग करने वाले अपराधियों की संख्या करीब पांच बतायी जा रही है। हथियारबंद अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग करते हुए कोर्ट रूम से बाहर निकल रहे हत्याकांड के आरोपी गोली मारकर जख्मी कर दिया। उसके साथ रहे सिपाही केदार भगत को भी दायें हाथ में गोली लगी। फायरिंग करते हुए बदमाश पैदल ही कोर्ट कैंपस से बाहर भाग निकले। कुछ दूरी तक लोगों ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन बदमाश लोगों की पकड़ से दूर हो गये।

**गोलीबारी के बाद कोर्ट परिसर में मची भगदड़ :** घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बुधवार को दोपहर जेल से नेता अनवर खान हत्याकांड के मुख्य आरोपी फोटो खान को कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। पेशी के बाद कोर्ट रूम से बाहर निकलकर जा रहा था। इसी दौरान पूर्व से घात लगाये अपराधी गोलीबारी करने लगे। इसमें फोटो खान और सिपाही केदार भगत के दाएं हाथ में गोली लगी। फायरिंग देख सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह जान बचाकर फोटो खान को बचाया। वारदात के बाद अपराधी फायरिंग करते हुए मेन गेट से अलग-अलग दिशा में भागने लगे। सुरक्षा कर्मियों और लोगों ने अपराधियों का पीछा किया। अचानक हुई फायरिंग के बाद कोर्ट कैंपस में भगदड़ गच गयी। लोग इधर-उधर भाग लगे। कोर्ट कैंपस में तैनात सुरक्षाकर्मी और लोगों ने मेन गेट तक अपराधियों का पीछा भी किया। लेकिन, अपराधी हथियार लहराते हुए तेजी से पैदल अलग-अलग दिशा में भाग निकले। बता दें कि लोजपा पशुपति पारस पार्टी के नेता अनवर अली खान की पिछले 27 सितंबर को गोली मारकर हत्या हुई थी। फोटो खान इस मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया था।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE
CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE
ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA
MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसार संख्या-25299 दिनांक- 18.08.2023, मैं संतोष कुमार, पिता-सुरेश साव, उम्र- करीब 41 वर्ष ग्राम-झाबर, पो०-झाबर, थाना- बालुमाथ, जिला-लातेहार, राज्य- झारखण्ड, राष्ट्रीयता भारतीय निम्नलिखित बातों का शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ किः- 1. यह कि मैं उपरोक्त ग्राम का स्थायी एवं मूल निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा पुत्र का हैं आधार कार्ड नं0- 7562 2663 1338 एवं नाम अंसु राज है जो नाम गलत है। 3. यह कि जन्म प्रमाण पत्र मे जन्म नाम अनिवेश कुमार है जो सही हैं। 4. यह कि मेरा पुत्र का आधार कार्ड मे नाम सुधार करवाना है। यह कि मैं उक्त पुत्र का आधार कार्ड मे नाम सुधारने हेतु यह शपथ पत्र कर रहा हूँ। मैं संतोष कुमार हलफन एकरार करता हूँ। कि उपर लिखे गये सारी बाते मेरे जानकारी में सही, सत्य वो दुरुस्त है।

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

# महत्वपूर्ण खनिज वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण : सीइओ जॉन स्लेवन

- वेदांता एल्युमीनियम ने नीति आयोग के साथ साझेदारी में रेड मड उपयोग पर रणनीतिक सत्र की मेजबानी की

आजाद सिपाही संवाददाता



**झारसुगुड़ा।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने नीति आयोग और प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों के साथ साझेदारी में हाल ही में एल्युमीनियम बनाने के लिए बॉक्साइट शोधन प्रक्रिया में एक प्रमुख उपोत्पाद, रेड मड के टिकाऊ अनुप्रयोगों की पहचान करने के लिए एक उच्च स्तरीय हितधारक बैठक की मेजबानी की। नीति आयोग और वेदांता के विशेषज्ञों के साथ राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) और खनिज और पदार्थ प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएमएमटी) के वैज्ञानिक और विषय विशेषज्ञ भी शामिल हुए। धातु मूल्यों के निष्कर्षण और अवशेष उपयोग के लिए लाल मिट्टी के समग्र उपयोग के लिए प्रौद्योगिकी विकास नामक परियोजना के लिए निगरानी और संचालन समिति की 8वीं संयुक्त बैठक में विशेषज्ञ एकत्रित हुए। एल्युमिनियम के लिए प्राथमिक अयस्क बॉक्साइट, एल्युमिना का उत्पादन करने के लिए बेयर प्रक्रिया के रूप में जानी जाने वाली एक मध्यवर्ती शोधन अवस्था से गुजरता है, जिसे फिर एल्युमिनियम का उत्पादन करने के लिए इलेक्ट्रोलिसिस के अधीन किया जाता है। एल्युमिना शोधन अवस्था में बॉक्साइट अवशेष उत्पन्न होता है, जिसे आमतौर पर लाल मिट्टी के रूप में जाना जाता है।

इस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा, महत्वपूर्ण खनिज वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो बदले में हमारे ग्रह के लिए एक स्थायी भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। भारत में वर्तमान में इन खनिजों के प्राथमिक स्रोतों की कमी है। इन द्वितीयक संसाधनों का दोहन करके, वेदांता एल्युमीनियम नवाचार का नेतृत्व कर रहा है और भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रहा है। परियोजना की सफलता में वेदांता के योगदान पर बोलते हुए नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. सरवणभवन ने कहा, ओडिशा में भारत के बॉक्साइट भंडार का लगभग 50% हिस्सा है, इसलिए एल्युमीनियम उद्योग की उन्नति के लिए रेड मड के प्रभावी संचालन, भंडारण, उपयोग और प्रबंधन का विकास आवश्यक है। मैं वेदांता और सभी सहयोगी भागीदारों को रेड मड के व्यापक उपयोग पर शोध करके उससे मूल्य निकालने के लिए उनके सामूहिक प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। यह प्रयास अनुसंधान और नवाचार में एक महत्वपूर्ण सफलता साबित होने का वादा करता है, जिससे दुनिया भर की प्राथमिक एल्युमीनियम कंपनियों को बहुत लाभ होगा।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा
कचहरी चौक, राँची
4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**